# दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 — कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 25 | जयपुर | बुधवार, 27 नवम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष द्वादशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


# संविधान हमारी हर जरूरत और अपेक्षा पर खरा उतरा, यही हमारा मार्गदर्शक : पीएम मोदी





बढ़ता राजस्थान

**जम्मू ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संविधान दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहाकि हर देशवासी का लक्ष्य विकसित भारत है। पीएम ने कहाकि संविधान भारत को रास्ता दिखा रहा है। संविधान दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाकि आप सभी को संविधान दिवस की बधाई। भारत के संविधान का ये 75वां साल पूरे देश के लिए एक असीम गौरव का विषय है। आज मुंबई में हुए आतंकी हमले की भी बरसी है इस हमले जिनकी मृत्यु हुई उनको मैं श्रद्धांजलि देता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहाकि जम्मू-कश्मीर में संविधान अब पूरी तरह लागू हुआ, वहां पहली बार संविधान दिवस मनाया गया। पीएम मोदी ने कहाकि मैं देश का यह संकल्प भी दोहराता हूं कि भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाले हर आतंकी संगठन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहाकि हमारा संविधान, हमारे वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक है। बीते 75 साल में देश के सामने जो भी चुनौतियां आई हैं। हमारे संविधान ने हर उस चुनौती का समाधान करने के लिए उचित मार्ग दिखाया है...संविधान से मिली शक्ति की वजह से ही आज जम्मू-कश्मीर में भी बाबा साहब का संविधान पूरी तरह लागू हुआ है।

### भारत के नागरिकों की जरूरतें बदलेंगी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे संविधान निर्माता ये जानते थे कि भारत की आकांक्षाएं, भारत के सपने समय के साथ नई ऊंचाई पर पहुंचेंगे। वो जानते थे कि आजाद भारत की और भारत के नागरिकों की जरूरतें बदलेंगी, चुनौतियां बदलेंगी। इसलिए उन्होंने हमारे संविधान को महज कानून की एक किताब बनाकर नहीं छोड़ा... बल्कि इसको एक जीवंत, निरंतर प्रवाहमान धारा बनाया।

### अब न्याय व्यवस्था बदल चुकी

पीएम मोदी ने कहा कि भारतीयों को त्वरित न्याय मिले, इसके लिए नई न्याय संहिता लागू की गई है। दंड आधारित व्यवस्था अब न्याय आधारित व्यवस्था में बदल चुकी है। पिछले 10 वर्षों में 53 करोड़ से ज्यादा ऐसे भारतीयों का बैंक खाता खुला है, जो बैंक के दरवाजे तक नहीं पहुंच पाते थे।

### पीएम बोले - हर किसी का रखा ध्यान

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, 4 करोड़ ऐसे भारतीयों को पक्का घर मिले हैं, जो कई कई पीढ़ियों से बेघर थे। पिछले 10 वर्षों में 10 करोड़ से ज्यादा ऐसी महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन मिला है, जो वर्षों से अपने घर में गैस पहुंचने का इंतजार कर रही थी।

## सबसे पवित्र ग्रंथ, संविधान दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बोलीं- भारत ही लोकतंत्र की जननी

नई दिल्ली। संविधान दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यह देश के लिए सबसे पवित्र ग्रंथ है। उन्होंने कहा कि भारत ही लोकतंत्र की जननी है। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा, आज के ही दिन संविधान निर्माण का बहुत बड़ा कार्य संपन्न हुआ। उस दिन हम भारत के लोगों ने एक संविधान को अपनाया और आत्मसात किया। हमारा संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। हमारी सामूहिक और व्यक्तिगत स्वाभिमान को सुनिश्चित करता है। आज कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से मैं संविधान सभा के सदस्यों को श्रद्धांजलि देती हूं। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ.राजेंद्र प्रसाद और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने संविधान निर्माण का मार्गदर्शन किया। उन्होंने समावेशी सोच की छाप हमारे संविधान में अंकित किया। उन्होंने कहा, स्पष्ट होता है कि भारत लोकतंत्र की जननी है। आपने लोकतंत्र को गौरव की इसी भावना के साथ इस विसेष अवसर पर एकत्र हुए हैं. यह अवसर संविधान सभा की 15 महिला सदस्यों को याद करने का भी है। उन अधिकारियों के अमूल्य योगदान को भी याद करना चाहिए जिन्होंने नेपथ्य में रहकर काम किया। उनमें प्रमुख भूमिका बीएम राव की थी जो संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार थे। राष्ट्रपति ने कहा स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने पर सभी देशवासियों ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाया है। आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। ऐसे समारोह हमारी एकता को मजबूत बनाने की और यह दर्शाते हैं कि राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में हम एक साथ हैं। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान विभूतियों ने आदर्श रेखांकित किया। संविधान सभा में सभी प्रांतों और क्षेत्रों की प्रतिनिधित्व से अखिल भारतीय चेतना को बल मिला है। आज जिन पुस्तकों का विमोचन किया गया तथा जो शॉर्ट फिल्म दिखाई गई उनमें संविधान निर्माण के गौरव के इतिहास का परिचय प्राप्त होगा। भारत का संविधान मेधावी लोगों द्वारा तीन वर्ष के विचार विमर्श का परिणाम था। यह हमारे लंबे स्वतंत्रता संग्राम का परिणाम था। उन आदर्शों को संविधान की प्रस्तावना में व्यक्ति किया है। ये आदर्श, न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व है। इसमें उल्लिखिति आदर्श एक दूसरे के पूरक हैं और ऐसा वातावरण उपलब्ध करवाते हैं जिससे नागरिकों को समाज में योगदान देने का अवसर मिलता है।

## कांग्रेस के कार्यक्रम में राहुल गांधी का माइक बंद

### 6 मिनट बाद ऑन हुआ तो बोले- जो दलितों की बात करेगा, उसका माइक बंद होगा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने कहा कि जहां हमारी सरकार आएगी, वहां जाति जनगणना कराएंगे। हम ये तेलंगाना में कर रहे हैं। राहुल ने ये बात दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस के संविधान रक्षक कार्यक्रम के दौरान कही। नेता प्रतिपक्ष के भाषण के दौरान उनका माइक बंद हो गया। राहुल का माइक जब 6 मिनट बाद ऑन हुआ तो उन्होंने कहा कि जो दलितों की बात करेगा, उसका माइक बंद होगा। अगर हिंदुस्तान की जनगणना को देखें तो 15% दलित, 15% अल्पसंख्यक हैं, लेकिन पिछड़े वर्ग के कितने हैं, ये नहीं पता। पिछड़ा वर्ग 50% से कम नहीं है। हिंदुस्तान की 90% आबादी इन्हीं वर्गों से है।

### राहुल के भाषण की खास बातें...

**1. माइक बंद कर दो, फिर भी बोलता रहूंगा**-राहुल ने कहा कि जो भी इस देश में 3 हजार साल से दलितों की, आदिवासियों की बात करता है, उसका माइक ऑफ हो जाता है। काफी लोग आए, कहने लगे जाकर बैठ जाइए, मैंने कहा कि मैं खड़ा रहूंगा। मैंने कहा कि माइक जितना ऑफ करना है करो, मैं खड़ा रहूंगा।

**2. पूरा सिस्टम दलितों-पिछड़ों-आदिवासियों के खिलाफ खड़ा है**-यहां रोहित वेमुला जी की तस्वीर है पीछे, वे बोलना चाहते थे, उन्हें चुप करा दिया गया। हर दिन आदिवासी, दलित, पिछड़े वर्ग का युवा सपना देखता है, मैं डॉक्टर-इंजीनियर बनूं, मीडिया में जाऊं, अफसर बनू, लेकिन सच्चाई यह है कि देश का पूरा सिस्टम पिछड़ों-दलितों-आदिवासियों के खिलाफ खड़ा हुआ है।

## पाकिस्तान में पीएम आवास के करीब पहुंचे इमरान समर्थक



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर रविवार को शुरू हुआ प्रदर्शन हिंसक हो गया है। पाकिस्तानी वेबसाइट द डॉन के मुताबिक इमरान खान के सैकड़ों समर्थक इस्लामाबाद में डी चौक पर पहुंच गए हैं। पुलिस उन्हें रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दाग रही है। इसके जवाब में प्रदर्शनकारी पुलिस और सेना पर पत्थर फेंक रहे हैं। डी चौक इस्लामाबाद का सबसे हाई प्रोफाइल इलाका है। राष्ट्रपति भवन, पीएम ऑफिस, संसद भवन और सुप्रीम कोर्ट इसी इलाके में हैं। इससे पहले सेना ने शिपिंग कंटेनर रखकर राजधानी पहुंचने वाले हाईवे को ब्लॉक कर दिया था, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने लिफ्टिंग मशीन और कई भारी मशीनों की मदद से बैरिकेड्स तोड़ दिए। प्रदर्शनकारियों ने श्रीनगर हाईवे पर सुरक्षाबलों पर गाड़ियां चढ़ा दीं, जिसमें कुचलकर 4 सैनिक और 2 पुलिसकर्मी मारे गए।

## विश्वराज सिंह, महिमा कुमारी समेत 5 को हाईकोर्ट का नोटिस

### राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी को भी किया तलब, 16 दिसंबर को होगी सुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( एजेंसी )।** राजसमंद सांसद महिमा कुमारी, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी सहित 5 लोगों को राजस्थान हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। जिसकी अगली सुनवाई 16 दिसम्बर को होगी।

**23 जुलाई को दर्ज की गई चुनाव याचिका**-दरअसल गत लोकसभा चुनाव को लेकर याचिका कर्ता एडवोकेट जितेंद्र कुमार खटीक ने 8 जुलाई 2024 को हाईकोर्ट की जोधपुर बैंच में राजसमंद सांसद, नाथद्वारा विधायक, राजसमंद विधायक, रिटर्निंग अधिकारी, मुख्य चुनाव अधिकारी, आयुक्त व वी-मार्ट मॉल के खिलाफ चुनाव याचिका पेश की, जो 23 जुलाई को दर्ज की गई।

**झूठा और गलत शपथ-पत्र पेश करने का आरोप**-याचिका में आरोप लगाया गया कि लोकसभा चुनाव में नामांकन गलत तरीके से स्वीकार करने को लेकर झूठा और गलत शपथ-पत्र पेश किया गया। इस संदर्भ में हाईकोर्ट जोधपुर ने 25 नवम्बर को सांसद, विधायक, विमार्ट मॉल सहित कुल 5 लोगों को नोटिस जारी किए है। याचिका में राजसमंद के एडवोकेट जितेंद्र कुमार खटीक ने खुद पैरवी की।



विश्वराज सिंह, नाथद्वारा विधायक | दीप्ति माहेश्वरी, राजसमंद विधायक | महिमा कुमारी, राजसमंद सांसद

## महाराष्ट्र में सीएम का ऐलान नहीं, अब भाजपा पर्यवेक्षक भेजेगी

### विधायकों से रायशुमारी करके नाम घोषित करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आने के 3 दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो सका। इसके लिए भाजपा आज या कल पर्यवेक्षक भेजेगी, जो विधायकों से रायशुमारी करके सीएम के नाम का ऐलान करेंगे।

उधर, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उनको अपना इस्तीफा सौंपा। इस दौरान डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी मौजूद थे। विधानसभा का कार्यकाल आज यानी 26 नवंबर तक ही है। नए मुख्यमंत्री के शपथ की तारीख तय नहीं है। तब तक शिंदे ही कार्यवाहक सीएम रहेंगे। शिंदे 28 जून 2022 से 26 नवंबर 2024 तक सीएम रहे।

शिंदे के इस्तीफे के बाद भाजपा विधायकों की मुंबई में बैठक बुलाई गई है। इसमें फडणवीस को नेता चुना जाएगा। इसके बाद सह्याद्रि गेस्ट हाउस में शिंदे, फडणवीस और अजित प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकते हैं। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नए मुख्यमंत्री के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम लगभग फाइनल हो चुका है। आज ही उनके नाम की आधिकारिक घोषणा हो सकती है।



## सोने और चांदी की कीमत में आई बड़ी गिरावट

### 3 दिन में सोना 2500 और चांदी 2600 रुपए हुई सस्ती

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई स्थिरता के बाद एक बार फिर सोने और चांदी की कीमत में गिरावट का सिलसिला शुरू हो गया है। भारतीय बाजार में पिछले तीन दिनों में जहां स्टैंडर्ड सोने की कीमत 2500 रुपए घटकर 77 हजार 800 रुपए प्रति 10 ग्राम की कीमत पर पहुंच गई है। वहीं प्रति किलो चांदी की कीमत में 2600 रुपए की कमी आई है। इसके बाद जयपुर सर्राफा बाजार में 1 किलो चांदी की कीमत महज 90 हजार 900 रुपए पर आ गई है। जयपुर सर्राफा एसोसिएशन के राहुल सोनी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूती आने के साथ ही सोने और चांदी की डिमांड कम हुई है। इसके साथ ही शेयर बाजार में भी पहले के मुकाबले तेजी का दौर देखने को मिल रहा है।

## याचिकाकर्ता ने कहा- ईवीएम नहीं, बैलट से चुनाव हो

### सुप्रीम कोर्ट बोला- पार्टियों को दिक्कत नहीं, आपको है: ऐसे आइडिया कहां से लाते हैं

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलेक्शन में बैलेट पेपर वोटिंग सिस्टम को दोबारा शुरू करने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा- ईवीएम से पार्टियों को दिक्कत नहीं है, आपको क्यों है। ऐसे आइडिया कहां से लाते हो।

इस पर याचिकाकर्ता केए पॉल ने कहा- चंद्रबाबू नायडू और वाईएस जगन मोहन रेड्डी जैसे नेताओं ने भी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से छेड़छाड़ पर सवाल उठाए हैं। बेंच ने कहा, चंद्रबाबू नायडू या जगन मोहन रेड्डी जब चुनाव हारते हैं तो कहते हैं कि ईवीएम से छेड़छाड़ होती है और जब वे जीतते हैं तो वे कुछ नहीं कहते हैं।

हम इसे कैसे देख सकते हैं। हम इसे खारिज कर रहे हैं। ये वो जगह नहीं है जहां आप इस सब पर बहस करें। आप इस राजनीतिक क्षेत्र में क्यों आ रहे हैं? आपका कार्य क्षेत्र बहुत अलग है। बता दें कि पॉल ऐसे संगठन के अध्यक्ष हैं, जिसने 3 लाख से अधिक अनाथों और 40 लाख विधवाओं का रेस्क्यू किया है।

अमेरिका जैसे देशों में भी बैलेट पेपर से वोटिंग याचिकाकर्ता केए पॉल ने इलॉन मस्क की टिप्पणियों का संदर्भ दिया जिन्होंने सुझाव दिया था कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है। ईवीएम लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा- मैंने 150 से अधिक देशों का दौरा किया है और अधिकांश ने बैलेट पेपर वोटिंग को अपनाया है। पॉल ने कहा कि मेरा मानना है कि भारत को भी यही तरीका अपनाना चाहिए।

इस पर बेंच ने कहा कि आप दूसरे देशों से अलग क्यों नहीं होना चाहते हैं। याचिकाकर्ता केए पॉल ने बेंच से चुनाव आयोग को निर्देश देने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान वोटर्स को पैसा, शराब और दूसरी चीजों का लालच देने का दोषी पाए जाने पर ऐसे उम्मीदवारों को कम से कम पांच साल के लिए अयोग्य घोषित किया जाए। 17 अक्टूबर- हरियाणा चुनाव से जुड़ी कांग्रेस की याचिका खारिज हुई थी 16 अक्टूबर को कांग्रेस की ओर से प्रिया मिश्रा और विकास बंसल ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान 20 सीटों पर वोटिंग-काउंटिंग में गड़बड़ी के आरोप लगाकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि चुनाव आयोग ने ईवीएम से हरियाणा में चुनाव कराए हैं। उसी के आधार पर रिजल्ट भी घोषित किए, मगर कुछ ईवीएम 99 प्रतिशत बैटरी क्षमता पर काम कर रही थीं, जबकि कुछ 60-70 और 80 प्रतिशत से कम बैटरी क्षमता पर काम कर रही थीं। कुछ ईवीएम में काउंटिंग वाले दिन भी 99 प्रतिशत बैटरी थीं। 17 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि ऐसी याचिका दायर करने पर आप पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है। आप कागजात सौंपिए, हम देखेंगे।







सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# संविधान दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का हुआ आयोजन

## एसएसजी पारीक पीजी कॉलेज में जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, जयपुर के तत्वावधान में हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** संविधान दिवस के अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, जयपुर के तत्वावधान में जिला स्तरीय प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एसएसजी पीजी पारीक कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री देवेन्द्र कुमार जैन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अतिथियों एवं युवाओं ने सभागार में प्रदर्शित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा संविधान निर्माण करने वाले तथा इसमें योगदान देने वाले देश के पुरोधाओं को याद किया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ श्री धमेन्द्र चौधरी एवं सुप्रिया अग्रवाल ने विद्यार्थियों को भारत के संविधान की बारीकियों और विशेषताओं से रूबरू करवाया। संगोष्ठी के पश्चात संविधान से जुड़े रोचक प्रश्नों की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सवालों के सही जवाब देने वाले विजेता विद्यार्थियों को राजस्थान सरकार की प्रमाणिक एवं प्रतिष्ठित मासिक पत्रिका 'राजस्थान सुजस' की प्रति पुरस्कार के तौर पर प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि संविधान का अर्थ है समविधान अर्थात जो सभी के लिए एक समान नियमावली प्रस्तुत करें और सभी के हितों की रक्षा करें। ऋग्वेद में उल्लेख है कि सर्वप्रथम जन एवं जनपदों के लिए सभा, समिति और विदथ का गठन किया गया और इसके लिए नियमावली बनाई गई। उन्होने कहा कि किसी शासन व्यवस्था के लिए विधान निर्माण का यह सबसे पहला उदाहरण है। समय के साथ आवश्यकतानुसार विधान बदलते गए। हमारे देश का संविधान 60 देशों के संविधान से अच्छी बातों के चयन कर बनाया गया है। यह अपने आप में कठोर एवं लचीलेपन का शानदार मिश्रण है जो देश के सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है। आयोजन में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक हेत प्रकाश शर्मा, एसएसजी पारीक पीजी महाविद्यालय के आचार्य एन.एम. शर्मा, उपाचार्य डॉ. अंजू पारीक ने शिरकत की। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक जनसंपर्क अधिकारी नरेन्द्र सिंह शेखावत ने किया। तो वहीं, अतिरिक्त लेखाधिकारी प्रथम राजेश चन्द्र भीमवाल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी श्री जितेन्द्र कसाना सहित अन्य अधिकारियों एवं महाविद्यालय के शिक्षकगणों के साथ-साथ सैकड़ों विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने संविधान से जुड़े रोचक सवालों के दिये जवाब**





# दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत ने मंडल रेल प्रबंधक को दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर 34 करोड़ की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य के निरीक्षण के लिए पधारे मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार को दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत के अध्यक्ष अशोक वासदेव के नेतृत्व में दैनिक रेलयात्रियों ने विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। उन्होंने ज्ञापन में भोपाल-जयपुर,जयपुर-भोपाल ट्रेन 19711 ,19712 ट्रेन रेल प्रशासन द्वारा 29 नवंबर से कनकपुरा स्टेशन से चलने का प्रस्ताव लिया गया है,दैनिक रेल यात्री अत्यधिक संख्या में प्रतिदिन इसमें यात्रा करते हैं यह ट्रेन रेल प्रशासन द्वारा लगभग डेढ़ महीने तक कनकपुरा से संचालित करने का प्रस्ताव है संघ द्वारा मांग की गई कि इस ट्रेन को जयपुर से या खातीपुरा स्टेशन से चलाया जाए। जिससे रोजी रोटी के लिए आने वाले दैनिक रेल यात्रियों को आने-जाने में समस्या ना हो। साथ ही अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है,जिससे दैनिक रेल यत्रियों वह आम यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर आने-जाने में काफी समस्याओं सामना करना पड़ रहा है। इस मौके भारत भूषण शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# अनुजा निगम का सहायक सांख्यिकी अधिकारी सात हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की भरतपुर टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए अनुजा निगम भरतपुर के सहायक सांख्यिकी अधिकारी नीरज शर्मा को परिवादी से सात हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की भरतपुर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि अनुजा निगम से स्वीकृत 50 हजार रुपये के अनुदान राशि को उसके खाते में डालने की एवज में अनुजा निगम का सहायक सांख्यिकी अधिकारी नीरज शर्मा 25 हजार रुपये रिश्वत मांग रहा है। जिस पर एसीबी भरतपुर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए अनुजा निगम का सहायक सांख्यिकी अधिकारी नीरज शर्मा को सात हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।



# तारपुरा राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में जांच सुविधाओं का अभाव, आम जन परेशान

बढ़ता राजस्थान

**तारपुरा(नि.स.)।** राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय केंद्र में सुविधाओं का अभाव होने के कारण लोगों को इलाज नहीं मिल रहा है। सामुदायिक चिकित्सालय होने के बाद भी यहां पर जांच सुविधाओं का भारी अभाव है। इस चिकित्सालय में न तो संपूर्ण ब्लड की जांच सुविधा है और ना हीं एक्स-रे मशीन है अन्य प्रकार की गई जांच सुविधाओं का भी अभाव है । ग्राम पंचायत तारपुरा की आबादी लगभग 15 हजार के आसपास है गांव के लोग इलाज के लिए इस चिकित्सालय पर ही आश्रित है । लेकिन जांच सुविधाओं की भारी कमी होने के कारण लोगों को मजबूरन प्राइवेट हॉस्पिटल या जिला मुख्यालय सरकारी चिकित्सालय में जाना पड़ता है या पास के गांव के सामुदायिक चिकित्सालय गंगारा, खिरोड़ जाना पड़ता है । गांव के लोगों का कहना है कि इलाज के लिए चिकित्सालय में जाते हैं लेकिन जांच सुविधा नहीं होने के कारण लोगों को निराश लौटना पड़ता है। नेमीचंद ,खेदड़, जगदीश ,खरबस कैलाश ,नारायण शर्मा ,महेंद्र जांगिड़ ,सुल्तान बड़ोदिया ,भंवर लाल वार्ड पंच सहीत वार्ड पंचों का कहना है कि ग्राम पंचायत की बैठक व ग्राम सभा में भी इस चिकित्सालय में सुविधाओं को लेकर कई बार प्रस्ताव पारित किया जा चुके हैं और जिला प्रशासन को भी लिखा जा चुका है ग्रामीणों द्वारा जनप्रतिनिधियों से भी मांग की जा चुकी है कि इस चिकित्सालय में जांच सुविधाओं की कमी है जिससे आम जन परेशान है । गांव की सरपंच संतरा देवी ने बताया कि गांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होते हुए भी ग्रामीणों को इलाज के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है । इस चिकित्सालय में गायनिक चिकित्सा नहीं होने के कारण इसी इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच सुविधा नहीं होने के कारण लोगों को भारी परेशानी रहती है । संपूर्ण ब्लड जांच, सीबीसी मशीन ,एक्स-रे मशीन के लिए जिला कलेक्टर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वेतन प्रतिनिधियों को कई बार अवगत करवाया गया है। जिला स्तरीय जनसुनवाई ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में भी ग्राम पंचायत तारपुरा द्वारा लिखित में ज्ञापन देकर भी जांच सुविधाओं को पूरी करने की मांग की है । लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई । ग्राम पंचायत तारपुरा द्वारा चिकित्सालय में जांच सुविधाओं की मांग को लेकर बार-बार ज्ञापन देकर भी अवगत करवाया जा रहा है । लेकिन जांच सुविधा पूर्ण नहीं हो रही है । सरपंच द्वारा प्रेम सिंह बाजोर सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष राजस्थान सरकार जयपुर को जनसुनवाई में सामुदायिक चिकित्सालय में सीबीसी व एक्स-रे मशीन लगवाने की मांग की । बाजोर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीकर को दुरभाष पर चिकित्सालय में जांच सुविधाओं की कमी को पूर्ण करने का निर्देश दिया।



# डीआरएम ने किया फुलेरा स्टेशन एवं निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** जयपुर मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार ने रेल अधिकारियों के साथ मंगलवार को फुलेरा रेलवे स्टेशन पर 34 करोड़ रुपए की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बन रहे कार्यालयों (निर्माणाधीन बिल्डिंग), हलवाई बाजार गेट,पार्किंग, रेलवे सामुदायिक भवन,रेलवे ईको रनिंग रूम,ओवरब्रिज का निरीक्षण करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर सीनियर डीएसटीई किशन स्वरूप, एडीआरएम संजीव दीक्षित,सीनियर डीएमई अरुण कुमार,सीनियर डीएन महेश कुमार मीणा,सीनियर डीसीएम के.के मीणा, एडीएसो राधामोहन,सीनियर डीईई शिवराज सीएलआई लोकेंद्र सिंह,स्टेशन अधीक्षक सतीश कुमार, रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक राजेश सिंह,जीआरपी थाना प्रभारी गुलजारी लाल सहित अन्य रेल अधिकारी मौजूद थे।

# भारतीय संविधान हमारा गौरव मय मार्गदर्शक ग्रंथ

## ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन ने किया संविधान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन की ओर से संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय संविधान की विशेषताओं और उपलब्धियां पर चर्चा की गई। साथ ही यह विचार व्यक्त किए गए कि भारतीय संविधान हमारे देश का गौरवमय मार्गदर्शक ग्रंथ है। कार्यक्रम के प्रारंभ में ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन के प्रमोद शर्मा ने संविधान दिवस कार्यक्रम का परिचय प्रस्तुत किया। झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति कार्यालय में हुए इस कार्यक्रम को समन्वयक डॉ. वर्तिका अरोड़ा (संस्थापक प्राचार्य, राजस्थान स्कूल आफ ला फोर विमेन ने संबोधित करते हुए कहा कि अगर हमे हमारे संविधान को गहराई से समझना है तो संविधान सभा की बहस को समझना जरूरी है। इसमें हर शब्द पर चर्चा की गई। टिप्पणियां और आलोचना की गई और सुझाव भी दिए गए। इस कार्यक्रम में कनोडिया स्कूल आफ लॉ की छात्राओं दानिश रोशन, निहारिका, जोया खान, शिरीन खान, ग्राम्या कुमावत ने और बियानी लॉ कॉलेज की खुशी शेखावत, खुशी शर्मा, अपूर्वा और नौशीन खान ने भी अपने विचार व्यक्त किए और संवैधानिक जागरूकता को बढ़ाने पर जोर दिया। संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ.शरद कुमार व्यास, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश - सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू ने ऑनलाइन शामिल होकर कहा कि विविधता से संपन्न भारत को हमारा संविधान समान रूप से एकता में रखता है। इस संविधान दिवस को मनाना जरूरी है कि इसने हमारे देश को विधि शासित देश बनाया है। हमें हमारे संविधान पर गर्व किए जाने की आवश्यकता है। हमारे देश में विकसित हो रहा संविधानवाद हमें विकसित भारत की ओर अग्रसर कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन इंडिक स्कूल ऑफ ज्यूरिस्प्रूडेंस के डॉ. राजेश मेठी ने किया। इस अवसर पर राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति के राजेंद्र बोड़ा सहित हरचंद राम, डॉक्टर कैलाश, एडवोकेट रमन नंदा आदि उपस्थित रहे।



# एवीवीएनएल का मीटर रीडर-ग्रेड द्वितीय 5 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की अजमेर टीम ने मंगलवार को कार्यालय सहायक अभियंता किशनगढ़ ग्रामीण अजमेर और विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अजमेर मीटर रीडर-ग्रेड द्वितीय नन्दलाल चौधरी को पांच हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की अजमेर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि कृषि भूमि पर स्थित पोल्ट्री फार्म के लिए विद्युत कनेक्शन की फाइल पास करवाने की एवज में एवीवीएनएल का मीटर रीडर-ग्रेड द्वितीय नन्दलाल चौधरी पांच हजार रुपए रिश्वत मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी की अजमेर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए एवीवीएनएल का मीटर रीडर-ग्रेड द्वितीय नन्दलाल चौधरी पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।



# कार सवार बदमाशों ने किया युवक का अपहरण

## पुलिस को देखकर छोड़ भागे बदमाश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** शिप्रापथ थाना इलाके में कार सवार 4-5 बदमाशों एक युवक को अगवा कर लिया। बदमाश उसे टोंक की तरफ ले जा रहे थे इसी दौरान पुलिस की नाकाबंदी देखकर बदमाश उसे छोड़कर भाग निकले। टोंक पुलिस की सूचना पर जयपुर पुलिस मौके पर पहुंची और अपहृत युवक को लेकर आई। पुलिस के अनुसार कुंडेरा सवाई माधोपुर निवासी विकास ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपने दोस्त अभिलेख के साथ 25 नवम्बर को जयपुर चौपाटी गया था। वह टॉयलेट करने चला गया, इसी दौरान जयपुर चौपाटी के पास पहले से मौजूद स्कॉर्पियो में से 4-5 बदमाश उतरे और जबरन उसके दोस्त को कार में पटक लिया और लेकर चलते बने। यह घटना इतनी जल्दी बाजी में हुई कि वह बदमाशों की कार के नम्बर नहीं देख पाया। इस पर उसने अभिलेख के परिजनों के साथ पुलिस को घटना की जानकारी दी। जांच अधिकारी एएसआई राजाराम ने बताया कि बदमाश अभिलेख को लेकर टोंक की तरफ निकल गए। सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ टोंक पुलिस से भी नाकाबंदी करवाई गई। दंतवास के पास बदमाश पुलिस की नाकाबंदी देखकर अभिलेख को उतारकर भाग निकले। इस दौरान बदमाशों ने रास्ते में अभिलेख से मारपीट की और उसके पिता से करीब 25 हजार रुपए ऑनलाइन डलवा लिए, लेकिन रुपयों का ट्रांसफर नहीं हो पाया। इस कारण पैसा बदमाशों तक नहीं पहुंच पाया।

## कोटपा एक्ट के तहत काटे चालान

# तंबाकू और तंबाकू उत्पादों का प्रदर्शन पड़ा भारी

## कोटपा एक्ट की पालना सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जिले में चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में विभिन्न विभागों की सहभागिता से चलाये जा रहे टौबेको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के तहत मंगलवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के एनटीसीपी सेल व खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जिला कलेक्टर श्रीमान डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सर्किल एवं सेशन कोर्ट के पास प्रमुख स्थानों पर तंबाकू विक्रेताओं के कोटपा एक्ट में के तहत दुकानों पर प्रदर्शित तंबाकू प्रचार वाले बोर्ड व पोस्टर हटवाये गए। अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा पंकज ओझा व खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेश चेजारा, रतन सिंह गोदारा, डीपीओ जयपुर प्रथमअर्पित भारद्वाज, डीपीओ जयपुर द्वितीय डॉ. योगेश और श्री लक्ष्मीकांत ने तंबाकू विक्रेताओं पर कार्रवाई कर चालान काटे और उन्हें कोटपा एक्ट की पालना सुनिश्चित करने हेतु पाबंद किया गया। इस मौके पर15 चालान काटकर राजकोष में 2850/- धनराशि वसूली गई। साथ ही तम्बाकू विक्रेताओं को कोटपा एक्ट की धाराओं के बारे में बताते हुए 18 वर्ष से कम वर्ष के उम्र के बच्चों को तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद न बेचने और सार्वजनिक स्थलों के दायरे में तंबाकू उत्पादों का प्रदर्शन न किए जाने के लिए पाबंद किया।



# पार्षदों का प्रतिनिधि मंडल मिला पूर्व विधायक से, वार्डों में विकास कार्य करवाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** कस्बे की पालिका के पार्षदों का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को प्रात: पूर्व विधायक निर्मल कुमावत से मिलकर वार्ड में विकास कार्य करवाने की मांग की। इस दौरान पालिका नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक,पार्षद पूजा भाटी,जितेंद्र वर्मा,यतेन्द्र झाकड़ा, पार्षद प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन सहित अन्य लोगों ने वार्डों में पानी-बिजली,सड़क सहित अन्य विकास कार्य करवाने की मांग की।






# भाविका श्रीमाली ने जीता पहला स्थान

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** ऐश्वर्या कॉलेज में राष्ट्रीय संविधान दिवस पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान की महिमा और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के योगदान को पोस्टर्स और प्रस्तुति के माध्यम से रेखांकित किया। छात्रा दिक्षा सुथार ने बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर व्यापक व्याख्यान दिया। प्रतियोगिता में भाविका श्रीमाली ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि जगदीश कुमार और राहुल मीणा ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता में अमिषा जैन, प्रियंका गांधी, इशिका सोनी, लविश सोलंकी और अन्य विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए पोस्टर्स प्रस्तुत किए। ऐश्वर्या शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राशि माथुर ने भारतीय संविधान के महत्व पर अपने विचार साझा किए और सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साहवर्धक प्रदर्शन के लिए बधाई दी एवं साथ ही कहा कि संविधान देश की आत्मा है, और इसका अध्ययन एवं संरक्षण हर नागरिक का कर्तव्य है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

# इनरव्हील दिवास ने आयोजित किया हेल्थ एण्ड वेलनेस प्रोग्राम




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** इनरव्हील क्लब ऑफ उदयपुर दीवास ने हेल्थ एण्ड वेलनेस प्रोग्राम का आयोजन किया। क्लब की अध्यक्ष नयना जैन ने बताया कि जिसमें दिवास की सदस्य कविता जैन, (हेल्थ एंड वेलनेस कोच) ने संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली के लिए उपयोगी टिप्स दिए। लॉन्ग लाइफ वेलनेस सेंटर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ,खुशहाल और आर्थिक रूप से सशक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में महिलाओं को न केवल फिट रहने के लिए प्रेरित किया गया, बल्कि यह भी समझाया गया कि अपनी फिटनेस को एक आय के अवसर में कैसे बदला जा सकता है। साथ ही, उन्होंने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य सुधार के सुझाव दिए और उन महिलाओं की प्रेरक कहानियाँ साझा कीं जिन्होंने स्वास्थ्य और आर्थिक स्वतंत्रता दोनों हासिल की हैं। कार्यक्रम में समीक्षा खंडेलवाल ,आशा श्रीमाली, शशि मेहता, ललिता बाफना, सुलेखा मोगरा, विंकल मोगरा, वसंत राव नीलम खंडेलवाल जयश्री जैन, हेमलता दशोरा आदि उपस्थित रहे।

# कुलपति प्रो. राय ने विद्यार्थियों को दिलाई संविधान की गरिमा बनाए रखने की शपथ

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में मनाया संविधान दिवस

बढ़ता राजस्थान

**सीकर (नि.स.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती और पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों को संविधान की गरिमा बनाए रखने की शपथ दिलाई। प्रो. राय ने मुख्य वक्ता जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष, आयोग, झुन्झुनूं चूरू और सीकर के अध्यक्ष मनोज मील और विशिष्ट वक्ता जिला विधिक प्राधिकरण सेवा, सीकर की सचिव शालिनी गोयल का शॉल ओढ़ाकर और पंडित उपाध्याय की प्रतिमा भेंटकर स्वागत किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. अनिल राय ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। हम सबको हमारा संविधान एक बार पढ़ना और देखना जरूर चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान एक सफल लोकतंत्र का आधार होता है। इस अवसर पर ?विवि की रजिस्ट्रार श्वेता यादव, डिप्टी रजिस्ट्रार एकडेमिक डॉ. रविंद्र कटेवा, असिस्टेंट रजिस्ट्रार परीक्षा डॉ. संजीव कुमार समेत शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज मील ने बताया संविधान का महत्व

### लक्ष्य तय करो, सफलता जरूर मिलेगी : मनोज मील

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष, आयोग, झुन्झुनूं चूरू और सीकर के अध्यक्ष मनोज मील ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से भारतीय संविधान के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में दिए गए सभी अधिकार एवं कर्तव्य आम नागरिक के सुविधाओं को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। मनोज मील ने कहा कि विद्यार्थियों को नंबरों के पीछे भागने की बजाय स्किल और प्रतिभा पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य तय करो, सफलता अपने आप मिल जाएगी। इस अवसर पर विशिष्ट वक्ता



जिला विधिक प्राधिकरण सेवा, सीकर की सचिव शालिनी गोयल भारतीय संविधान की संक्षेप में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान पर हमें गर्व है और यह आज भी प्रासंगिक है।

### कैरियर अवेयरनेस प्रोग्राम आज

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विवि और इंस्टीट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरीज़ ऑफ़ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 11 बजे कॉमर्स स्टूडेंट्स के लिए कैरियर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। कॉमर्स का कोई भी स्टूडेंट इसमें फ्री रजिस्ट्रेशन करवा कर पार्टिसिपेट कर सकता है । इंस्टीट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरीज़ ऑफ़ इंडिया के मेम्बर गोविंद मिश्रा एवं वंदना नाहरिया ने बताया कि ढ्डष्स्ढ्ढ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम अग्रवाल एवं आईसीएसआई के रीज़नल काउंसिल के मेम्बर राहुल शर्मा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे।

# एसडीएम ने किया सीएससी और स्कूल का निरीक्षण

## अस्पताल में फैली गन्दगी देखकर जताई नाराजगी, बच्चों से पूछे सामान्य ज्ञान के प्रश्न

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** एसडीएम दीपक मित्तल ने मंगलवार को बयाना ब्लॉक के सरकारी अस्पतालों और स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल में गंदगी पसरी देख एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताई और मौके पर मौजूद चिकित्सा कर्मियों को तत्काल प्रभाव से साफ सफाई कराकर कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए। एसडीएम कार्यालय में तैनात प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि एसडीएम दीपक मित्तल ने ब्लॉक के झील का बाड़ा स्थित सीएचसी के सामान्य वार्ड, ओपीडी, लेबर रूम सहित अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। अस्पताल के टॉयलेट्स में गंदगी बिखरी देखकर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताई एसडीएम ने परिसर और टॉयलेट्स में जमा गंदगी को तुरंत प्रभाव से साफ करवाया जाकर अवगत कराने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही एसडीएम ने अस्पताल परिसर में बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों को व्यवस्थित तरीके से पार्क कराने को कहा। इसके बाद एसडीएम ने खोहरा रोड पर निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र झील का बाड़ा की बिल्डिंग का निरीक्षण किया। और एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ बिल्डिंग को निर्धारित समय में तैयार किए जाने के निर्देश दिए। और अस्पताल को आवंटित जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होने पर एसडीएम ने मौके पर ही झील का बाड़ा उप तहसील के नायब तहसीलदार को अतिक्रमण की जांच कर 3 दिन में हटवाने के निर्देश दिए। और इसके बाद एसडीएम ने राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल लहचोरा कलां का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान एसडीएम ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे। एसडीएम ने बच्चों से पूरे मनोयोग



से पढ़ाई कर परीक्षाओं में अच्छे अंक लाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने मिड-डे मील योजना का निरीक्षण करते हुए रसोईघर का निरीक्षण किया और भोजन चखकर गुणवत्ता देखी।

# तारानगर में बनेगा 640 एमएल क्षमता का बड़ा जलाशय और 13.99 एमएलडी का फिल्टर प्लांट

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश लाटा )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में हर घर तक पर्याप्त मात्रा में बेहतर गुणवत्ता का पेयजल पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत समूचे राज्य में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। इसी सिलसिले में चूरू जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सतत प्रयास जा रहे हैं। जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की मॉनीटरिंग ने जल जीवन मिशन के कार्यों को बेहतर गति प्रदान की है। हाल ही में राज्य सरकार की ओर से जल जीवन मिशन योजना में चूरू जिले के अनेक गांवों की पेयजल प्रणाली में सुधार के लिए 133.89 करोड़ रुपए के कार्यादेश जारी किए गए हैं, जिससे चूरू जिले की तारानगर, चूरू, सरदारशहर के साथ-साथ नोहर विधानसभा क्षेत्र के गांवों को भी इसका लाभ मिलेगा। राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत तारानगर-पांडुसर फीडर अंतर्गत 133.89 करोड़ रुपए का कार्यादेश जारी किया गया है। इससे जिले के 74 गांवों तथा 63 ढाणियों की पेयजल व्यवस्था में सुधार होगा। इसमें तारानगर विधानसभा के 52 गांव व 46 ढाणियों, चूरू विधानसभा के 13 गांव और 3 ढाणियों, सरदारशहर विधानसभा के 9 गांव व 4 ढाणियों के साथ-साथ नोहर विधानसभा के 19 गांव व 1 ढाणी भी लाभान्वित होंगे। इन गांवों और ढाणियों में चल रही वर्तमान पेयजल प्रणाली में सुधार के लिए 133.89 करोड़ रुपए का कार्यादेश 21 नवंबर को जारी किया गया है। योजना के तहत तारानगर के पास कुंभाराम लिफ्ट कैनाल से आ रहे पानी के संग्रहण के लिए बड़ी डिग्गी बनाई जाएगी, जिसकी क्षमता 640 एमएल होगी।

इसके समीप ही 13.99 एमएलडी क्षमता का एक नया फिल्टर प्लांट भी बनाया जाएगा। इस फिल्टर प्लांट से तारानगर शहर एवं आसपास के गांवों एवं ढाणियों में जलापूर्ति की जाएगी। योजना को आगामी 18 माह में पूरा करवाया जाकर 18 हजार 32 घरों को हर घर जल योजना से लाभान्वित किया जाएगा। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने यह कार्य तत्काल शुरू कर निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने तथा कार्य में गुणवत्ता व समयबद्धता का समुचित ध्यान रखने के निर्देश प्रदान किए हैं।

# खांसी की सिरप समझ पिया विवाहता ने कीटनाशक : उपचार के दौरान मौत, ढाई साल पहले हुई थी शादी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव सराय भम्बू में खांसी की सिरप समझकर गलती से कीटनाशक पीने से एक 22 साल की विवाहिता की मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने के बाद परिजनों ने विवाहिता को सूरौठ (करौली) के अस्पताल से रेफर होने के बाद दौसा जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां विवाहिता ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पर बयाना कोतवाली पुलिस दौसा पहुंची है। जहां जिला अस्पताल में मृतका का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। बयाना कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर करतार सिंह ने बताया कि थाना इलाके के गांव सराय भम्बू समोगर में सोमवार रात प्रियंका (22) पत्नी लवकुश गुर्जर ने खांसी की सिरप समझकर कीटनाशक दवाई पी ली थी। उस समय लाइट नहीं आने से कमरे में अंधेरा था। कीटनाशक दवाई पीने के बाद विवाहिता की तबीयत खराब होने पर परिजनों में उसे पास के सूरौठ अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर कर दिया गया।

# संविधान लोकतंत्र की आत्मा है इसकी रक्षा करना हम सबका कर्तव्य : गौड़

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर( नि.स. )।** मंगलवार को शाकम्भरी विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं एसवीपी इंग्लिश एकेडमी सरदारशहर में संविधान दिवस के अवसर पर प्रार्थना सभा में विद्यालय प्रभारी आलोक सिंह एवं ओमप्रकाश सुथार ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संविधान रक्षा की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए देश एवं देश के नागरिकों के लिए संविधान की आवश्यकता, इसके सामाजिक-आर्थिक एवं न्यायिक महत्व तथा देश को एक सूत्र में बांधने में इसके सहायक होने के बारे में बताया। इस अवसर पर दिव्या गौड़, सुनील भोजक, प्रेम प्रकाश नाई, अर्चना चौधरी, ललिता जांगिड़, दीपक सेन, सोनू शर्मा, मीनाक्षी, टीना शर्मा, मोनिका सैनी, शोभा चारण, संदीप दर्जी, खुशबू पांडिया, वंदना वर्मा, अयूब रंगरेज, भारत भोजक, ममता सोनी, सरोज प्रजापत आदि उपस्थित रहे।



# बयाना रेलवे स्कूल के सामने बनी लोहे की टंकी से पानी का रिसाव : हर रोज सैकड़ों लीटर पानी व्यर्थ टपकता रहता है

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** जल ही तो जीवन है, जल है तो कल है बाली सरकार की कहावत सत्य होती नजर नहीं दिखाई दे रही है। बयाना रेलवे स्कूल के सामने ब्रिटिश शासन काल के करीब सौ साल पहले से निर्मित पानी की टंकी जिसकी भराव क्षमता 45 हजार लीटर की है। उस पानी की टंकी से चौबिसों घंटे पानी का रिसाव होता रहता है। लगता है उस टंकी से अब तक हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह गया होगा। बाबजूद आज तक किसी भी रेलवे अधिकारी या कर्मचारी का इस पानी की टंकी में से हो रहे रिसाव की तरफ ध्यान नहीं गया है। अगर टंकी से पानी का रिसाव की तरफ ध्यान गया होता तो अब तक कोई कार्यवाही जरूर होती। इस पानी की टंकी से रेलवे स्टेशन पर बने तीन प्लेटफार्मों पर यात्रियों के लिए



पीने के पानी के नल, सुलभ शौचालय, व रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों के ऑफिस में जो नल के कनेक्शन है उनकी सप्लाई होती है। और इसके साथ पानी की टंकी के नजदीक जो भी रेलवे के क्वार्टर है उनमें भी टंकी से पानी की सप्लाई की जाती है। बयाना आई ओ डब्ल्यू मनीष मीणा ने बताया की इस टंकी में हो रहे पानी के रिसाव के बारे में रेलवे डिविजन कोटा को अवगत कराकर टेंडर कराए जाएंगे और इस लोहे की टंकी की जगह शीघ्र आरसीसी की नई टंकी बनवाई जाएगी।

## कॉलेजों में मनाया संविधान दिवस

# सामाजिक स्वतंत्रता के लिए अम्बेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक : डॉ. फिरोज

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे के राजकीय पीजी कॉलेज में एनएसएस की दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस प्राचार्य डॉ. फिरोज अख्तर की अध्यक्षता में मनाया गया। राजकीय कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फिराज अख्तर ने इस दौरान संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसकी प्रस्तावना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।26 नवम्बर के दिन ही भारत की संविधान सभा द्वारा भारत कें सविधान का प्रारूप प्रस्तुत किया था। मुख्य वक्ता सत्य रंजन पाठक ने भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा समर्पण की शपथ दिलाई। साथ ही 'वर्तमान परिदृश्य में अम्बेडकर के विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में छात्रा नेहा ने प्रथम, छात्र सुरेंद्र ने द्वितीय तथा गोपेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी रविना मीना व सवाई सिंह गुर्जर, डॉ. रवीन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. रीता शुक्ला, डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. हेमलता शर्मा आदि मौजूद रहे। इसी तरह अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में संविधान दिवस पर वर्तमान परिदृश्य में अम्बेडकर के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर निबंध, पोस्टर, प्रश्नोत्तरी व वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. बरखा तोमर ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि आधुनिक भारत का सपना देखने वाले बाबा साहेब अम्बेडकर भारतीय संविधान के निर्माता थे। एनएसएस प्रभारी मंजू अग्रवाल ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता में ममता, प्रश्नोत्तरी में गीतिका, काजल, शिवानी तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता में सपना प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमश



हर्षिता, कोमल, सृष्टि, तिषा, अनीता, निकिता, अर्चना, शिवानी, निहारिका, पायल आदि रही। इस मौके पर ऋतु मित्तल, डॉ. कुमार गौरव, अविनाश गुप्ता, संध्या दिवाकर, सुमन मंगल आदि मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब उद्यम अक्षय उर्जा प्रोजेक्ट के लिये हुआ पुरूस्कृत



बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। रोटरी क्लब उद्यम को अक्षय ऊर्जा प्रोजेक्ट के लिए रोटरी बजाज भवन में रोटरी क्लब हरिटेज द्वारा आयोजित एक समारोह में पुरूस्कृत किया गया।

क्लब अध्यक्ष मेखला भौमिक ने बताया कि समारोह में पूर्व प्रान्तपाल डॉ. बलवंत चिराना और डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राखी गुप्ता द्वारा पुरस्कृत किया गया और इस प्रोजेक्ट सराहा गया है। यह पुरस्कार अध्यक्ष मेखला भौमिक, सचिव मनीषा जैन और टीम के सदस्य डॉ. मनोज कुमार और दीपेश गुर्जर को प्रदान किया गया।उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट चेयरमैन वैभव शर्मा के निर्देशन में अक्षय ऊर्जा प्रोजेक्ट के तहत क्लब का लक्ष्य काया गांव के उन सभी घरों को सोलर ट्यूब लाइट और सोलर पैनल से रोशन करना है जो आज भी अंधेरे में हैं। अभी भी 22 परिवार को टीम उद्यम, पूरी तरह से रोशन करने में लगी हुई है।

**प्रपत्र संख्या 7**
**(देखिये नियम 21 )**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**
**मुकदमा नम्बर 379/2024**

चूंकि श्री गिरिराज प्रसाद शर्मा पुत्र श्री राधेश्याम शर्मा निवासी 45, सूर्य कॉलोनी थाना के सामने वार्ड नं. 15, चाकसू, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत भावी निर्माण सोसायटी कार्यालय पता मकान नं. 45, सूर्य कॉलोनी, चाकसू, जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतः एवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 26/11/24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

**आइदा तारीख पेशी 3/2/25**
**मुहर**

**सहायक आयुक्त (प्रथम)**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**

## सम्पादकीय

# जलवायु संकट और वैश्विक तापमान बढ़ाने में आगे रहे अब क्यों भाग रहे विकसित देश

इसमें कोई दो राय नहीं कि जलवायु संकट आज विश्व भर में सभी देशों की चिंता में सबसे ऊपर है और इसके खतरे को कम करने या इससे पूरी तरह निपटने के लिए सभी देशों को अपनी ईमानदार इच्छाशक्ति जाहिर करनी होगी। मगर इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि दिनोंदिन गहराते जा रहे इस संकट और इसके प्रभाव पर सभी देश विमर्श तो करते हैं, मगर इससे पार पाने के उपायों को लेकर वही देश अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं, जिनकी भूमिका इस मुश्किल को बढ़ाने में ज्यादा रही है। विकसित देशों का यह रुख अपने आप में परेशान करने वाला है कि वे पृथ्वी के जलवायु पर बढ़ते संकट के सवाल पर हर बार दोहरा रवैया अपनाते हैं और इस मसले पर होने वाली तमाम बैठकों का हासिल अपने किसी मकसद तक नहीं पहुंच पाता। इस बार अजरबैजान के बाकू में भी सीओपी-29 की बैठक में उम्मीद जरूर की गई थी कि शायद ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन की वजह से बढ़ते वैश्विक तापमान और उससे निपटने के उपायों को जमीन पर उतारने को लेकर विकसित देश वास्तव में कुछ ठोस पहल करेंगे।

गौरतलब है कि बाकू में संपन्न हुए जलवायु शिखर सम्मेलन में समृद्ध देशों ने जलवायु वित्त पोषण के रूप में हर वर्ष तीन सौ अरब डालर की सहायता देने पर समझौता किया, वह भी सन 2035 से। जबकि विकासशील देशों की मांग तेरह सौ अरब डालर की थी। यानी एक तरह से विकासशील देशों की मांगों को अनसुना कर दिया गया। विकसित देशों के रुख और सहायता राशि में इतने बड़े अंतर पर विकासशील देशों के बीच गहरी निराशा पैदा हुई और इस पर मतभेद उभरना स्वाभाविक था। भारत की ओर से यह साफ तौर पर कहा गया कि वह इस प्रस्ताव को वर्तमान स्वरूप में स्वीकार नहीं करता है, क्योंकि प्रस्तावित राशि बहुत ही कम है और यह हमारे देश के अस्तित्व के लिए जरूरी जलवायु कार्रवाई को असंभव बनाएगी। भारत ने समझौते को अपनाने के तरीके को भी आपत्तिजनक और 'पूर्व नियोजित' बताया। समस्या के स्वरूप और उससे निपटने के उपायों के मद्देनजर भारत की आपत्ति को विकासशील देशों का समर्थन मिला, वहीं विकसित देशों के बीच एक विचित्र चुप्पी देखी गई। यह सही है कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन की वजह से वैश्विक तापमान में इजाफा हो रहा है और इसमें सबसे ज्यादा बड़ी भूमिका दुनिया के समृद्ध या विकसित देश ही निभाते हैं। दूसरी ओर, 'ग्लोबल साउथ' के देशों की भूमिका में इसमें अपेक्षया कम है और विकास की निरंतरता को कायम रखने के लिए उनकी कुछ व्यावहारिक जरूरतें हैं। इसी के मद्देनजर विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से उपजने वाले संकट से पार पाने में मदद के लिए विकसित देशों का वित्तीय और तकनीकी संसाधन जुटाने का दायित्व है। इसी जिम्मेदारी के तहत विकसित देशों ने सन 2020 से हर वर्ष सौ अरब डालर जुटाने की पेशकश की थी। वह दावा कितना पूरा हुआ, यह सभी जानते हैं। मगर वक्त और जरूरत के मुताबिक तेरह सौ अरब डालर की मांग को सिर्फ तीन सौ अरब डालर तक समेट देने का औचित्य समझ से परे है।

# पश्चिम बंगाल में ममता का जलवा कायम रखने के साथ कांग्रेस व भाजपा पर राजनैतिक हमले भी जारी

**पश्चिम बंगाल के छह निर्वाचन क्षेत्रों- नैहाटी, हरोआ, मेदिनीपुर, तालडांगरा, सीताई (एससी), और मदारीहाट (एसटी) में उपचुनाव हुए थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में जीत हासिल करने के बाद विधायकों द्वारा अपनी विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के कारण ये सभी सीटें रिक्त हुई थीं। आरजी कर मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन के बीच 13 नवंबर को हुए इन चुनावों को राजनीतिक रूप से तनावपूर्ण माहौल के बीच सत्तारूढ़ दल के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा के रूप में देखा जा रहा था। अनेक विरोधों के बावजूद, टीएमसी ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में विजयी हुई और 2024 के लोकसभा चुनावों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा।**

**अशोक भाटिया, मुंबई**

तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल उपचुनाव में क्लीन स्वीप किया है उससे तो यही लगता है कि पश्चिम बंगाल में ममता का जलवा कायम है । टीएमसी ने अपनी पांच सीटें बरकरार रखीं और मदारीहाट सीट भाजपा से छीन लिया। इस जीत के साथ पश्चिम बंगाल में टीएमसी का राजनीतिक प्रभुत्व और मजबूत हो गया है। यहां तक कि आरजी कर की जघन्य घटना पर चल रहे विरोध प्रदर्शन भी मतदाताओं को प्रभावित करने में विफल रहे। छह में से पांच निर्वाचन क्षेत्र दक्षिण बंगाल में स्थित हैं, जो टीएमसी का गढ़ है, जबकि मदारीहाट उत्तर में है, जिसे भाजपा ने 2021 में जीता था। हरोआ में, जहां 70 प्रतिशत से अधिक मतदाता अल्पसंख्यक समुदाय से हैं, भाजपा तीसरे स्थान पर रही और अपनी जमानत बचाने में विफल रही, जिसके बाद पार्टी नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा, अल्पसंख्यक भाजपा को वोट नहीं देते। सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चा ने खुद को राज्य में पुनर्जीवित करने के लिए आरजी कर विरोध प्रदर्शनों को भुनाने की कोशिश की थी। लेकिन लेफ्ट को करारी हार का सामना करना पड़ा। सीताई, तालडांगरा, मेदिनीपुर और मदारीहाट में वाम मोर्चे ने अपनी जमानत गंवा दी। वाम मोर्चे में शामिल सीपीआई (एमएल) की नैहाटी में जमानत जब्त हो गई, जबकि ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट को हरोआ में जमानत गंवानी पड़ी। कांग्रेस ने 2021 के बाद पहली बार वाम दलों के साथ गठबंधन के बिना चुनाव लड़ा था, लेकिन उसे सभी छह निर्वाचन क्षेत्रों में जमानत गंवानी पड़ी। सीताई (एससी) में, टीएमसी की संगीता रॉय ने भाजपा के दीपक कुमार रे पर 1,30,636 के अंतर से जीत हासिल की, जिन्हें केवल 35,348 वोट मिले। टीएमसी का वोट शेयर 2021 के राज्य चुनावों में 49 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 76 प्रतिशत हो गया, जबकि भाजपा का वोट शेयर 45 प्रतिशत से गिरकर सिर्फ 16 प्रतिशत रह गया। मदारीहाट (एसटी) सीट, जो पहले भाजपा के पास थी, वहां टीएमसी ने जीत दर्ज की। सत्तारूढ़ दल के जयप्रकाश टोप्पो ने 79,186 वोटों प्राप्त किए और बीजेपी के राहुल लोहार को 28,168 वोटों के अंतर से मात दी। यह जीत टीएमसी के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि यह पहली बार है जब पार्टी ने चाय बागान बेल्ट की एक प्रमुख सीट मदारीहाट पर कब्जा कर लिया है। उम्मीदवार के चयन को लेकर भाजपा के अलीपुरद्वार सांसद मनोज तिग्गा और पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉन बारला के बीच मतभेद के कारण पार्टी को यह सीट गंवानी पड़ी। मदारीहाट में टीएमसी का वोट शेयर 2021 की तुलना में 34.13 फीसदी से बढ़कर 54.05 फीसदी हो गया, जबकि बीजेपी का वोट शेयर गिरकर 34 फीसदी हो गया। नैहाटी में टीएमसी के सनत डे ने 78,772 वोटों प्राप्त किए। उन्होंने बीजेपी के रूपक मित्रा को 49,277 वोटों से हराया। टीएमसी का वोट शेयर 2021 में 50 फीसदी से बढ़कर 62.97 फीसदी हो गया, जबकि बीजेपी का वोट



शेयर 2021 में 38 फीसदी से गिरकर 23.58 फीसदी हो गया। हरोआ में, टीएमसी के एसके रबीउल इस्लाम ने 1,57,072 वोट प्राप्त किए। उन्होंने आईएसएफ के पियारुल इस्लाम पर 1,31,388 वोटों के भारी अंतर से जीत दर्ज की। पियारुल इस्लाम को सिर्फ 25,684 वोट मिले। यह परिणाम दक्षिण बंगाल में अल्पसंख्यकों के बीच टीएमसी के प्रभुत्व को रेखांकित करता है।

टीएमसी का वोट शेयर बढ़कर 76.63 फीसदी हो गया, जबकि आईएसएफ सिर्फ 12 ।53 फीसदी ही हासिल कर पाई, जबकि 2021 में टीएमसी का वोट शेयर 57.34 फीसदी था। मेदिनीपुर में, टीएमसी के सुजॉय हाजरा ने 115,104 वोट हासिल किए और बीजेपी के सुभाजीत रॉय को 33,996 वोटों के अंतर से हराया। बीजेपी प्रत्याशी को 81,108 वोट मिले। बीजेपी के 37.67 फीसदी की तुलना में टीएमसी का वोट शेयर मेदिनीपुर में 53..43 फीसदी तक पहुंच गया। साल 2021 के विधानसभा चुनाव में इस आदिवासी बहुल सीट पर टीएमसी का वोट शेयर 50.72 फीसदी और बीजेपी का 40 ।51 फीसदी था। तलडांगरा में, टीएमसी की फाल्गुनी सिंहबाबू ने 98,926 वोट प्राप्त किए और बीजेपी की अनन्या रॉय चक्रवर्ती को 34,082 वोटों के अंतर से हराया। टीएमसी ने अपना वोट शेयर 2021 में 46 फीसदी से बढ़ाकर 52 फीसदी कर लिया, जबकि बीजेपी का वोट शेयर 39 ।9 फीसदी से गिरकर 34 फीसदी हो गया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने राज्य के लोगों को उनके निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं अपने दिल की गहराइयों से मां, माटी और मानुष को धन्यवाद और बधाई देना चाहती हूं। आपका आशीर्वाद हमें आने वाले दिनों में लोगों के लिए काम करने में मदद करेगा। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सभी छह टीएमसी उम्मीदवारों को उनकी निर्णायक जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल की जनता ने जमींदारों, मीडिया और कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक वर्ग द्वारा अपने निहित स्वार्थों के लिए राज्य को बदनाम करने के लिए बनाए गए नैरेटिव को खारिज कर दिया। उन्होंने मदारीहाट की जनता को भी विशेष धन्यवाद दिया। अभिषेक बनर्जी ने कहा, मैं बांग्ला बिरोधियों, उनके फर्जी नैरेटिव को लोकतांत्रिक तरीके से खत्म करने और हम पर अपना भरोसा जताने के लिए पश्चिम बंगाल के लोगों के सामने शीश झुकाता हूं। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी डॉक्टर की बलात्कार-हत्या के मामले को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शनों के कारण तृणमूल कांग्रेस दबाव में थी। लेकिन उपचुनावों के परिणामों से साफ है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस तूफान से पार पा लिया है। इससे पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पकड़ और भी मजबूत हो गई है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज के विरोध प्रदर्शनों के बीच ये चुनाव राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के लिए अग्नि परीक्षा सरीखे माने जा रहे थे। इसका मतलब यह है कि आरजी कर घटना के बाद राज्य सरकार के खिलाफ नकारात्मक अभियान के बावजूद पश्चिम बंगाल के लोगों ने ममता बनर्जी के नेतृत्व में अपना विश्वास बनाए रखा है। बीजेपी के लिए इस बार भी कई कारक अनुकूल नहीं रहे। लोकसभा चुनाव में भी उसको मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। 2024 में उसकी सीटें घटकर 12 हो गईं, जबकि 2019 में उसने 18 सीटें जीती थीं। उस समय भी बीजेपी की चुनावी रणनीति, संगठनात्मक ढांचे और नैरेटिव पर कई सवाल उठे थे। इसके अलावा बीजेपी की केंद्रीय नेतृत्व पर निर्भरता, मुस्लिम विरोधी बयानबाजी और नागरिकता संशोधन अधिनियम को समर्थन न मिलना भी नुकसानदायक साबित हुआ। इसके विपरीत ममता बनर्जी ने खुद को बंगाल के हितों की रक्षक के रूप में पेश किया। उनका यह अवतार भ्रष्टाचार और लॉ एंड ऑर्डर के मामले में फेल रहने के आरोपों के बावजूद मतदाताओं के साथ जुड़ गया। कमाल की बात यह है कि पश्चिम बंगाल में भगवा फहराने का सपना देख रही बीजेपी ममता की काट निकालने में असफल रही।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने उपचुनाव के नतीजों को महत्व नहीं दिया। उन्होंने कहा, उपचुनाव के नतीजे एक विश्वसनीय संकेतक के रूप में काम नहीं कर सकते। लोग टीएमसी के साथ हैं या उनके खिलाफ, यह आगामी विधानसभा चुनाव में दिखाई देगा। 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद से, टीएमसी ने मार्च 2023 में सागरदिघी उपचुनाव को छोड़कर हर उपचुनाव में जीत हासिल की है। सागरदिघी में कांग्रेस के एक उम्मीदवार ने जीत दर्ज की थी, जो बाद में टीएमसी में शामिल हो गया था। इस जीत के साथ, 294 सदस्यीय राज्य विधानसभा में टीएमसी की संख्या बढ़कर 216 हो गई है, जिससे उसकी स्थिति और मजबूत हो गई है। वहीं भाजपा की संख्या 77 से घटकर 69 हो गई है। उधर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की बुरी हार के बाद टीएमसी ने उसके नेतृत्व पर ही सवाल उठाना शुरू कर दिए है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
सरकारी काम में सफलता या लाभ मिलेगा। संतान के पीछे पैसे खर्च होंगे। कलाकारों एवं खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिक्षा दर्शाने के लिए उत्तम समय है। दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे।

**वृष**
किसी भी नए काम की शुरुआत आज न करें। किसी बात को लेकर मन में ग्लानि का भाव रहेगा। परिजनों के साथ वाद-विवाद न करें। दोपहर के बाद आपकी शारीरिक और मानसिक स्थिति में सुधार की संभावना है।

**मिथुन**
व्यापार में लाभ मिल सकता है। पिता से भी आर्थिक लाभ की संभावना दिख रही है। आज किसी प्रिय पात्र और मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यापार में भी आपको लाभ होगा।

**कर्क**
आज सुबह आपका मन क्रोधित रहेगा। शारीरिक रूप से अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंता का अनुभव होगा। विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे। दोपहर के बाद किसी प्रिय मित्र से मुलाकात हो सकती है। भागीदारी से लाभ होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह**
प्रिय पात्र और मित्रों के साथ मुलाकात होगी। पर्यटन का आयोजन हो सकता है। शादी योग्य युवक-युवतियों का रिश्ता पक्का हो सकता है। आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरीपेशा लोगों का टारगेट पूरा हो सकेगा।

**कन्या**
आज आपको विविध क्षेत्रों से लाभ होने होने की संभावना है। व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ होगा। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। क्रोध में किसी के साथ विवाद की आशंका बनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला**
आज आपको हर काम में सफलता मिलेगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपको मान-सम्मान मिलेगा। आपकी एनर्जी कम हो जाएगी। आलस्य का वातावरण छाया रहेगा। विवाद में मानहानि हो सकती है।

**वृश्चिक**
आपकी कोई चिंता दूर हो सकती है। स्नेहीजन और मित्रों से मुलाकात सुखद रहेगी। हालांकि आप वाणी पर संयम रखें। शाम में किसी तरह के नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। गुस्से पर संयम रखें।

**धनु**
आर्थिक लाभ भी होगा। भाई-बंधुओं के साथ प्रेम बढ़ेगा। भाग्यवृद्धि के अवसर मिलेंगे। काम की सफलता से आपका उत्साह बढ़ेगा। आज का आपका दिन खुशी और आनंद के साथ गुजरेगा। आप कुछ अधिक ही संवेदनशील रहेंगे।

**मकर**
पारिवारिक कठिनाइयां भी कम होंगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा हो सकती है। ईश्वर का नाम स्मरण और आध्यात्मिकता आपके मन को शांति प्रदान करेंगे। मनोरंजक एक्टिविटी में आपका मन लगेगा।

**कुंभ**
परिजनों के साथ वाद-विवाद होने से मन चिंता से भरा रहेगा। छाती में दर्द या अन्य कोई शारीरिक परेशानी होने से शरीर शिथिल रहेगा। निरर्थक आर्थिक खर्च से बचें। किसी तरह की यात्रा का कार्यक्रम हो, तो आज टालना उचित रहेगा।

**मीन**
आज वाणी में संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी कन्फ्यूजन में दिन गुजरेगा। आप नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। सुखद यात्रा का संयोग बनेगा।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**



श्री आलोक गुप्ता
( भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं हमारे अलवर के गौरव और इस समय राजस्थान में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में मुख्यमंत्री को अपनी सेवा देने वाले श्री आलोक गुप्ता। 1 अक्टूबर सन 1971 को अलवर में जन्में आलोक गुप्ता शुरू से ही कुछ कर गुजरने का जज्बा लेकर अपने साथ चले। इनके पिता डॉ.के.के.गुप्ता जोकि एक बड़े हस्ताक्षर के रूप में जाने जाते हैं। विश्व हिन्दू परिषद के स्तंभ के रूप में जाने जाते हैं। एज्यूकेशन के रूप में उन्होंने एम.टेक(संचार एवं रडार) बी.टेक(इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) के रूप में कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में आ गए।

आज प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार जयपुर जैसै बड़े पद का निर्वहन कर रहे हैं। इससे पूर्व ये प्रमुख शासन सचिव, उर्जा विभाग राजस्थान जयपुर। प्रमुख शासन सचिव, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय जन अभियोग निराकरण मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग एवं जनजाति श्रेत्रीय विकास विभाग, राजस्थान जयपुर। प्रमुख शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग,राजस्थान जयपुर। प्रमुख शासन सचिव, पर्यटन एवं देवस्थान विभाग राजस्थान जयपुर। शासन सचिव, देवस्थान विभाग जयपुर। आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग राजस्थान, जयपुर। शासन सचिव, कार्मिक विभाग, राजस्थान जयपुर। आयुक्त श्रम विभाग राजस्थान, जयपुर। आयुक्त, सीएडी बीकानेर। आयुक्त, माध्यमिक शिक्षा एवं पदेन राज्य परियोजना निदेशक, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, बीकानेर। निदेशक, माध्यमिक शिक्षा एवं पदेन राज्य परियोजना निदेशक, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, बीकानेर। रजिस्ट्रार, राजस्व बोर्ड राजस्थान, अजमेर। कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, झुंझुनू। निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, बीकानेर। प्रबंध निदेशक, राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड, उदयपुर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, नागौर। सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर। उप शासन सचिव योजना विभाग, राजस्थान जयपुर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, डूंगरपुर। उप शासन सचिव, कार्मिक विभाग ए-1 राजस्थान, जयपुर। अतिरिक्त कलक्टर विकास एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद एवं पदेन परियोजना निदेशक, डीआरडीए बांसवाड़ा। उपखण्ड अधिकारी, बाली पाली। उपखण्ड अधिकारी, जयपुर पूर्व। एलबीएसएन मसूरी में दूसरे चरण के प्रशिक्षण के तहत। जोधपुर में जिला प्रशिक्षण के तहत। इसके अतिरिक्त इन पदों को अतिरिक्त प्रभार के रूप में भी संभाला:- अध्यक्ष राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड, जयपुर। प्रमुख शासन सचिव, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग राजस्थान, जयपुर। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड, जयपुर। अध्यक्ष, राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, राजस्थान पर्यटन विकास निगम, राजस्थान जयपुर। आयुक्त, पर्यटन विभाग राजस्थान, जयपुर। अध्यक्ष, राजस्थान पर्यटन विकास निगम, राजस्थान जयपुर। प्रमुख शासन सचिव, राजस्व, उपनिवेशन, सैनिक कल्याण विभाग, राजस्थान जयपुर। निदेशक एचसीएम रिपा एवं पदेन सचिव, राजस्थान सरकार जयपुर पद पर रहे। बहुत ही गौरव का विषय है कि इनका जन्म अलवर में हुआ और अलवर के लाल ने बड़े पदों पर रहकर जनसेवा के माध्यम से अलवर का गौरव ओर भी बढ़ाया है। दैनिक बढता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

विशेष आलेख

# साइबर अपराध की नई राह 'डिजिटल अरेस्ट'

लोगों की पसीने की कमाई को लूट रहे ठग डिजिटल तकनीक तकनीकी वर्तमान में समय में वरदान के साथ-साथ अभिशाप भी बनती जा रही है, जिसका प्रभाव लोगों को वर्तमान समय में दिखने लगा है। जब तक कोई तकनीक लोगों के हितों में कार्य करें तब तक ही उसे ठीक माना जा सकता हैं, लेकिन उसी तकनीक से लोगों को काफी ज्यादा नुकसान होने लगे हो वह अभिशाप बन जाती है। इससे जुड़ी चिंता भी काफी बड़ी हो जाती है। जैसा कि उपनिदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में वरिष्ठ सहायक पद पर कार्यरत किरोड़ी लाल मीणा एक शोध में बताते हैं कि वर्तमान समय में देश के लिए 'डिजिटल अरेस्ट' एक ऐसा ही संकट है। जिससे देश की जनता अधिक सतर्क और जागरूक रह कर ही इस खतरे का मुकाबला कर सकती है। वर्तमान समय में साइबर धोखाधड़ी रोकने में संसाधनों की कमी आम लोग जागरूकता के अभाव में इस साइबर फर्जीवाड़ा करने वालों की चाल में फंस जाते हैं।

**डिजिटल के चक्र में मेहनत की कमाई लूट रही हैं :** वर्तमान समय में देश में डिजिटल भुगतान व्यवस्था ने लोगों के लेनदेन को आसान और सुविधाजन बनाने में बेहतरीन योगदान दिया है। नगद लेनदेन की जगह डिजिटल भुगतान व्यवस्था से लोगों में भुगतान करने का तरीका तो आसान हुआ है वहीं दूसरी ओर जबसे देश में डिजिटल डिजिटल भुगतान की व्यवस्था बनी है और लोगों का उसमें रुझान भी बहुत जल्दी बढ़ा है वहीं साइबर ठगों ने इस रास्ते को ही आम जनता को ठगने के लिए अपनाया हैं। सरकार और उसकी एजेंसियां साइबर ठगी से लोगों को बचाने के जो इंतजाम करती हैं, साइबर ठग जल्द ही दूसरी किस्म की धोखाधड़ी करने का रास्ता निकाल लेते है। सरकार और ऐजेन्सीयों द्वारा आम जनता को अपील की जाती है कि मोबाइल से बैंकिंग लेनदेन के वक्त पिन, पासवर्ड, ओटीपी किसी से साझा न करें इस पर साइबर ठग कोई विश्वसनीय दिखने वाला लिंक भेज कर लोगों के फोन ही हैक कर लेते हैं। ऐसे में सारे पिन और ओटीपी ठगों के वांछित फोन पर जाने लगते हैं और देखते ही देखते लोगों के बैंक खातों में जिंदगी भर की जमा पूंजी चली जाती है। सरकार एवं ऐजेन्सीयां इस पर लगाम लगाती, इससे पहले 'डिजिटल अरेस्ट' के रूप में की जाने वाली लूट सामने आने लगी।

**डिजिटल अरेस्ट क्या है :** आखिर 'डिजिटल अरेस्ट' में साइबर ठग असली पुलिस या जांच एजेंसियों के वास्तविक अधिकारियों के वेश में लोगों को गिरफ्तारी का डर दिखा कर पैसे ऐंठने का प्रयास करते हैं। इसमें किसी शख्स को मोबाइल फोन पर वीडियो या सामान्य कॉल करते हुए गिरफ्तारी या सीबीआई अथवा आयकर जांच का भय दिखाया जाता है। एक बार जब कोई व्यक्ति इनके जाल में फंस जाता है, तो वह इनके आगे खुद को असहाय महसूस करने लगता है। तब ये साइबर ठग उस व्यक्ति को अपनी सारी जमा-पूंजी बताए गए बैंक खातों में खुद ही भेजने को मजबूर कर देते हैं।



**ठग इस तरह फंसाते है लोगों को :** अधिकतर 'डिजिटल अरेस्ट' वाले मामलों कूरियर कंपनी के झांसों, इनमें लोगों के बेटे या बेटी के किसी मामले में फंसे होने, यौन शोषण के आरोपी होने, किसी आर्थिक धोखाधड़ी में शामिल होने जैसे तमाम मामलों का हवाला असली दिखने वाले फर्जी सबूतों के आधार पर करते हैं एवं लोगों की बात पुलिस समेत अन्य जांच एजेंसियों के नकली अधिकारियों से कराई जाती है। फर्जी एफआइआर, गिरफ्तारी का वारंट और अन्य नकली दस्तावेज मुहैया कराए जाते हैं, जिनमें पीड़ित का नाम दर्शाया जाता है। ऐसी स्थिति में पीड़ित व्यक्ति बुरी तरह भयभीत हो जाता है। ऐसे कई मामलों में वर्दीधारी पुलिस अधिकारी वीडियो काल पर किसी थाने में बैठे हुए पुलिसिया भाषा में बात करते दिखाया जाता है। पीड़ित को जब गिरफ्तारी की आशंका सच में बदलते हुए प्रतीत होती है, तो वह बिना देर किए, ठगों के संकेत पर मांगी गई रकम भेजने में ही अपनी भलाई समझता है।'डिजिटल अरेस्ट' साइबर लुटेरों के हाथ लगा बड़ा हथियार है, वर्ष 2024 में पूरे देश से साइबर ठगी लाखों की संख्या में शिकायतें दर्ज की गई। इनमें से कई करोड़ रूपए आम लोगों को आभासी गिरफ्तारी का डर दिखा कर ठगे गए है।

**अनजान नंबरों से आए फोन अनदेखा करें :** लोगों को थोड़ा सजग रहे एवं रुपए-पैसे के लेनदेन से जुड़ी अपनी निजी जानकारी साझा करने से बचे और आभासी गिरफ्तारी के डर पर काबू पा ले, तो साइबर लुटेरों के मनसूबे पूरे नहीं हो सकते। अनजान नंबरों से आए फोन को अनदेखा करें। अगर कोई फोन कॉल सुनना जरूरी हो जाए, तो बिना डरे और निजी जानकारियां साझा किए बिना ही बात करें। जगारूकता एवं सजगता से ही इस साइबर अपराध को रोका जा सकता है।

**अपराधियों के लिए बने कठोर कानून :** देश में साइबर अपराधियों पर कड़ी नकेल कसने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 कानून बनाया गया है इस कानून के तहत, साइबर अपराधों के लिए दंड और सजा का प्रावधान है। फिर भी सरकार को इस पर और भी कड़े कानून बनाने की आवश्यकता है जिससे इन साइबर अपराधियों में डर पैदा हो और आमजन भयमुक्त जीवन जी सकें।

**किरोड़ी लाल मीना**
**( वरिष्ठ सहायक, उपनिदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, सवाई माधोपुर )**

## आज का इतिहास

### 27 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- पोप अर्बन द्वितीय ने 1095 में पहले क्रूसेड (धर्मयुद्ध) का उपदेश दिया।
- सन 1795 में पहले बांग्ला नाटक का मंचन हुआ।
- पुर्तग़ाल के शाही परिवार ने 1807 में नेपोलियन की सेना के भय से लिस्बन छोड़ा।
- पोलैंड साम्राज्य ने 1815 में संविधान अपनाया।
- पेरिस में पुलिस ने 1947 में कम्युनिस्ट समाचार-पत्र के कार्यालय पर कब्जा कर लिया।
- जबलपुर के निवासियों ने 1949 में चंदा इकट्ठा करके नगरपालिका प्रांगण में सुभद्रा कुमारी चौहान जी की आदमकद प्रतिमा लगवाई जिसका अनावरण कवयित्री और उनकी बचपन की सहेली महादेवी वर्मा ने किया।
- अमरीका के विख्यात ड्रामा लेखक यूजीन ओ नील का 1953 में की आयु में निधन हुआ।
- उरुग्वे ने 1966 में संविधान अपनाया।
- फ्रांस के राष्ट्रपति चार्ल्स डी गॉल ने 1967 में फिर दोहराया कि वह ब्रिटेन की सामूहिक बाजार की कोशिशों का विरोध करेंगे।
- गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के सह-संस्थापक रॉस मैक्रिर्टर की 1975 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।
- मिर वेनेजुएला जौकेलीन एग्वीलेरा मार्कानो 'मिस वर्ल्ड' 1995 चुनी गईं।
- पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने 2007 में अपने सैनिक साथियों से विदाई ली।
- छठा वेतन आयोग देने वाला उत्तर प्रदेश 2008 में देश का पहला राज्य बना।

### 27 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- भारत के प्रसिद्ध इतिहासकार एवं पुरातत्त्व के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान काशी प्रसाद जायसवाल का 1881 में जन्म हुआ।
- प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और लोकसभा के प्रथम अध्यक्ष गणेश वासुदेव मावलंकर का 1888 में जन्म हुआ।
- प्रसिद्ध कवि और लेखक हरिवंश राय बच्चन का 1907 में जन्म हुआ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# मानसरोवर बांध की खोली मोरी,चार माह तक चलेगी नहर

राकेश शर्मा



**सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** टोंक-चिरगांव राष्ट्रीय राजमार्ग 552 के समीप जैतपुर गांव निकटवर्ती सत्ताइसा क्षेत्र की जीवन रेखा कहे जाने वाले मानसरोवर बांध की मोरी सोमवार को विधिवत पूजा अर्चना कर खोल दी गई। मोरी खोलने की सूचना पर रबी फसल की सिंचाई के इंतजार में बैठे किसानों के चेहरे खिल गए। जलसंसाधन विभाग के कनिष्ठ अभियंता रोहित कुमार गुर्जर ने बताया कि सोमवार को जल उपभोक्ता समिति अध्यक्ष रामकुंवार सैनी की उपस्थिति में मानसरोवर बांध की मोरी को विधिवत पूजा अर्चना कर खोला गया। इससे आगामी चार माह तक नहर चालू रहने की संभावना है। मानसरोवर बांध से मुख्य नहर की लंबाई 13.14 किलोमीटर एवं 6 माइनरों की लंबाई 15.36 किलोमीटर है।

### इन गांवों को मिलेगा फायदा

मानसरोवर बांध की मोरी खुल जाने से छाण, जैतपुर, गण्डायता, बाढ़पुर, बैरणा, सुमनपुरा, क्यारदा खुर्द, हरिपुरा, दौलतपुरा, बहरावण्डा खुर्द, अल्लापुर, सुखवास, गंगानगर, फरिया, गोपालपुरा आदि गांवों के किसानों के लिए सिचाई का पानी उपलब्ध होगा। इस दौरान हेमराज पटेल, अनवर खान, मूलचंद पटेल वाजिद खान, राजू कंडेरा सहित कई उपस्थित थे।

# संविधान दिवस पर संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,(का.स.)।** संविधान दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्ट्रेट में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया। इसी के तहत सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में संविधान पर आधारित प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान पीआरओ अपूर्व शर्मा ने संविधान की मूल भावना पर प्रकाश डाला। साथ ही, कहा कि विद्यार्थियों को भारत के संविधान का गहराई से अध्ययन करना चाहिए। भारतीय संविधान में अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी प्रत्येक नागरिक को जागरूक रहना चाहिए। भारत का संविधान दुनिया में सबसे बड़ा लिखित संविधान है। वरिष्ठ पत्रकार भगवान सहाय शर्मा ने भारत के संविधान की विशेषताओं पर अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा ने कहा कि संविधान दिवस हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों को याद करने और संविधान की मूल अवधारणाओं का प्रसार करने का अवसर है। पत्रकार मोहम्मद असलम ने कहा कि संविधान की मजबूती एवं स्पष्टता के कारण ही आज भारत का लोकतंत्र मजबूती के साथ खड़ा है। पत्रकार रविश टेलर ने कहा कि लोकतंत्र के चारों स्तंभों के अधिकार, कर्त्तव्य तथा क्षेत्राधिकार स्पष्ट होने से भारत का संविधान विश्व के लिए अनुकरणीय है। कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अक्षय नागरा ने कहा कि हमारे संविधान का आधार स्तंभ इसकी प्रस्तावना है।

हमारा संविधान ही प्रारंभ होता है- 'हम भारत के लोग' वाक्य के साथ, अर्थात यहां मैं नहीं हम की भावना के साथ राष्ट्र का एक-एक जन गणतंत्र के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यालय के जनसंपर्क कर्मी रिजवान अनीस ने कहा कि हमारे संविधान की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि यह जितना कठोर है उतना ही लचीला भी है। संविधान स्वयं में संशोधन की क्षमता भी रखता है। पत्रकार वजाहत अख्तर ने कहा कि भारत का संविधान भारतीय गणराज्य का सर्वोच्च कानून है। केशवराज सेन ने कहा कि भारत के संविधान द्वारा नागरिकों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को भी सुनिश्चित किया जाता है। कमलेश महावर ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन एवं संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। पत्रकार अनिल विजय ने भारत के संविधान को जन-जन की भावना और आकांक्षाओं का प्रतीक बताया। कमलेश सैनी ने कहा कि यह दिन हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों का याद दिलाता है। सुरेंद्र गुप्ता ने भारत के संविधान को प्रत्येक जाति, धर्म एवं समुदाय के लोगों को समान अवसर प्रदान करने वाला कहा।

### विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

संविधान दिवस पर सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में लगाई गई प्रदर्शनी का विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने संविधान निर्माण से संबंधित सवाल-जवाब भी किए। विद्यार्थियों के साथ आए शिक्षकों ने भारत के संविधान के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी।

# कुण्डेरा रेन्ज में बाघ टी-86 की मौत का मामला

## जांच कमेटी पहुंची रणथम्भौर, किया चौकियों का निरीक्षण

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** रणथम्भौर बाघ परियोजना की कुण्डेरा रेंज के अनियाला गांव में गत दिनों बाघ टी-86 की हत्या मामले में वन विभाग की ओर से गठित तीन सदस्यीय कमेटी ने रणथम्भौर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। इस दौरान कमेटी ने चौकियों का निरीक्षण किया। साथ ही वन अधिकारियों से कुछ रिकॉर्ड और दस्तावेज मांगे हैं। वहीं खुद कमेटी ने भी कुछ दस्तावेज जुटाए हैं। ऐसे में सीसीएफ की ओर से रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के बाद ही उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट पेश की जाएगी।

### लापता बाघों की भी करनी थी तलाश

वन विभाग के अनुसार कमेटी को रणथम्भौर से लापता हुए बाघों को भी तलाश करने की जिम्मेदारी दी गई थी। गौरतलब है कि अक्टूबर 2024 में जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार रणथम्भौर से 25 बाघ बाघिनों के लापता होने की बात कही गई थी।

### सी सी एफ से कुछ दस्तावेज मांगे हैं

कमेटी की ओर से लापता बाघों औार बाघ टी-86 की मौत की जांच के गठित की गई कमेटी ने गत दिनों रणथम्भौर का दौरा किया था। इस दौरान करीब तीन चौकियों की जांच की गई थी और कुछ दस्तावेज व साक्ष्य जुटाए थे। इस संबंध में रणथम्भौर के सीसीएफ से कुछ दस्तावेज मांगे हैं। दस्तावेज उपलब्ध कराने के बाद ही रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी।
**टी.मोहनराज, सदस्य, जांच कमेटी**

# जंगल से खेतों में पहुंचा बाघ, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

## गोठबिहारी गांव में खेतों में नजर आए बाघ के पगमार्क

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर ( बढ़ता राजस्थान ) ।** रणथंभौर के जंगलों से निकलकर एक बाघ रविवार देर रात गोठबिहारी गांव के खेतों में आ गया। बाघ करीब बीस मिनट तक खेतों में चहलकदमी करता रहा। बाघ के मूवमेंट से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है। बता दें कि गोठबिहारी गांव के आबादी क्षेत्र में आए दिन जंगली वन्यजीवों के बाहर आने का सिलसिला बना हुआ है। रणथंभौर से सटे इलाकों में अक्सर आबादी क्षेत्र या खेतों में बाघों व तेंदुओं की चहलक़दमी देखी जा सकती है। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार को खेतों में एक बार फिर से बाघ का मूवमेंट देखा गया। उस समय एक किसान अपने खेत पर गेहूं की फसल की रखवाली कर रहा था। इस दौरान खेतों में बाघ घूमता नजर आया। बाघ को खेत में देखकर मौके पर किसान एकत्रित हो गए। इसके बाद किसानों ने शोर-शराबा कर बमुश्किल बाघ को जंगल की ओर खदेड़ा। फिलहाल वन विभाग की ओर से इलाके में निगरानी बढ़ा दी गई है। वहीं ग्रामीणों को सतर्कता बरतने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### फिलहाल बाघ की पहचान नहीं हो सकी

एक बाघ खेतों के समीप आ गया था। फिलहाल बाघ की पहचान नहीं हो सकी है। एहतियात के तौर पर विभाग की ओर से मॉनिटरिंग कराई जा रही है।
**रामखिलाड़ी मीणा, क्षेत्रीय वनाधिकारी**

# ग्राम पंचायत दौलतपुरा के सरपंच का पद रिक्त घोषित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (नि.स.)।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीणा ने पंचायत समिति खण्डार की ग्राम पंचायत दौलतपुरा के सरपंच रामचरण गुर्जर की मृत्यु हो जाने पर राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा 39 (1) ड तथा राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियम 26 एवं पंचायतीराज विभाग की अधिसूचना द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ग्राम पंचायत दौलतपुरा के सरपंच का पद तत्काल प्रभाव से रिक्त घोषित किया है।

# अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के लिए अंबेडकर डीबीटी वाउचर योजना की अंतिम तिथि 30 नवंबर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** राजकीय स्नातक एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में अध्ययनरत अल्पसंख्यक समुदाय के ऐसे छात्र, जो कमरा किराये पर लेकर अध्ययन करते है, उन छात्रों के भोजन, बिजली-पानी एवं आवास सुविधा की राशि को अंबेडकर डीबीटी वाउचर योजना के अंतर्गत पुनर्भरण देय है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने नितेश जैन ने बताया कि योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर है। आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# पिच्छिका परिवर्तन समारोह का हुआ आयोजन

## जीवन को मोक्ष मार्ग पर चलाने के लिए परिवर्तन आवश्यक : आर्यिका विष्णु प्रभा माताजी

कृष्णचन्द्र विजय



**मालपुरा (बढ़ता राजस्थान)।** जयपुर रोड स्थित शांतिनाथ भगवान जिनालय पाण्डुकशिला में भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन हुआ। मंगलवार को आयोजित समारोह के बारे में जानकारी देते हुए प्रवक्ता विमल जेन कठमाना ने बताया कि आर्यिका विष्णुप्रभा माताजी एवं आर्यिका सुरम्यमती माताजी सहित प्रतिष्ठाचार्य डॉक्टर शैल दीदी व कनक दीदी के पावन सानिंध्य में भव्य पिच्छीका परिवर्तन समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ। पिपिच्छी परिवर्तन व कलश वितरण समारोह कार्यक्रम में झण्डारोहण भागचन्द अनिल कुमार सुनील कुमार अमन कुमार मंदोपुर द्वारा किया गया । वहीं चित्र अनावरण तारचन्द विमल कुमार राकेश कुमार संकल्प कुमार आर्यन कुमार मंदोपुर वाले वदीप प्रज्जलवनकर्ता त्रिलोकचन्द कैलाश चन्द रमेश चन्द राकेश कुमार जितेन्द्र कुमार कालेड़ा वालो द्वारा किया गया। समारोह में सम्पूर्ण की सभी तहसीलो से भारी संख्या में समाजबंधु व श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

**जीवन को मोक्ष मार्ग पर चलाने के लिए परिवर्तन आवश्यक :-** समारोह में भाग लेने आए समाजबंधुओं व श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए आर्यिका विष्णु प्रभा माताजी ने कहा कि जिस प्रकार आज पिच्छिका परिवर्तन हो रहा है ठीक उसी प्रकार इंसान को भी अपने जीवन को मोक्ष मार्ग पर चलाने के लिए समय समय परिवर्तन करना आवश्यक है। उन्होंने पिच्छिका परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इंसान के अच्छे बुरे कार्य ही परिणामो के कारण बनते हैं। जीओ ओर जीने दो के सिद्धान्त को ध्यान में रखकर इंसान को कल्याण की भावना के साथ अपने जीवन को आगे बढ़ाते रहना चाहिए। आर्यिका विष्णु प्रभा माताजी ने समाजबंधुओं व श्रद्धालुओं को अपने घर परिवार और समाज के साथ साथ अपने देश के प्रति भी उत्तरदायी बनने का संदेश दिया। वहीं आर्यिका सुरम्य मती माताजी ने अपने प्रर्वचनो में कहा कि मोर द्वारा स्वत: ही त्यागे गए पंख से बनी सुकोमल पिच्छिका को इंसान के लिए संयम व मर्यादा का एक सर्वोत्तम साधन बताया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कार्तिक मास के दोरान मोर द्वारा स्वत: ही अपने पंखो को त्यागा जाता है। श्रावको द्वारा इन्हीं मोर पंखो से पिच्छी का निर्माण किया जाता है। पुरानी पिच्छिका लेने वाले एवं नई पिच्छिका भेंट करने वाले अपना आगामी जीवन संयम व त्याग के साथ व्यतीत कर जीवन को सार्थक बनाने का कार्य करते हैं।

# विभिन्न मामलों में एक महिला सहित पांच गिरफ्तार



राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** मलारना डूंगर थाना पुलिस ने मारपीट व चोरी के अलग-अलग मामलों में एक महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। हेड कांस्टेबल दिलीप सिंह ने बताया कि मारपीट के आरोप में प्रहलाद (58), कैलाश (49) पुत्र तेजराम गुर्जर, धोली देवी (53) पत्नी प्रहलाद गुर्जर, मनराज (25) पुत्र प्रहलाद गुर्जर निवासी एबरा चौहानपुरा को गिरफ्तार किया है। इसी गांव की छोटी देवी (50) पत्नी हाकिम सिंह गुर्जर ने उक्त आरोपियों को नामजद करते हुए 28 अगस्त को एक तहरीर देकर बताया था कि 27 अगस्त शाम 7 बजे वह परिवार के लोगों के साथ घर पर थी। उक्त आरोपी एकराय होकर आए और परिवार के लोगों पर कुल्हाड़ी व लाठी से हमला कर दिया। हमले में प्रार्थिया के दो पुत्र व एक पुत्री के गम्भीर चोट आई है। इस पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच के बाद उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह थाना क्षेत्र के भड़कोली गांव में घर में घुस कर चांदी के जेवर चोरी करने के आरोप में दीपक पुत्र बुद्वीपरकाश वाल्मीकि को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पीड़ित मकान मालिक राधेश्याम पुत्र मूलचंद मीना निवासी भड़कोली ने दीपक को नामजद करते हुए घर में घुसकर चांदी की कणकती चोरी करने का आरोप लगाया था।

# मनाया संविधान दिवस



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.) ।** अम्बेडकर विचार मंच के तत्वावधान में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया।

अम्बेडकर लाईब्रेरी में युवाओ को भारतीय संविघान के प्रस्तावना को सुनाया गया। साथ ही बाबा साहब अम्बेडकर ने भारतीय संविधान के माध्यम से भारतीय युवाओं को दिए अधिकारो व कर्तव्यो के बारे में विस्तार से जानकारी देकर भारतीय संविधान की रक्षा करने का संकल्प भी दिलाया गया। वहीं अध्यक्ष गजेन्द्र बोहरा के नेतृत्व में बस स्टेण्ड पर बैरवा धर्मशाला के सामने स्थित बाबा साहेब कअम्बेडकर की प्रतिमा माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान मंच अध्यक्ष के अलावा रामलाल फौजी, नोरतमल वर्मा, अमित वर्मा, नरेन्द्र कुमार वर्मा, मोहम्मद नईम, नोरत बीलवाल राकेश बैरवा सहित अन्य कई युवा मौजुद रहे।

# भारतीय संविधान के 75 वर्ष - जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी

## लोकतांत्रिक मूल्यों और सवैधानिक आदर्शो का बोध कराता है संविधान दिवसः शुभम चौधरी

राकेश शर्मा



**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** जिला प्रशासन एवं कार्यालय सहायक निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क सवाई माधोपुर के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने की गरिमापूर्ण यात्रा एवं 10वें संविधान दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में जिला स्तरीय संविधान प्रदर्शनी एवं संविधान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि यह दिन न केवल हमारे देश के लिए ऐतिहासिक है, बल्कि यह हमें अपने लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक आदर्शों का स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि संविधान की सबसे बड़ी विशेषता इसकी लोकतांत्रिक भावना है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे संविधान की मूल भावना को समझें और उसे अपने जीवन में इसको आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि हम सब न सिर्फ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें, बल्कि अपने कर्तव्यों का भी निवर्हन अनिवार्य रूप से करें। जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने कहा कि हमारा संविधान हमें मूल अधिकार प्रदान करने के साथ-साथ हमसे मूल कर्तव्यों के निवर्हन की अपेक्षा भी करता है। वरिष्ठ साहित्यकार प्रभाशंकर उपाध्याय ने युवाओं से कहा कि भारत के लोग संविधान की पालना करेंगे तभी प्रसन्न रहेंगे और देश को अखण्ड व मजबूत राष्ट्र के रूप में अक्षुण बनाए रखेंगे। प्रोफेसर डॉ. राजेश मीणा ने सभी को भारतीय संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाते हुए बताया कि हमारा देश एक समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, गणराज्य है जहां सभी को आर्थिक सामाजिक व राजनैतिक स्वतंत्रता संविधान द्वारा प्रदत्त है। मंच संचालन सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के उप निदेशक हेमन्त सिंह ने किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र सुग्रीव मीणा, उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता गौरी शंकर मीणा, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरि सिंह मीणा, अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग ए.के.बुजेटिया, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी सुरेन्द्र कुमार मीणा, वरिष्ठ सहायक किरोड़ी लाल मीणा सहित मीडिया कर्मी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# संविधान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में विचार गोष्ठी का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.) ।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मालपुरा के तत्वावधान में मंगलवार को संविधान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। ब्लाक अध्यक्ष गोगाराम जाट के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय संविधान की रक्षा का संकल्प लिया गया।

साथ विचार गोष्ठी के वक्ताओं ने भारती संविधान के बारे में संक्षिप्त में जानकारी देकर भारतीय संविधान के माध्यम से मिले अधिकारो को काम में लेकर ईमानदारी के साथ देश के सच्चे नागरिक की तरह मिलकर काम करने का आव्हान किया गया। कार्यक्रम में किशनलाल फगोड़िया, इश्हाक नकवी, अवधेश शर्मा, कन्हैयालाल सैनी, करणसिंह, भैंरूलाल जाट, महावीर नामा, कैलाश दरोगा, गोविन्द चौधरी, अब्दुल वाहिद, चेतन सिंधी, नन्दलाल मीणा, रामलाल फौजी, उस्मान नागोरी, अब्दुल्ला गहलोत, गजेन्द्र बोहरा, नरेन्द्र फुलवारिया, गिर्राज शेरावत, महेश वर्मा, मुकेश माली सहित अन्य कई कांग्रेसजन मौजुद रहे।

# बलिकाओ ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.) ।** उपखण्ड क्षैत्र के चांदसेन स्थित राउमावि की 25 बालिकाओ ने आत्मरक्षा के गुर सीखे। इस संबंध में जानकारी देते हुए सिकोईडिकोन संस्था के शाखा प्रभारी विवेक त्रिपाठी एवं समन्वयक मनोज मीणा ने बताया कि संस्था द्वारा वर्तमान में चल रहे वातावरण में बालिकाओ को आत्मरक्षा के गुर सिखा कर उनको आत्मबल देने का प्रयास किया जा रहा है।

इन्हीं प्रयासो के अन्तर्गत मंगलवार को संस्था के दक्ष प्रशिक्षक जयमाला शारिरीक शिक्षक ने विद्यालय की 25 बालिकाओ को विभिन्न तरीको का ज्ञान देकर आत्मरक्षा गुर सिखाए। शाखा प्रभारी विवेक त्रिपाठी ने आत्मरक्षा के दाव पेच व शंका होने पर अपने अनुभव से आत्मरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संस्था प्रधान किशनलाल टेलर ने संस्था का आभार प्रकट किया।

# 28 नवंबर से 7 दिन तक चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

### जिला कलेक्टर ने नागरिकों से स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** कलेक्टर कल्पना अग्रवाल तथा पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत की अध्यक्षता में आज एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई इसमें उन्होंने कोटपूतली शहर में विभिन्न स्थानों पर हो रहे अतिक्रमण के बारे में जानकारी लेते हुए उन पर प्रभावी करवाई करने के लिए 28 नवंबर से 7 दिन तक शहर के विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए । जिला कलेक्टर ने बताया कि उपखंड अधिकारी कोटपुतली इस टीम को लीड करते हुए कोटपूतली शहर में जिन स्थानों पर भारी जाम की स्थिति रहती है उन स्थानों को चिन्हित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के बाद पुनः अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए गए इसके साथ ही उन्होंने पुनः अतिक्रमण की समस्या के स्थाई समाधान के लिए सीमांकन कर उन स्थानों पर बेरी केटिंग करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई में सभी व्यापारी आगे बढ़कर प्रशासन का साथ दें जिससे कोटपूतली शहर में जाम की समस्या का स्थाई समाधान निकाल सके। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### जागरूकता शिविर आयोजित

# सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट जज नीतू गुप्ता ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश जिला जज हरेंद्र सिंह के आदेश पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहन लाल सोनी के निर्देश राष्ट्रीय विधि दिवस, संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव अंबेडकर की चित्र पर भी माल्यार्पण किया गया। कॉलेज लक्ष्मीकांत शर्मा एप्रधानाचार्य श्री संजय गुप्ता जी स्वागत सत्कार के बाद नालसा थीम सॉन्ग एक मुट्ठी आसमान पर हक़ हमारा भी तो है के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के न्यायाधीश ने राष्ट्रीय संविधान दिवस, विधि दिवस दिवस के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बच्चों के मौलिक अधिकार, एवं संवैधानिक अधिकारों के सम्बंध में जानकारी दी पीएलवी अनिल कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के द्वारा 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पारित किया जिसे 9 नवंबर 1995 को लागू किया गया इसलिए 9 नवंबर को विधिक सेवा दिवस के रूप में मनाते हैं और इसी अधिनियम के तहत 5 दिसंबर 1995 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा की स्थापना हुई । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के निर्देश अनुसार तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति गोविंदगढ़ के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेड़ा महमूद में विधिक साक्षरता संविधान दिवस विधि दिवस पर पीएलवी अनिल कुमार ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। संविधान नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होने पर उपचार की गारंटी देता है। सरकार किसी के अधिकारों का उल्लंघन या उन पर अंकुश नहीं लगा सकती। जब इन अधिकारों का उल्लंघन होता हैए तो पीड़ित पक्ष अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। इस अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति के पी एल वी अनिल कुमार,नजीर संजय माथुर,राखी जैन, प्रिंसिपल लक्ष्मीकांत शर्मा,एल एन मीणा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शपथ समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को


बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** हरियाणा गौड़ ब्राहमण महासभा शहर के अध्यक्ष प्रमोद सामोत्या की अध्यक्षता में रविवार को बाल विहार स्कूल कंपनी बाग रोड पर शहर कार्यकारिणी का शपथ समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 एवं 12 तथा स्नातक, स्नातकोत्तर परीक्षा 2024 में न्यूनतम 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाओं तथा अन्य किसी शैक्षणिक, अशैक्षणिक, खेलकूद, मेडिकल, आईआईएम एवं अन्य उच्च व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में 2024 में प्रवेश प्राप्त किया है अथवा अन्य कोई विशेष उपलब्धि प्राप्त की हो। सितम्बर 2023 से अब तक एक वर्ष के अंतराल में राजकीय सेवाओं में चयन हुए है। डिग्री, डिप्लोमा प्राप्त प्रतिभाओं को महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीरधी चंद शर्मा द्वारा सम्मानित एवं पारितोषिक वितरण किया जाएगा। निर्धारित तिथि 18 दिसम्बर 2024 तक प्रतिभाओं के सम्बन्धित आवश्यक दस्तावेज,अंकतालिका, नियुक्ति पत्र, चयन पत्र अथवा प्रमाण पत्र मय एक फोटो के साथ अलवर मे जमा निम्न स्थानों पर जमा करा सकते हो। अजय घील तहसील अध्यक्ष मन्नी का बड़,जत्ती की बगीची नियर गर्ल्स स्कूल अलवर 94 1464 0047,शर्मा मिष्ठान भंडार जे ऐस फ्लैव्हील के सामने,संतोष शर्मा 9983596218। नवल किशोर शर्मा लीसोडा वाला कुआ बस स्टैंड के पास मो न 7742139292। प्रमोद सामोत्या मीणा पाड़ी मो न 9413443233 पर सम्पर्क करें।

### चिनार स्कूल के मालिक के घर मातापिता को बंधक बनाकर डकैती की घटना का पर्दाफाश

# वारदात की मुख्य सूत्रधार महिला सहित 6 डकैत गिरफ्तार







बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** कहते हैं, अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो कोई ना कोई सुराग अवश्य छोड़ जाता है। हाल ही में अलवर शहर के मध्य स्कीम-1 एक घर में हुई डकैती से जहां शहर लोग सन्न थे वही जिले के एसपी संजीव नैन व उनके अधीनस्थ अधिकारी भी इसी में जुटे रहे। मंगलवार को एसपी संजीव नैन कोतवाली थाने पहुँचें जहां हाल ही में शहर की स्कीम नंबर एक में चिनार स्कूल के मालिक के साथ हाथ पैर बांधकर डकैती की घटना को अंजाम देने वाले गैंग का पर्दाफाश कर खुलासा किया है । एसपी संजीव नैन ने बताया कि मामले को अंजाम देने वाली मुख्य सूत्रधार इसके काम करने वाली बाई ही निकली। हत्या के प्रयास व लूट के अनेक मामलों में फरारी काट रहे हिसार जिले के पाँच बदमाशों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला सहित 5 लोगो को अरेस्ट किया है। सीओ सिटी अंगद शर्मा के नेतृत्व व कोतवाल नरेश शर्मा व एसएचओ मालखेड़ा हितेश शर्मा की टीम की कार्यवाही बेहद शानदार रही।

**एसपी से मिले सीए :-** सीए ब्रांच के सदस्यों को जब ये पता चला कि पुलिस ने मामला खोल दिया है और आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है तो वे भी कोतवाली थाने पहुँचे जहां उन्होंने त्वरित कार्रवाही के लिए पुलिस टीम को साधुवाद भी दिया।

# एलबीएस महाविद्यालय में संविधान विषयक संगोष्ठि का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी ) ।** संविधान दिवस मनाने के लिये राजकीय एलबीएस कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान की विशिष्ट विशेषताओं पर केंद्रित विभिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यार्थियों ने संविधान से संबंधित विषयों जैसे प्रस्तावना, संशोधन, अनुच्छेद, रिट, विभिन्न विधेयक, नीतियाँ, महत्वपूर्ण मामले जिनके कारण संविधान में संशोधन हुआ आदि पर बात की। देश में वर्तमान उथल-पुथल के मद्देनजर, यह महसूस किया गया कि संविधान की विचारधारा और समय की बदलती जरूरतों को दर्शाने वाले नए विचारों का सम्मिश्रण लाने की आवश्यकता है। इस संगोष्ठी में, विभिन्न परस्पर विरोधी अधिकारों और विचारधाराओं के बारे में जानकारी दी गई, संविधान के मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों को चुनौती दी गई, विभिन्न प्रावधानों का विश्लेषण किया गया और सुझाव दिए गए। स्वतंत्रता, विकेंद्रीकरण और समानता की भारतीय विचारधारा संविधान में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। दर्शकों को भारतीय संविधान के महत्व, दोषों और सुझावों को प्रभावित करने वाले एक लंबे सत्र के बाद संगोष्ठी समाप्त हुई। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य आरके सिंह सहित कॉलेज की अन्य फैकेल्टी ने संविधान विषय पर अपने विचार रखें तथा शपथ ग्रहण का भी आयोजन किया गया।

# जिला नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. ) ।** नार्को कोर्डिनेशन सेन्टर जिला स्तरीय कमेटी की बैठक जिला मजिस्ट्रेट एवं कलक्टर कल्पना अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत की संयुक्त अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला मजिस्ट्रेट कल्पना अग्रवाल ने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति देश एवं मानव समाज के लिए घातक है। इस नशे की प्रवृति पर अंकुश लगाने के लिए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वाद-विवाद, पोस्टर, चित्रकला, निबंध जैसी प्रतियोगिताओं तथा प्रभात फेरी के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ इस प्रकार की नशे की सामग्री के रैकेट चलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करने की आवश्यकता है। इसी प्रकार बोर्डर, राज्य के नाकों से आने वाले वाहनों पर भी सघन जांच की कार्यवाही की जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ बसों एवं ट्रेनों में भी सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही संबंधित विभागों द्वारा आपसी तालमेल से की जाए। वहीं जो व्यक्ति नशे का आदी हो और नशे की प्रवृति से छुटकारा पाना चाहते है उनके लिए विशेष रूप से नशा मुक्ति केन्द्र का संचालन भी किया जाए। जिला कलेक्टर कल्पना सीएमएचओ से कहा कि वह एक डीओ लेटर तैयार करवाकर चिकित्सा विभाग में प्रेषित करें जिसमें जयपुर तथा अलवर के ड्रग कंट्रोलर के अधिकारियों की साप्ताहिक ड्यूटी जिला मुख्यालय पर देने के लिए निर्देशित किया जाए तथा ड्रग कंट्रोलर द्वारा अब तक की गई करवाई से अवगत कराने के बारे में सीएमएचओ से कहा।

जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की प्रवृति से बचाना एवं एनडीपीएस के मामलों में कमी लाना है। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे इस संबंध में खुफिया जानकारी पुलिस से साझा करें। पुलिस विभाग एनडीपीएस सामग्री के सीजर की कार्यवाही करने के साथ-साथ इस प्रकार के रैकेट चलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करेगी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा सूचना मिलने पर एनडीपीएस के प्रकरण दर्ज कर उन पर कार्यवाही की है। उन्होंने कहा कि कोई भी नागरिक नशे से संबंधित जानकारी जिला स्तरीय कंट्रोल रूम 9530427856 और 01421-248540 पर दे सकता है। जानकारी देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा,संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार महेंद्र जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष सिंह शेखावत, आबकारी अधिकारी , सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता रमेश दहमीवाल, सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनआईएस नेशनल कोच डॉ दीपिका अरोड़ा के नेतृत्व में राजस्थान टीम ने रचा इतिहास



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** 68 वी राष्ट्रीय स्तरीय अंडर 19 बालक एवं बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजन स्थल पटियाला में राजस्थान टीम ने इतिहास रचा राजस्थान की बालिका टीम ने 13 वर्षों के बाद फाइनल में पहुंच कर रजत पदक हासिल किया राजस्थान की टीम प्रशिक्षक डॉ दीपिका अरोड़ा के नेतृत्व में तेलंगाना छत्तीसगढ़ हिमाचल प्रदेश हरियाणा और सेमीफाइनल में तमिलनाडु टीम को हराकर कई वर्षों बाद फाइनल में प्रवेश किया फाइनल मैच पंजाब के साथ हुआ जिसमें पंजाब प्रथम एवं राजस्थान द्वितीय स्थान पर रही फिर भी राजस्थान की टीम ने पंजाब के लोगों का दिल जीत लिया उल्लेखनीय की डॉक्टर दीपिका अरोड़ा खुद भी राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी रह चुकी है और राजस्थान की पहली महिला कोच है जिन्होंने राजस्थान टीम को इस मुकाम पर पहुंचाया है गत वर्ष भी महाराष्ट्र में राजस्थान बालिका टीम 67वी राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजन स्थल महाराष्ट्र में सेमीफाइनल में पहुंचकर चतुर्थ स्थान हासिल किया था राज्य दल के साथ राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉ दीपिका अरोड़ा,मैनेजर चंद्रवीर सिंह पंवार, सामान्य व्यवस्था प्रभारी प्रवीण कुमार यादव मौजूद रहे।

# मत्स्य उत्सव-2024 : योगा फोर ऑल कार्यक्रम पुरजन विहार में आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय मत्स्य उत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में आमजन के स्वस्थ निरोगी जीवन के उद्देश्य से आयुर्वेद विभाग द्वारा 26 नवंबर को प्रातरू 7 बजे से पुरजन विहार कंपनी गार्डन में योगा फोर ऑल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका रहे, कार्यक्रम का संचालन दिनेश एवं आयुर्वेद विभाग की ओर से कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पवन सिंह शेखावत ने किया। आयुर्वेद विभाग की ओर से कार्यक्रम समन्वयक डॉण् पवन सिंह शेखावत ने बताया कि उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ हेमंत सीठा के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. सुशीला मीना तथा पतंजलि योग संस्थान, भारतीय योग संस्थान, कल्पतरु योग संस्थान, गांधी योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, हार्टफुलनेस सेंटर के योग शिक्षको ने मुख्य मंच से योगाभ्यास करवाया।

कार्यक्रम पतंजलि योग संस्थान प्रमुख रामदयाल चौधरी, हट्टी सिंह राजावत, भारतीय योग संस्थान प्रमुख संजय अग्रवाल, कल्पतरु योग संस्थान प्रमुख रामवतार शर्मा, सोनल धाकड़, हार्टफुलनेस सेंटर के जिला प्रमुख हेमनारायण सेन , गांधी योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान के प्रमुख योगाचार्य डॉ अशोक कुमार सहित विभिन्न प्रमुख संस्थानों के संस्था प्रमुख, योग शिक्षक, योग साधक एवं आमजन योग प्रेमी बंधुओ ने उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में कार्यकम समन्वयक डॉ पवन सिंह शेखावत ने सभी सहयोगियों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए योग से जुड़े सभी संस्थानों सेए योग साधकों से आमजन को योग से निरोगष् बनाने के लिए जन जन को योग से जोड़ने के संकल्प का आव्हान किया।

पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक टीना यादव ने बताया कि कार्यक्रम में आयुर्वेद विभागए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, बाल संरक्षण अधिकारी, जिला खेल अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र, सीओ स्काउट, ट्रैवल. ट्रेड के प्रतिनिधियों, अलवर. सरिस्का होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन एवं संयुक्त व्यापार महासंघ, मीडिया बंधु एवं आमजन की सहभागिता एवं सहयोग रहा।

### संविधान की बदौलत आज देश विश्वगुरु बनने के कगार पर : शेखावत

# कहाँ गया इंडिया गठबंधन और अम्बेडकर वादी : दीक्षित

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** देश के संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ बड़े उत्साह एवं उमंग से मनाई गईं। इस अवसर पर विधायक देवीसिंह शेखावत का पारा सातवें आसमान पर नजर आया। उन्होंने हरसौरा रोड़ स्थित अम्बेडकर सर्किल के सामने गन्दगी का ढेर देखकर नगर पालिका प्रशासन को खूब लताड़ा। उन्होंने कहा कि यह महापुरुष हमारा ही नहीं अपितु राष्ट्र का महापुरुष है, और यहाँ गन्दगी का ढेर सुधर जावो नहीं तो मुझे सुधारना आता है। उसके तत्काल बाद ही नगर पालिका का ट्रेक्टर व सफाई कर्मी उपस्थित हुए और उन्होंने उस गन्दगी को उठाया। संविधान दिवस पर विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि देश संविधान से चलता है किसी की मोनोपोली से नहीं। यह दिवस 26नवम्बर 1949 को जीवित भारतीयों ने देखा होगा। उसकी प्रसन्नता आज दिखाई दें रही है जब भारत विश्वगुरु बनने की और अग्रसित है। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत बोहरा ने कहा कि यह दिन अतिविश्मरणीय है जिसकी बदौलत सबको समान अधिकार और कर्तव्य मिले हैं।

नगर पालिका चेयरमेन प्रतिनिधि व भाजपा नेता सज्जन मिश्रा ने कहा कि 2017से पूर्व इस दिवस को क़ानून दिवस कहा जाता था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने गहन अध्यन,चिंतन और मंथन के बाद इस दिवस को संविधान दिवस नाम दिया। वहीं भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष और सदस्यता अभियान के सहसंयोजक रामानंद दीक्षित ने कहा कि कहाँ गए इंडि गठबंधन के लोग और कहाँ गए स्थानीय अम्बेडकरवादी जो सीना फाड़कर कहा करते थे कि हम महापुरुषों के अनुयायी हैं और संविधान की पालना करते हैं। बानसूर के तथाकथित अम्बेडकरवादी, राजस्थान मेघवाल समिति के अध्यक्ष और कार्यकर्त्ता, अम्बेडकर समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष और कार्यकर्त्ता अम्बेडकर सर्किल पर बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा के आगे पीछे कहीं नजर नहीं आए। वहीं लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश सचिव सुगनचन्द मौर्य की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए। अम्बेडकर सर्किल का जीर्णोद्धार करने की नगर पालिका प्रशासन ने गारंटी दी। इस दौरान पर भाजपा नेता सज्जन मिश्रा व डॉ शशिकांत बोहरा मौके पर डटे रहे इस मौके पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष महावीर बालासिया,सदस्यता अभियान के जिला संयोजक व जिला उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत बोहरा,पूर्व मण्डल अध्यक्ष व सदस्यता अभियान के सहसंयोजक रामानंद दीक्षित,चेयरमैन प्रतिनिधि व भाजपा नेता सज्जन मिश्रा, ठेकेदार निरंजन लाल सैनी समाजसेवी, एडवोकेट धंशीराम रावत,विक्रमसिंह शेखावत,विकास जोशी,संकेत लाटा,ओमप्रकाश मोगर,योगेश सोनी,हेमलता सिसोदिया, सुनीता मीणा, मंजू शर्मा,राखी गुप्ता,एमपीएस प्रदीप कुमार यादव, संदीप अग्रवाल, आईटी सैल के विजय कुमावत,देवेन्द्र प्रजापत, पूर्णसिंह शेखावत, नगर पालिका पार्षद मनीष जोशी,दयाराम गुर्जर, मुकेश सुरेला, साहिल मीणा,सहित काफ़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

# दो अलग -अलग प्रकरणो में दो गिरफ्तार, हरसौरा पुलिस की कार्यवाही, एक शराब तो एक हथियार के साथ

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** वृत्त क्षेत्र की पुलिस वृतांधिकारी की पोस्ट खाली होते भी लगातार प्रभावी कार्यवाही कर रही है। जारी प्रेसनोट के मुताबिक एक कार्यवाही में 48पव्वों के साथ जयप्रकाश पुत्र द्वारकाप्रसाद जाती मेघवाल आयु 46वर्ष निवासी हरसौरा को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरे प्रकरण में मोहित कुमार उर्फ़ गुल्लु पुत्र जयराम जाती मेघवाल आयु 22साल निवासी कांकरा पोस्ट तरवाला जिला खैरथल तिजारा को गिरफ्तार किया है।प्रथम प्रकरण की टीम में थानाधिकारी प्रदीप कुमार,हैडकांस्टेबल गिर्राजसिंह,कांस्टेबल योगेश कुमार,राजेश कुमार,अरुण कुमार शामिल रहे। वहीं दूसरे प्रकरण की टीम में थानाधिकारी प्रदीप कुमार,हैडकांस्टेबल रामकुमार,कांस्टेबल राजेश कुमार,सुरेन्द्र सिंह,व अमरचन्द शामिल रहे। उक्त दोनों टीमों ने बड़ी मकस्त के बाद दोनों अपराधीयों को गिरफ्तार किया।

# कोटा में संविधान दिवस पर प्रदर्शनी और संगोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** संविधान दिवस के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सभागार में विशेष प्रदर्शनी और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सीलिंग) श्रीमती कृष्णा शुक्ला ने किया। उन्होंने भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे संपूर्ण भारत की आत्मा करार दिया।

**प्रदर्शनी का उद्घाटन और संदेश :** श्रीमती शुक्ला ने प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए छात्रों को संविधान की विशेषताओं और उसके महत्व को समझने की प्रेरणा दी। प्रदर्शनी में भारतीय संविधान के निर्माण, उसकी विशेषताओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था में उसकी भूमिका को दर्शाया गया।

**भारतीय संविधान की व्याख्या और प्रेरणा :** कार्यक्रम के दौरान आयोजित संगोष्ठी में साहित्यकार रामेश्वर शर्मा 'रामू भैया' ने भारतीय संविधान पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने संविधान पर लिखी अपनी कविता का पाठ करते हुए संविधान के निर्माण में झलकी भारतीय संस्कृति और उसकी विशेषताओं का वर्णन किया। पूर्व उपनिदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग प्रभात सिंगल ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान को हर भारतीय के लिए सबसे बहुमूल्य धरोहर बताया। उन्होंने संविधान के समानता, स्वतंत्रता, अधिकार और कर्तव्यों जैसे बुनियादी सिद्धांतों को राष्ट्र के विकास का आधार बताया। रिटायर सीनियर सेक्शन इंजीनियर, भारतीय रेलवे, श्री राम मोहन कौशिक ने अपने उद्बोधन में संविधान निर्माण से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि संविधान को श्री प्रेम बिहारी द्वारा हाथ से लिखा गया, जिसके लिए उन्होंने कोई मानदेय नहीं लिया। उन्होंने यह भी बताया कि संविधान की मूल प्रति को हीलियम गैस चेंबर में सुरक्षित रखा गया है।

**भारतीय संविधान की विशेषताएं और योगदान :** संगोष्ठी में बताया गया कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। इसे बनाने के लिए विभिन्न देशों के संविधानों का गहन अध्ययन किया गया और उनकी श्रेष्ठ विशेषताओं को इसमें समाहित किया गया। संविधान सभा में विभिन्न विद्वानों और नेताओं के योगदान पर विशेष चर्चा हुई।

**प्रश्नोत्तरी में छात्रों की भागीदारी :** उपनिदेशक मुस्तफा शेख ने छात्रों और दर्शकों के साथ संवाद किया और संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। संगोष्ठी और प्रदर्शनी के दौरान मंच संचालन साहित्यकार विजय जोशी ने किया। कार्यक्रम में सहायक निदेशक रचना शर्मा, लेखाधिकारी देवेंद्र चौहान, सहायक जनसंपर्क अधिकारी आकांक्षा शर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी नितेंद्र सिंह चौहान, लिपिक राजेश गुर्जर, सूचना सहायक बृजबाला मीणा, कंप्यूटर ऑपरेटर विजय और अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।




# भामाशाह परिवार की ओर से छात्र छात्राओं को गर्म वस्त्र वितरित किए



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाड़लिया व प्राथमिक विद्यालय लाखाखेड़ी में मंगलवार को भामाशाह के सहयोग से 131 छात्र छात्राओं को गर्म स्वेटर जर्सी वितरण की गई, गर्म वस्त्र पाकर बच्चो के चेहरे खिल उठे। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाड़लिया में भामाशाह जगदीश अग्रवाल कृष्णकांत अग्रवाल परिवार की ओर से कक्षा एक से 5 वी तक पढ़ने वाले सभी 80 छात्र छात्राओं को स्वेटर जर्सी वितरण की गई। कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई इस अवसर पर प्रधानाचार्य पी सी मीणा ने अपने संबोधन में भामाशाह के इस कार्य की सराहना की,साथ कहा भामाशाह स्व हरिकृष्ण अग्रवाल द्वारा चलाए कार्यो को उनके पुत्र भी लगातार चला रहे है इसी पुण्य आत्मा कम ही होती है जो निर्धन परिवार को समय समय पर सहायता करते रहते है। कार्यक्रम में महात्मा गांधी इंग्लिश स्कूल के प्रधानाध्यापक कुमोदशर्मा, व्यापार महासंघ चौमहला के संयोजक दिलीप जैन ,राजेश्वरी अग्रवाल सहित अध्यापक राजेंद्र गुजर,सुरेश शर्मा, प्रभुलाल ,संतोष गंधर्व सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। भामाशाह परिवार द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय लाखाखेड़ी में 51 छात्र छात्राओं को गर्म वस्त्र वितरित किए गए,प्रधानाध्यापक त्रिलोक शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। चौमहला निवासी जगदीश अग्रवाल कृष्णकांत अग्रवाल हर वर्ष क्षेत्र के अलग अलग स्कूल में बच्चों को गर्म वस्त्र वितरण करते है,उनके स्व पिता हरीकृष्ण अग्रवाल बरसो से बच्चो को गर्म वस्त्र चरण पादुका वितरण करते आए हैं गत चार वर्षो से उनके पुत्र इस परंपरा को निभाते आए है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की कार्ययोजना के संबंध में बैठक आयोजित

# जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु समन्वित प्रयास आवश्यक : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** चित्तौड़गढ़ जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु सभी को समन्वित रूप से कार्य करना होगा तभी हम जिले को बाल विवाह मुक्त कर पाएंगे । जिला कलक्टर आलोक रंजन ने बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित होने वाले बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की कार्ययोजना बैठक में उक्त निर्देश सभी विभागों के अधिकारियों को दिये । जिला कलक्टर ने कहा कि बाल विवाह को रोकने में प्रत्येक विभाग को अपनी अपनी भूमिका निर्वहन के साथ-साथ जनसहभागिता एवं जनजागरूकता भी आवश्यक है, इसलिए इस अभियान में अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित की जावे एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों, विधिक प्रावधानों से भी अवगत कराया जाये, ताकि जनसामान्य बाल विवाह रोकने में अपनी भूमिका निर्वहन कर सके। जिला कलक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विद्यालयों में नियमित रूप से बाल विवाह प्रतिषेध एवं नशा विरोधी गतिविधियों का संचालन करे इसी प्रकार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम विकास अधिकारी उनके क्षेत्र में कोई भी बाल विवाह न हो, इस हेतु महत्ती भूमिका का निर्वहन करें एवं इस अभियान में जनप्रतिनिधियों की भी भागीदारी सुनिश्चित करावें तथा सभी विभाग अपने अपने कार्मिकों, विद्यालयों, संस्थानों में बुधवार को बाल विवाह प्रतिषेध की शपथ भी दिलायें । अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम ने कहा कि गांव गांव ढाणी ढाणी तक हमें अपनी पहुंच बनाते हुए बाल विवाह नहीं हो इस हेतु प्रयास करने होंगे तभी बाल विवाह प्रतिषेध अभियान सफल हो सकेगा। अतिरिक्त कलक्टर रामचन्द्र खटीक ने कहा कि हमे जनसामान्य को इनता जागरूक करना होगा कि कहीं पर भी बाल विवाह का अन्देशा होने पर उसकी सूचना हमारे पास विवाह से पहले ही पहुंचे और हम ऐसे बाल विवाह को रोक सके ताकी जिले में कोई बाल विवाह न हो। सहायक निदेशक ओम प्रकाश तोषनीवाल ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के संबंध में कार्ययोजना से सभी को अवगत कराया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 ताराचन्द, जिला शिक्षा अधिकारी (मा0) कल्पना शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0) राजेन्द्र शर्मा, पुलिस उप अधीक्षक वेदप्रकाश, जिला रसद अधिकारी हितेश जोशी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के विकास खटीक, उपनिदेशक महिला बाल विकास विभाग एन एल मेघवाल, चाइल्ड लाईन 1098 जिला समन्वयक नवीन काकडदा, काउंसलर करण जीनेवाल, भगवती सेवा एवं शिक्षण संस्थान बस्सी रामगोपाल ओझा, ज्ञानदीप केयर होम चित्तौडगढ धर्मचन्द सुहालका, आदि उपस्थित रहे ।



# भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान में ऊँच नीच का भेद मिटाकर आमजन को समानता का अधिकार देकर देश को मजबूत किया : रविंद्र त्यागी

### आजादी के बाद से देश संविधान से चल रहा है वर्तमान सत्तारूढ़ पार्टी संविधान के साथ छेड़छाड़ कर रही है : प्रहलाद गुंजल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स.)।** पीसीसी के निर्देश पर कांग्रेस कार्यलय में कमेटी की ओर से कांग्रेसजनों अम्बेडकर जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस पर गोष्ठी आयोजित की बैठक में रविंद त्यागी ने संविधान सुरक्षा के लिए 60 दिन का ब्लॉक वार्ड वाइज अभियान चलाने के निर्देश दिये। एआईसीसी,पीसीसी के निर्देश पर राजस्थान भर में कांग्रेस जिला कार्यालयो में संविधान दिवस पर गोष्ठी आयोजित कर संविधान सुरक्षा हेतु 60 दिन का ब्लॉक वार्ड वाइज अभियान चलाने का कार्यक्रम दिया है इसी के तहत 26 नवम्बर मंगलवार को गुमानपुरा स्थित कांग्रेस कार्यलय में दोपहर 12 बजे शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से संविधान दिवस पर शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेस जनों ने संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी का आयोजन किया गोष्ठी में पीसीसी से आये निर्देश पर संविधान की सुरक्षा जानकारी हेतु वार्डवाईज 26 जनवरी तक कार्यक्रम अभियान चलाने के लिए वक्तताओ ने अपने अपने विचार रखे ।




मुख्य वक्ता के रूप में डीसीसी उपाध्यक्ष जगदीश ठाड़ा ने कहा कि संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर जी ने संविधान का निर्माण कर देश को नई दिशा दी आज हमारा देश संविधान के ऊपर ही चल रहा है संविधान से ही देश आगे बढ़ता है हमे इसकी रक्षा और सम्मान करना चाहिए संविधान में बाबा साहब ने सामाजिक कुरीतियों को खत्म कर समान अधिकार दिलाया उन्होंने वार्ड वाइज कार्यक्रम चलाने के लिए कार्य कर्ताओ से आव्हान किया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए रविन्द्र त्यागी ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी ने अपने संविधान कमेटी के मेम्बर्स के साथ मिलकर 26 नवंबर 1949 संविधान का मसौदा तैयार कर अपनाने के लिए पेश किया ।बाबा साहब कमेटी के अध्यक्ष थे जिसको 26 जनवरी 1950 देश मे लागू किया गया। कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल ने कहा कि आज हमारा देश आजादी के बाद से संविधान के तहत चल रहा है जिसने इसके साथ छेड़छाड़ की उसका बुरा असर हुआ है उन्होंने कहा कि आज ग्राम पंचायत से लेकर लोकेसभा तक चुनाव होते है संवेधानिक पद पर बैठते है धाराएं होती वो सब संविधान के तहत ही होती है लेकिन आज केन्द्र में बैठी सरकार संविधान को हल्के में ले रही है जिस तरीके से संविधान को गलत प्रयोग कर रही है वो उनके लिए आगामी भविष्य के लिये घातक सिद्ध होंगा । लाडपुरा प्रधान नईमुद्दीन गुड्डु ने सभी कार्यकर्ताओं को 26 जनवरी तक अभियान चलाने के लिए कार्यकर्ताओं को आव्हान किया। कांग्रेस नेता डॉ विजय सोनी ने बताया कि गोष्ठी को प्रमुख रूप से पूर्व पीसीसी सचिव शिवकांत नंदवाना,कोटा दक्षिण उपमहापौर पवन मीणा,कैथून नगर पालिका पूर्व चेयरमैन आइना महक, पीसीसी सदस्य यशवन्त चैधरी,डॉ विजय सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष ललीत शर्मा, अनुप मेहरा, कोषाध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष शालिनी गौतम, पार्षद इशरार मोहम्मद, मनोज गुप्ता, कुलदीप प्रजापती, दिपक वर्मा, सोनू अब्बासी, अपुन कुमार, सलीना सेरी, विपीन बरथुनिया, उपाध्यक्ष मालती शर्मा, सचिव पूनम कवॅर, रेहाना,संजय यादव, हिमांशु शर्मा, हंसराज गोस्वामी,धर्मा गोचर,विजय गुप्ता,बाबू भाई, आदी कई कार्यकर्ता मैजूद रहे।

# महांकाल सेना रक्तदाता समूह के बैनर तले विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के चौमहला में महांकाल सेना रक्क्तदाता समूह के बैनर तले विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुवा। चौमहला कस्बे के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे स्वर्गीय अनिल गुप्ता के पुत्र भव्य गुप्ता के जन्मदिन पर महांकाल सेना रक्तदाता समूह के तत्वावधान मै विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत परिसर में किया गया। मेडिकल टीम रक्तिमा ब्लड बैंक भवानीमंडी के कर्मियों द्वारा रक्त कलेक्ट किया किया रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने भाग लिया व भव्य गुप्ता को जन्म दिन की शुभकामनाएं दी। शिविर में दोपहर तीन बजे तक 72 युनिट रक्तदान कलेक्ट किया गया ।उल्लेखनीय है कि महांकाल रक्क्तदाता समूह एक सामाजिक संस्था है जिसकी समय समय पर हर सामाजिक कार्यो में अग्रणीय भूमिका रहती है ।व हर सामाजिक कार्यो में निस्वार्थ भाव से बिना किसी लाभ हानि के कार्य करती है। जो सराहनीय है।

# संविधान दिवस पर जिला स्तर पर संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन

### अधिकारियों ने प्रस्तावना का किया वाचन

बढ़ता राजस्थान

**अंता बारां (शफीक मंसूरी)** । राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वाधान में संविधान दिवस पर मंगलवार को कन्या महाविद्यालय अस्पताल रोड़ बारां में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर संविधान के इतिहास, महत्व और सिद्धांतों पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। तथा अधिकारियों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थितिजनों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। अधिकारी और कर्मचारियों ने संविधान की शपथ ली। मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों के अनुपालन का संकल्प भी दोहराया गया। कार्यक्रम में संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता सहायक निदेशक डॉ सतीश लहरी ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर का संविधान में बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसे एक मजबूत और न्यायपूर्ण दस्तावेज बनाया है। अंबेडकर ने संविधान के मसौदे को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने संविधान में समानता, न्याय और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को शामिल किया। उन्होंने कहा कि संविधान सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि लोकतंत्र का दर्शन है। यह नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को निर्धारित करता है। पीआरओ देवेंदर प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि संविधान दिवस के इस आयोजन से संविधान के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने संविधान में मौलिक अधिकारों के साथ शामिल चित्रों का विशेष उल्लेख किया। कार्यक्रम के अंत में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया और मतदान की शपथ दिलाई गई। वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में जानकारी दी गई।इस अवसर संयुक्त निदेशक हरिभल्लब मीणा, प्राचार्य संजय मेहता, एपीआरओ मोहन लाल जयपाल, वीडीओ सुरेश चौधरी सहित छात्र-छात्राओं और प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों की भी सक्रिय भागीदारी रही।




### अंता दाईं मुख्य नहर में इस जगह हर साल होता है रिसाव

# तजुर्बे का अभाव किताबों के ज्ञान से दाईं मुख्य नहर में रिसाव, कैसे चलेगा काम

बढ़ता राजस्थान

**अंता (शफीक मंसूरी)।** अंता पुलिया से 78.50 किलो मीटर से अंता बारा पुलिया के नजदीक दाई मुख्य नहर में जबरदस्त रिसाव हो रहा है। नहर के धरातल से बाहर की ओर पानी की प्रेशर की तरह धाराएं चल रही है । विभाग ने नहर में जलप्रवाह शुरू किया ही है जो नहर की क्षमता से आधी चल रही है ऐसे में नहर ने दम तोड़ोना चालू कर दिया। जब नहर में पूरी तरह जलप्रवाह चालू होगा तो नहर को चलाने वाले किताबी ज्ञान अधिकारियो को नहर चलाना चुनौतीपूर्ण कार्य होगा । आपको बता दे अंता बारां पुलिया से दाई और हर साल इसी जगह पर रिसाव होता है ।नहर बंद होने के बाद विभाग द्वारा निर्माण कार्य के नाम पर लीपापोती की जाती है जो नहर के चालू होने पर वापस रिसाव चालू हो जाता है । रिसाव चालू होने पर सीएडी अधिकारी आनन फानन में दर्जनों ट्रैक्टर मिट्टी डलाई जाती है वहीं हजारों सीमेंट के खाली कट्टे मिट्टी से भरवा कर नहर में डलवाए जाते हैं फिर रिसाव पूरी तरह बंद नहीं होता । और इस रिसाव के नाम पर नहर बंद होने के बाद भी और नहर चालू होने के बाद भी रिसाव के नाम पर लाखों के बिल उठाए जाते हैं यह देखने वाली बात है हर साल इसी जगह रिसाव क्यों होता है ।




### सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता दोनों अधिकारियों का गैर जिम्मेदाराना बयान

दाई मुख्य नहर को 78.50 से 103.50 तक नहर की देख रेख करने वाली कनिष्ठ अभियंता ने गैर जिम्मेदाराना बयान दिया । नहर में हो रहे जबरदस्त रिसाव के बारे में जानकारी लेने पर कहा कि बहुत पुरानी नहर है जर्जर हो रही है ऐसे में कहीं भी रिसाव हो जाता है ।अभी कुछ दिन पहले दिगोद के यहां पर पूरी नहर मे भारी रिसाव होने से खेतो मे पानी पहुंच गया । कोशिश कर रहे हैं रिसाव को बंद करने की मौके पर ही कार्य को देख रहे हैं सहायक अभियंता ने कहा रिसाव को बंद करने मे लगे हुए है ।

### संविधान दिवस पर प्रदर्शनी आयोजित, जिला कलक्टर ने फीता काटकर की शुरुआत

# संविधान की विशेषताओं की जानकारी बनाएगी अधिकारों और कर्तव्यों की बेहतर समझ : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** संविधान दिवस के अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में फोटो प्रदर्शनी का विधिवत फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सभी नागरिकों को संविधान के प्रति सम्मान और कर्तव्यों को समझने का एक अवसर प्रदान करता है। उन्होंने प्रदर्शनी में लगाए गए एतिहासिक दुर्लभ छायाचित्रों का अवलोकन कर संविधान निर्माण में संविधान निर्माण सभा के गठन से लेकर संविधान लागू होने तक के छाया चित्रों का समावेश करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी हमें हमारे इतिहास से परिचित कराती है। उन्होंने कहा कि संविधान की विशेषताओं से आम नागरिक अवगत होगा तो अपने अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बेहतर समझ बना सकेगा, कर्तव्य और अधिकार एक साथ चलते हैं। प्रदर्शनी में संविधान निर्माण सभा के सभी सदस्यों के सामूहिक छायाचित्र, प्रारूप समिति अध्यक्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा संविधान के प्रारूप की प्रति संविधान निर्माण सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को सौंपते हुए। प्रथम संसद के सत्र का विहंगम दृश्य, प्रथम मंत्रीमंडल के सदस्यों के छायाचित्र, संविधान की मूल प्रति पर प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, सरदार पटेल हस्ताक्षर करते हुए के दुर्लभ छायाचित्र भी प्रदर्शित किये गये हैं। सम्पूर्ण प्रदर्शनी में संविधान निर्माण सभा के गठन से संविधान लागू होने तक के छायाचित्रों को श्रृंखलावार प्रदर्शित किया गया है। साथ ही प्रदर्शनी में संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्यों, प्रस्तावना का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर डॉ. साधना शर्मा सहित अधिकारीगण, प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। सहायक निदेशक राजकुमार मीना एवं सहायक जनसम्पर्क अधिकारी रोहित मित्तल ने प्रदर्शनी के बारे में अवगत कराया।

# लखैपुरा गांव में फंदे पर झूलते हुए विवाहिता का शव मिला

### पीहर पक्ष ने लगाया दहेज के लिए हत्या का आरोप

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( नि.स. )।** उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के लखेपुरा गांव में एक विवाहिता का शव उसी के कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता मिला है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे पीहर पक्ष ने दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है। कंचनपुर पुलिस ने घटना के बाद मृतका के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया है। पंचनामे के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के लखेपुरा गांव में करीब चार वर्ष पहले बसेड़ी के बागथर गांव निवासी रमाकांत जाटव की पुत्री 24 वर्षीय भारती की शादी गांव के हेतराम जाटव के पुत्र बृजेश जाटव के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन मृतका भारती को दहेज के लिए परेशान कर रहे थे। मृतका भारती के चाचा अमर सिंह ने बताया कि उनकी बेटी जब घर आकर ससुराल वालो की शिकायत करती थी तो वह उसे समझाते थे। एक दो बार बेटी के ससुराल लखेपुरा जाकर ससुराल वालों से भी समझाईश की लेकिन आरोपियों पर कोई असर नहीं हुआ।

**रात एक बजे पहुंचा पीहर फोन, तब हुई जानकारी :** चाचा अमर सिंह ने बताया कि सोमवार की रात एक बजे उनके गांव के सरपंच पर फोन आया की रमाकांत की बेटी भारती की ससुराल वालों ने हत्या कर दी है। इस पर सरपंच ने उनको जानकारी दी। रात को ही सभी लोग गांव लखेपुरा पहुंचे जहां ससुराल वाले नहीं मिले। भारती का शव एक कमरे में बंद था। कंचनपुर पुलिस भी मौके पर मौजूद थी।बाद में शव को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी रखवा दिया गया।

**परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम :** कंचनपुर थाने के एएसआई होतम सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर मौके पर पहुंच मृतका के शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी रखवाया था। आज सुबह परिजनों और पीहर पक्ष की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया है। पंचनामा के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

**4 वर्ष पूर्व हुई थी शादी,दो बच्चों को छोड़ गई मृतका भारती :** परिजनों ने बताया कि 4 वर्ष पहले भारती की शादी लखेपुरा के बृजेश जाटव के साथ हुई थी। उसके दो बच्चे है। बड़ा बेटा आदित्य 2 वर्ष का है और बेटी नायरा 1 वर्ष की है। दोनों बच्चों को रोता छोड़कर दुनिया से चली गई है।

**भारती की मां ने कराया मामला दर्ज :** 24 वर्षीय मृतका भारती की मां रंजीता पत्नी रमाकांत जाटव ने घटना को लेकर ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है। जिसमें दो लाख रुपये की नगदी और एक मोटरसाइकिल मांगे जाने को लेकर भारती को लगातार परेशान करने और गला घोटकर फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है।

## सीपीआर के बावजूद नहीं बची कॉन्स्टेबल की जान : ड्यूटी पर जाते समय अचानक तबीयत बिगड़ी; पिता की जगह अनुकंपा नियुक्ति मिली थी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर पुलिस लाइन में ड्यूटी पर जा रहे कॉन्स्टेबल की अचानक तबीयत बिगड़ गई। साथियों ने उसे संभाला और सीपीआर दिया। हालांकि जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मामला मंगलवार सुबह 9 बजे का है। पुलिस लाइन ऑफिसर मोहन सिंह ने बताया कि पत्तीपुरा बसेड़ी निवासी कॉन्स्टेबल दिलीप सिंह (46) की ड्यूटी बंदियों को जिला अस्पताल में दिखाने के लिए लगाई गई थी। दिलीप सिंह सुबह 9 बजे पुलिस लाइन में बस के पास पहुंच गया, जहां उनका शरीर अकड़ गया। मौके पर मौजूद लाइन मुंशी रामकुमार ने कॉन्स्टेबल को पानी पिलाया तो उल्टी कर दी और अचेत हो गया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने सीपीआर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

**पिता की मौत के बाद अनुकंपा नियुक्ति मिली थी**

कॉन्स्टेबल दिलीप सिंह के पिता महेंद्र सिंह धौलपुर पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल थे। महेंद्र सिंह की ऑन ड्यूटी मौत हो जाने के बाद साल 2001 में दिलीप सिंह को अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। कॉन्स्टेबल दिलीप सिंह पुलिस लाइन से पूर्व सैंपऊ थाने और ट्रैफिक पुलिस में तैनात रह चुके थे। उन्होंने ज्यादातर ड्यूटी पुलिस लाइन में ही की थी। दिलीप सिंह के दो बेटे और दो बेटियां हैं। एक बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि एक बेटी और दो बेटे पढ़ाई कर रहे हैं। धौलपुर जिला अस्पताल के डॉ दीपक जिंदल ने बताया कि जिस तरह के लक्षण पुलिसकर्मियों ने बताए थे, उसके मुताबिक कॉन्स्टेबल की मौत हार्ट अटैक से ही हुई है।

## राजाखेड़ा में बिजली विभाग की कार्रवाई 3.5 लाख रुपए के बकाया पर 2 ट्रांसफॉर्मर की सप्लाई बंद, अवैध केबल हटाई

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजाखेड़ा में बिजली विभाग की टीम ने बकायादार उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की है। विभाग ने बकायादार उपभोक्ताओं के ट्रांसफॉर्मर को बंद कर लाइन से अवैध केबिलों को भी हटाया। सहायक अभियंता आर.डी. मीना के निर्देशन में कनिष्ठ अभियंता शहर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा शहर के फीडर नंबर 2, 3, 4, 5 पर लगा रखी अवैध केबिलों को हटवाया गया है और शून्य बिलों को चेक कर कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही नियमित उपभोक्ताओं से रिकवरी कर मौके पर ही 1 लाख 30 हजार रुपये के बकाया विद्युत बिल जमा करवाए। कनिष्ठ अभियंता ग्रामीण विशाल जयशवाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा गांव भगवानपुर में 2 लाख रुपये की बकाया राशि पर 5 केवीए ट्रांसफार्मर की विद्युत सप्लाई बंद की गई। इसके साथ ही गांव नायला में 1.5 लाख रुपये की बकाया राशि पर 5 केवीए ट्रांसफार्मर की विद्युत सप्लाई बंद की गई है। कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके से ही डीसी, पीडीसी और नियमित उपभोक्ताओं से करीब 4.5 लाख रुपये के बिल जमा कराए है।

**टीम ने उपभोक्ताओं से की समझाइश, एमनेस्टी योजना का उठाएं लाभ :** कार्रवाई के दौरान टीम ने डीसी, पीडीसी उपभोक्ताओं से समझाइश करते हुए कहा कि वह अपना बकाया बिल विभाग द्वारा जारी एमनेस्टी स्कीम में जमा करा सकते हैं जिसमें ब्याज, पेनल्टी की भारी छूट चल रही है। सभी उपभोक्ता समय से अपना विद्युत बिल जमा कराते रहें। जिससे कार्रवाई से बचा जा सके।

## हर्ष फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार टीका समारोह के दौरान एक युवक के कंधे में लगी थी गोली, कंचनपुर पुलिस की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** कचनपुर थाना क्षेत्र क सुल्तानपुर गाव में 18 नवबर को लगन टीका समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में एक युवक के कंधे में गोली लगी थी। गोली लगने से घायल हुए युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं, फायरिंग के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना को लेकर कंचनपुर थाना प्रभारी शैतान सिंह ने बताया कि 18 नवंबर को हर्ष फायरिंग में गोली लगने से युवक शिवम (18) पुत्र मोहर सिंह निवासी टीकतपूरा घायल हुआ था। जिसने बताया था कि ने वह अपने माता-पिता के साथ बुआ के लड़के के लगन टीका समारोह में शामिल होने के लिए सुल्तानपुरा गांव पहुंचा था। समारोह के दौरान वह दूल्हे के पास खड़ा हुआ था। इसी दौरान अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। गोली उसके कंधे में लगी। जिसके बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। घटना के बाद से ही पुलिस ने मामले के आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके से साक्ष्य जुटाए गए। जिसके बाद पूछताछ में पुलिस को पता चला कि लगन टीका समारोह के दौरान दूल्हे के भाई के साले मनोज (19) पुत्र सुल्तान निवासी जागीरपुरा थाना कोलारी ने हर्ष फायरिंग की थी। जिसकी गोली युवक के कंधे पर लगी। आरोपी की पहचान कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया हैं। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

# कोतवाली पुलिस ने पकड़े एरिया डोमिनेशन अभियान में पांच आरोपी, एक शांतिभंग में पकड़ा



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की कोतवाली थाना पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक स्थाई वारंटी,चार गिरफ्तारी वारंटीयो के साथ आधा दर्जन बदमाशो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपियों से अब पुलिस थाने पर दर्ज मामलों को लेकर पूछताछ कर रही है। कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुमित महरेड़ा के निर्देश पर विशेष एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर मुखबिर तंत्र के सहयोग से लगातार कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में आज दिन में कोतवाली थाना पुलिस को सूचना मिली की विभिन्न मामलों में फरार चल रहे बांछित आरोपी शहर में अलग-अलग स्थानों पर देखे गए है। ऐसे में कोतवाली थाने के एएसआई सियाराम,हेड कांस्टेबल रामनरेश के नेतृत्व में दो अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। जिनमें कांस्टेबल हेमंत कुमार,बृजेश कुमार,शिवराम, रणवीर और राकेश कुमार शामिल रहे। दोनों टीमों ने अलग-अलग स्थान पर कार्रवाई करते हुए एक स्थाई वारंटी,चार गिरफ्तारी वारंटी और एक शांतिभंग में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों में स्थाई वारंटी श्रीकेश पुत्र बाबूलाल मीणा निवासी सुनीपुर को स्थायी वारंट में गिरफ्तार किया है। जो कोर्ट केस संख्या 290/ 2017 में वांछित है। वहीं गिरफ्तारी वारंटी में दिनेश पुत्र बांकेलाल मीणा निवासी सुनीपुर,बिजेंद्र सिंह पुत्र बाबूलाल कोली निवासी गुमट,मनोज पुत्र बाबूलाल कोली निवासी गुमट, विकास पुत्र उत्तम खटीक निवासी धनु का पूरा को गिरफ्तार किया है साथ में शांतिभंग के मामले में झगड़े की सूचना पर गुमट इमली चौक से अमन पुत्र चांद खान को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ थाने पर दर्ज मामलों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# मीनेश्वर कॉलोनी में बढ़ रही चोरियों और अपराध को लेकर नागरिको ने सौपा ज्ञापन

### पुलिस प्रशासन से मामले में कार्यवाही और गश्त बढ़ाने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की मीनेश्वर कॉलोनी में लगातार बढ़ रही चोरियों के साथ असामाजिक तत्वों के जमावड़े से परेशान कॉलोनी वासियों ने बैठक के बाद कोतवाली एसएचओ को ज्ञापन सौपा है। कॉलोनी वासियों का आरोप है कि कॉलोनी में लगातार चोरी की वारदातें बढ़ रही हैं साथ में असामाजिक तत्वों का कॉलोनी के रास्तों में अक्सर जमावड़ा रहता है। जिससे परेशान होने पर कोतवाली एसएचओ को ज्ञापन सौप मामले में कार्रवाई की मांग की है। मीनेश्वर कॉलोनी निवासी अध्यापक ज्वानसिंह मीणा और रामविलास रावत,अजय कुमार सहित दो दर्जन से अधिक संख्या में मौजूद कॉलोनी के नागरिकों ने आरोप लगाया है कि महाराज बाग रोडवेज बस स्टैंड के पीछे से कॉलोनी को जो रास्ता जाता है। उसमें अक्सर असामाजिक तत्व देखे गए हैं। जो कॉलोनी के रास्ते में खड़े होकर आने-जाने वाले स्कूली बच्चों और लड़कियों को परेशान करते हैं। यही नहीं जब कॉलोनी के लोग उनको जाकर वहां खड़े नहीं होने के लिए समझाईश करते हैं तो झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। कॉलोनी के हालात यह है कि कुछ लोगों ने मुख्य रास्ते पर ही अतिक्रमण कर रखा है और अपने पालतू पशुओं को बांधकर रास्ता अवरुद्ध कर रहे है।

जिसकी शिकायत पर भी झगड़े की आशंका है। बाइकर्स भी कॉलोनी में बार-बार चक्कर लगाते हैं। जिससे कोई भी दुर्घटना हो सकती है। सबसे बड़ी बात कॉलोनी में अब तक तीन से चार चोरियां हो चुकी है। जिनकी पुलिस में रिपोर्ट भी कराई गई है लेकिन किसी भी चोरी का अब तक खुलासा नहीं हुआ है।

वार्ड 13 में आने वाली मीनेश्वर कॉलोनी के लोगों ने उक्त समस्या के लगातार बढ़ने पर एक बैठक कर कोतवाली थाना अधिकारी को ज्ञापन सौपा है और मामले में त्वरित कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान कॉलोनी निवासी अमर सिंह,राजवीर सिंह,कल्याण सिंह,विद्याराम मीना,रघुवीर सिंह,राघवेंद्र मीना,प्रेम सिंह,अजर सिंह,अमर सिंह, रामकिशन मीणा,मुकेश मीणा सहित अन्य मौजूद रहे।

# 40 लोगों ने किए सूर्य घर योजना के लिए आवेदन

### बिजली घर परिसर में लगा शिविर, उपभोक्ताओं ने ली योजना के बारे में जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** पीएम सूर्यघर बिजली योजना का शिविर मंगलवार को बिजली घर परिसर में आयोजित हुआ। शिविर का शुभारंभ जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के साथ भरतपुर जॉन के चीफ इंजीनियर उमेश गुप्ता ने किया। बिजली घर परिसर में लगाए गए शिविर में 40 लोगों ने सौर ऊर्जा लगवाने के लिए आवेदन दिए हैं। शिविर के दौरान उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराके योजना के बारे में जानकारी भी ली।

विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता आरके वर्मा ने शिविर में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ईंधन और पर्यावरण संरक्षण के हित में सौर ऊर्जा का प्रयोग करने के लिए केंद्र सरकार देशवासियों को प्रोत्साहित कर रही है। इस मौके पर बिजली विभाग पीएम सूर्यघर योजना के तहत उपभोक्ताओं को जोड़ने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि कोयले की खपत को कम करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए सोलर पैनल महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि सोलर पैनल को लगवाने के लिए सरकार द्वारा सब्सिडी दी जा रही है। पूरे देश में एक साल में एक करोड़ लोगों को सोलर पैनल लगवाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिस दिशा में अलग-अलग जिलों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर के साथ चीफ इंजीनियर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण को इको फ्रेंडली बनाने के लिए सोलर पैनल महत्वपूर्ण है। जिसके लिए उपभोक्ता सोलर पैनल लगवाकर पर्यावरण संतुलन में अपना योगदान दे सकते हैं। बिजली घर में लगाए गए शिविर के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, भाजपा नेता रामस्वरूप कोली और सुखराम कोली मौजूद रहे।

# शहर के बसेड़ी रोड पर कन्हैया पैलेस के पास खेत किनारे रखी करब में लगी आग

### पांच बीघा खेत की करब जलकर हुई खाक, नशेड़ी युवको पर आग लगाने का शक

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी( राजू शर्मा )।** शहर के बसेड़ी रोड पर कन्हैया पैलेस के ठीक सामने खेत किनारे रखी पांच बीघा बाजरे की करब में अचानक से आग लगने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही किसान और उसके परिवार ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इस पर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। पुलिस कंट्रोल रूम की सूचना पर बाड़ी नगर पालिका की दमकल ने मौके पर पहुंचे लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया है। आग लगने की घटना में करीब 90त्न करब जलकर खाक हुई है। नगर पालिका के दमकल चालक शरीफ खान ने बताया कि कंट्रोल रूम की सूचना पर वे फायरमैन रविंद्,मनोज और सुभाष के साथ मौके पर पहुंचे। जहां खेत किनारे रखी करब में आग लग रही थी। ऐसे में लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया है। पीड़ित नवाब सिंह ने उक्त करब को करीब 60 हजार रुपए में खरीदा था और पशुओं के लिए खेत किनारे एकत्रित किया था।

नवाब सिंह के पुत्र सुनील गुर्जर ने बताया कि उन्होंने 5 बीघा की करब ग्रामीण क्षेत्र से खरीदी थी। जिसे अपने पशुओं के चारे के लिए रखा हुआ था। मंगलवार को दिन में करीब 03 बजे दो नशेड़ी युवक करब किनारे चिलम पी रहे थे। जिनको उसने भगाया था। उन्हें चेतावनी भी दी कि यहां करब रखी है।

यहां नशेबाजी मत करो लेकिन न जाने कैसे युवकों के जाने के बाद करब में आग लग गई। और देखते ही देखते पूरी करब जलकर खाक हुई है। घटना की सूचना पर आसपास के लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए। आग लगने की उक्त घटना की जानकारी तहसील प्रशासन को दी है। हल्का पटवारी मौके पर रवाना हुए हैं।

# संविधान के वास्तुकार की पारदर्शिता और संवैधानिक विशेषताओं पर हुई संगोष्ठी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** संविधान दिवस के अवसर पर जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के सूचना केन्द्र में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उपखण्ड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने अध्यक्षता करते हुए भारतीय संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए चर्चा की। सहायक निदेशक राजकुमार मीना ने बताया कि भारतीय संविधान में विश्व के प्रमुख संविधानों की विशेषताओं का समावेश किया गया है।

संगोष्ठी में सहायक जनसंपर्क अधिकारी रोहित मित्तल ने इस कार्यक्रम के आयोजन, संविधान के वास्तुकारों के योगदान, संविधान के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की, ताकि सभी नागरिकों को संविधान की महत्ता और उसकी भूमिका के बारे में जानकारी मिल सके। अमेरिका के लिखित एवं ब्रिटेन के अलिखित संविधान के साथ ही भारत के 1935



अधिनियम की विशेषताएं इसमें स्पष्ट दिखाई देती हैं। लोकतंत्र के चारों स्तंभों के अधिकार, कर्तव्य एवं क्षेत्राधिकार का स्पष्ट उल्लेख होने से भारत का संविधान विश्व के लिए अनुकरणीय है। डीडीआईसीडीएस भूपेश गर्ग ने बताया कि त्रिस्तरीय शासन व्यवस्था, नीति निर्देशक तत्व, सभी वर्गों की भागीदारी के लिए विशेष प्रावधान भारतीय संविधान की विशेषता है।

सहायक लेखा अधिकारी मांगीलाल आर्य ने कहा कि संविधान में प्रत्येक जाति, धर्म, क्षेत्र के नागरिक को समान अवसर प्रदान किये गये हैं। मुख्य आयोजना अधिकारी भरत राव ने बताया कि भारतीय संविधान कठोर एवं लचीला दोनों प्रकार का है।

# प्रत्येक नागरिक को संविधान की जानकारी होना चाहिए - मेहता

## भाजपा ने संविधान दिवस मनाया



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** भारतीय जनता पार्टी टोंक द्वारा सर्किट हॉउस में जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता की उपस्थिति में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने कहा कि आज ही के दिन 26 नवम्बर 1949 को हमारे देश का संविधान बना था। संविधान बने 75 वर्ष हो चुके है। देश के प्रत्येक नागरिक को संविधान की जानकारी होना चाहिए। मेहता ने संविधान के महत्त्व एवं नागरिक अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इससे पूर्व सभी कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। इस दौरान भाजपा के जिला महामंत्री दीपक संगत, महेन्द्र चौधरी, जिला मंत्री शैलेन्द्र जैन, रमेश गढ़वाल, बाबूलाल गुंसारिया, जिला प्रवक्ता रामअवतार धाभाई, जिला कोषाध्यक्ष सुनील जैन, जयनारायण वर्मा, विष्णु चावला, प्रियवीर सिंह राठौड़, गौरव चारण, नरेन्द्र अजमेरा, बादल साहू, तरुण टिक्कीवाल, रविंद्र कुमावत, अनिल टिक्कीवाल, बद्री यादव, शंकर विजय, विजय सिंह राजावत, पुष्कर सैनी, रोहित कुमावत, भंवर सिंह, मुकेश यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संसार में सुख होता तो तीर्थंकर क्यों छोड़कर जाते- मुनिश्री नीरज सागर




बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी( महेश कुमार )।** शहर के बाजार नंबर 1 स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के शिष्य एवम आचार्य श्री108 समय सागर महाराज के आज्ञानुवृति शिष्य मुनि श्री 108 नीरज सागर महाराज ने धर्म सभा मे प्रवचन देते हुए कहा कि इंसान ने साधनों को धर्म मान लिया है। जबकि धर्म आत्मा का स्वभाव है हम अभी तक साधनो में ही सीमित है धर्म तक पहुंचे ही नहीं। धर्म कभी भी कर्मो का बंध नहीं कराता है। धर्म से कर्मो का बन्ध टूटता है। आदिनाथ जैन श्वेतांबर श्रीसंघ अध्यक्ष राजकुमार पारख ने बताया कि प्रवचन में बोलते हुए मुनि श्री 108 नीरज सागर ने कहा कि संसार में सुख होता तो तीर्थंकर भगवान संसार छोड़कर क्यों जाते संसार में मिले सुख क्षणिक व काल्पनिक है।

### त्याग तपस्या और अरिहंत भक्ति से प्राप्त सौंदर्य क्रीम पाउडर से ज्यादा सुंदर होता है

मुनिश्री 108 नीरज सागर महाराज ने कहा कि त्याग और तपस्या और अरिहंत भगवान की भक्ति से मिला सौंदर्य क्रीम पाउडर से ज्यादा सुंदर होता है उन्होंने उदाहरण देते हुए संत शिरोमणि विद्यासागर का उल्लेख करते हुए कहा कि 50 वर्ष की साधना तपस्या और भक्ति की वजह से उनकी देह की चमक निराली दिखती थी ईर्ष्या पर विजय प्राप्त करना हर किसी के बस की बात नहीं है। स्त्रीया कोई भी बात को पचा नहीं पाती लज्जा और शील का पालन करने वाली स्त्री सती कहलाती है। अपने पति के अलावा पर पुरुष के बारे में सोचें नहीं और पर पुरुष को पिता या भाई के रूप में देखें उसे सती कहते है।

# राजस्थान रोडवेज भगवान भरोसे, बीच रास्ते में बस हुई खराब, तीन घंटे से यात्री परेशान




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान ) ।** ब्यावर से बडौदा जाने वाली बस के ब्यावर के पास खराब हो जाने से यात्रियों को बेहद परेशानी का सामना करना पडा। बस चालक ने बस को गैराज मे लाकर खडी कर दी वहीं बस कंडक्टर यात्रियों को पुनः पैसे देने मे आनाकानी करता देखा गया। रोडवेज ने यात्रियों की सुविधा को मध्यनजर रखते हुय दूसरी बस तक नहीं भेजी। यात्रियों ने बस कंडक्टर को भला-बुरा तक कहा। बस स्टैंड से दिन में दोपहर करीब दो बजे जयपुर डिपो की बस सवारियों को लेकर बड़ौदा रवाना हुई। उदयपुर रोड चुंगी नाका के आसपास बस खराब हो गई थी। उसके बाद पिछले तीन घंटों से बस को गैराज में खड़ा कर दिया। लंबे रूट की सवारियां परेशान हो रही है। जब यात्रियों ने कंडक्टर से टिकट के पैसे वापस मांगे तो आनाकानी करने लगे। ना ही अभी तक किसी दूसरी बस की व्यवस्था हो पाई है। यात्रियों में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग की परेशानी आखिर कौन सुनेगा। जो बस खराब हुई है वो निगम की नई बस बताई जा रही है फिर भी बीच रास्ते में खराब होने से निगम पर सवाल खड़े होते हैं कि आखिर इन सरकारी बसों का रखरखाव ढंग से क्यों नहीं हो पाता है और महिला यात्रियों का कहना है बस के कर्मचारियों का व्यवहार सही नहीं है।

# डोडा पोस्त परिवहन करती कार को किया जब्त, मौके से वाहन चालक हुआ फरार

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( नि.स. ) ।** ब्यावर सदर पुलिस थाना ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 46.400 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त कर परिवहन मे प्रयुक्त वाहन आई 20 कार को जब्त किया। सदर थानाधिकारी गंगाराम खावा ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही के दौरान जिला स्पेशल टीम की सूचना पर पुलिस थाना ब्यावर सदर व जिला स्पेशल टीम की संयुक्त कार्यवाही के तहत एक आई 20 कार संख्या आर जे 14 एनसी 8920 को पीछाकर तस्करों द्वारा वाहन को भगाने का प्रयास किया गया जिसे पुलिस ने अपनी टीम के द्वारा कार का पीछा कर बाणोता का बाडिया (भरकाला) जाने वाले रास्ते पर कार को बीच रास्ते मे छोडकर घनी झाडियो का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

# जिला कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियो की बैठक ली

## योजनाओं मे कम प्रगति पर दिये नोटिस और कई अधिकारियों को लगाई फटकार

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान ) ।** जिला कलेक्टर महेंद्र खड़गावत ने कहा कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित दिए गए लक्ष्यों को तय समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें जिससे कि विभागीय कार्यों में गति आ सके। जिला कलेक्टर मंगलवार को ब्यावर के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की बैठक में अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे।

### योजनाओं में कम प्रगति पर अधिकारियों को सौंपे नोटिस

जिला कलेक्टर द्वारा विभागीय योजनाओं की समीक्षा करने पर बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों की सराहना की साथ ही कम प्रगति व तय लक्ष्यों को पूरा नहीं करने पर नोटिस दिये जाने के आदेश दिये। जिला कलेक्टर के निर्देश पर अमृतकौर हॉस्पिटल के पीएमओ डा. एसएस चौहान को गर्भवती महिलाओं की जांच में तय लक्ष्यों के अनुरूप कम प्रगति मिलने पर उनके स्थान पर उपस्थित डा. को फटकार लगाई वहीं रायपुर ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी राजबंधु बिड़ला को एएनएम वर्क प्लान समय पर नहीं दिये जाने पर नोटिस देने की कार्रवाई की गई। इस अवसर पर बैठक मे जिला कलेक्टर काफी नाराज नजर आये।

### नशा मुक्ति केंद्र शुरू करने के दिए निर्देश

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त उपखंड स्तर पर नशा मुक्ति केंद्र शुरू करने की कार्रवाई करें। इसके लिए आवश्यक संसाधन व अनुमति उपलब्ध कराई जाएगी एवं नशा मुक्ति केंद्र का पहला संस्थान की शुरुआत ब्यावर शहर से हो जिससे कि युवाओं को नशे की लत से छुड़ाया जा सके।




### मोबाइल वैन से शिविर लगाकर करे श्रमिकों का उपचार

जिला कलेक्टर महेन्द्र खडगावत ने चिकित्सा अधिकारियों को मोबाइल वैन के माध्यम से शिविर लगाकर सीमेंट कंपनियो व खनन कार्य करने वाले श्रमिकों की जांच कर सिलिकोसिस रोगियों का उपचार करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कहा कि जिस भी सीएचसी व पीएचसी में स्टाफ की कमी है वहां प्रस्ताव बनाकर अनुमोदन कराकर अस्थाई तौर पर स्टाफ लगाए जिससे कि बेहतर चिकित्सा सुविधा संपूर्ण जिले में आमजन को मिल सके। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी संजय गहलोत ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिला कलेक्टर को जिले की अब तक की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में उपखंड अधिकारी गौरव बुडानिया, जिला परिषद एसीईओ गोपाल मीणा, नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया, एडिशनल सीएमएचओ लोकेश कुमावत, डिप्टी सीएमएचओ हरीश, आरसीएचओ अमित वैष्णव सहित चिकित्सा विभाग से जुड़े विभिन्न जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण मौजूद थे।

# संविधान दिवस पर जिला कलेक्टर के नेतृत्व मे समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व कार्मिकों ने संविधान की उद्देशिका का किया पठन

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान ) ।** समस्त भारतवर्ष में 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर ब्यावर में भी संपूर्ण जिलेभर में संविधान दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ राज्य सरकार व जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं,संगोष्ठी , प्रदर्शनी संविधान पठन सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । जिला कलेक्टर महेंद्र खड़गावत के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों व कार्मिकों ने संविधान के उद्देशिका का पठन किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने संबोधित करते हुए कहा कि संविधान दिवस भारतीय संविधान को अपनाने की याद दिलाता है, जिसने भारत की लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और संप्रभु पहचान की नींव रखी। संविधान दिवस लोकतांत्रिक आदर्शों को मजबूत करता है, सक्रिय नागरिक भागीदारी और जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करता है। यह सभी नागरिकों के लिए एक प्रगतिशीलए समावेशी और समतापूर्ण समाज के निर्माण के लिए भारत की प्रतिबद्धता की याद दिलाता है।

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, प्रदर्शनी, संगोष्ठियों सहित विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन:** सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय में संविधान दिवस के उपलक्ष पर प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसके अतिरिक्त ब्यावर शहर सहित जिलेभर के समस्त विद्यालयों में संविधान दिवस के उपलक्ष पर अवसर प्रदर्शनीए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, संगोष्ठियों एवं संविधान पठन के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में छात्र.छात्राओं ने अपनी रुचि दिखाते हुए बड़ी संख्या में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले लिया। प्रदर्शनी, संगोष्ठी सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों को भारतीय संविधान व संविधान दिवस की महत्वता व अन्य जानकारी प्राप्त हुई।

कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, उपखंड अधिकारी गौरव बुडानिया मौजूद रहे। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी ने समस्त स्कूलों में व राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य ने महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में रुचि रखते हुए बेहतर कार्यक्रम संपादित कराए।

# उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर न्याय की गुहार लगाई



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी( महेश कुमार )।** उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर न्याय की गुहार लगाई । ज्ञापन में प्रशासन पर भी गम्भीर आरोप लगाए गए ज्ञापन में न्यामतखेड़ी निवासी रतनलाल ने बताया कि मैं रामगंज मंडी तहसील क्षेत्र के ग्राम न्यामतखेडी का अनुसूचित जाति का गरीब किसान हूं। तथा मेरी खातेदारी की कृषी भूमि पर कुछ प्रभावशाली लोगो ने जबरन कब्ज़ा कर अवेध निर्माण कर रखा है। पुलिस प्रशासन को दर्जनों बार लिखित शिकायत के बाद भी कोई कार्य सदभावना पूर्ण कार्यवाही पुलिस व प्रशासन द्वारा नहीं की गयी है तथा उल्टे मुझे व मेरे परिवार को पाबंद किया जा रहा है। मेरे परिवार का उक्त लोगो ने सामाजिक बहिष्कार भी कर रखा है गाँव में हुक्का पानी व दुकान पर सामान देने भी बंद कर दिया है फिर भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। मेरे परिवार की महिला सदस्यों के साथ अशलीलता की जा रही है जिनकी शिकायत पर भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी उल्टा हमे डराया धमकाया जा रहा है। प्रशासन संख्या बल का साथ देते हुए कानून की अवेलान कर रहा है तथा सविधान दिवस पर सविधान की भावना अनुरूप हम अपना अधिकार प्राप्त करने के लिए मेरे परिवार सहित उपखंड कार्यालय के सम्मुख धरने पर बैठ रहे है जब तक की उचित क़ानूनी कार्यवाही नहीं की जाति धरना जारी रहेगा।

# 1 महीने के बच्चे के सिर से मां का साया उठा,मानवता और इंसानियत की जिंदा मिसाल बना युवादल



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी( महेश कुमार )।** क्या आपने कभी सुना है कि किसी महिला की ट्रेन में मृत्यु हो जाए और उसके 1 माह के बच्चे के लिए कोई फरिश्ता बनकर मदद के लिए आगे आए? हां, यह एक सच्ची घटना है, जो राजस्थान के कोटा जिले के रामगंजमंडी से जुड़ी है।

यहां रेल यात्री 38 वर्षीय नाजमा की मौत हो गई और युवा दल के सचिव ने फरिश्ते की तरह महिला के परिजनों की मदद की। नाजमा उत्तर प्रदेश के डिगोली गांव, तहसील महाराजगंज, जिला जौनपुर की रहने वाली थीं। उनका विवाह 15 वर्ष पहले इकबाल नाम के व्यक्ति से हुआ था, जो पिछले 10 वर्षों से गुजरात के वापी शहर में एक कंपनी में काम कर रहा था।

नाजमा और इकबाल के तीन बच्चे थे, जिनमें से एक बच्चा एक माह पहले ऑपरेशन के जरिए पैदा हुआ था। नाजमा की तबीयत पिछले कुछ समय से खराब चल रही थी।रविवार रात को नाजमा का भाई दानिश अपनी बहन और उसके नवजात बच्चे को लेकर गाजीपुर बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन से डिगोली गांव ले जाने के लिए रवाना हुआ। सोमवार सुबह 10 बजे ट्रेन के शामगढ़ के पास पहुंचते ही नाजमा की तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई।

रामगंजमंडी स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने नाजमा को सरकारी अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर गोविंद यादव ने उसे मृत घोषित कर दिया। नाजमा की मौत के बाद दानिश बहुत परेशान था।

उसके पास 4000 रुपए थे, लेकिन उसे अपनी बहन का शव 900 किलोमीटर दूर डिगोली गांव लेकर जाना था, और फोन पे में केवल 108 रुपए थे। तब अस्पताल के स्टाफ और मरीजों ने दानिश को समाजसेवी राजकुमार पारख का नंबर दिया। दानिश ने राजकुमार पारख को फोन किया और अपनी समस्या बताई।

राजकुमार पारख ने तुरंत अस्पताल जाकर सारी जानकारी ली और युवा दल के सदस्यों से चर्चा की। इसके बाद, उन्होंने झालावाड़ से एक एंबुलेंस मंगवाई और नाजमा के शव को उसके घर तक भेजने का प्रबंध किया। युवा दल ने 18,000 रुपए की राशि एंबुलेंस चालक को दी और नाजमा के शव को भेजने में मदद की।

इस कार्य से युवा दल और राजकुमार पारख ने साबित कर दिया कि मानवता और इंसानियत सबसे बड़ी चीज है। राजकुमार पारख और रामगंजमंडी युवा दल ने इस पूरी घटना से साबित किया कि मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची उपासना है।

उनका यह कदम सचमुच मानवता और इंसानियत का उदाहरण बन गया।

# 75वें संविधान दिवस पर सूचना केंद्र में जिला प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी ( अनंत दाधीच )।** संविधान दिवस एवं संविधान अंगीकरण के स्वर्णिम 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शहर के देवपुरा स्थित जिला सूचना केंद्र परिसर में जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस दौरान सूचना जनसंपर्क अधिकारी संतोष कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओम गोस्वामी , सहायक जनसंपर्क अधिकारी हेमंत मीणा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी अर्जुन सिंह हाडा, सेवानिवृत्ति आरएएस रामनिवास मीणा, सेवानिवृत प्राचार्य शंभू दयाल मेहरा, समाजसेवी पुरुषोत्तम पारीक, भी मौजूद रहे। इस दौरान सहायक सूचना जनसंपर्क अधिकारी ने सभापति को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जीवन आधारित संबंधी पुस्तक भी भेंट की। इस दौरान सभापति सहित अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

**प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को किया पुरूस्कृत:** कार्यक्रम में डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन और संविधान की विशेषताओं से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया । साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान बडी संख्या में विद्यालयी छात्र-छात्राओं ने भी संविधान दिवस पर लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

स्कूली बच्चों ने प्रश्नोत्तरी के दौरान पूछे गए प्रश्नों के उत्साह के साथ जवाब दिए और पुरस्कार जीते। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेंद्र व्यास ने संविधान की उत्पत्ति से लेकर वर्तमान समय तक संविधान के महत्त्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने भारत के संविधान की विभिन्न देश के संविधानों से तुलना भी किया। भारत के संविधान को विशिष्ठ स्थान प्रदान किया। जो समय एवं परिस्थिति के अनुसार अपना एक अलग महत्व रखता है।

उन्होंने संविधान के विभिन्न उपबंधों के संदर्भ में न्यायिक दृष्टिकोण के अवलोकन पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में इंटेक संयोजक राजकुमार दाधीच, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रामराज मीणा, संस्कृत स्कूल के प्रधानाध्यापक अजय सिंह सोलंकी, पत्रकारगण आदि मौजूद रहे।

# सूरतगढ़ पीजी कॉलेज में तीन दिवसीय विज्ञान कला प्रदर्शनी तरंग का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**सूरतगढ़ ( नि.स. )।** पी.जी.कॉलेज, सूरतगढ़ एंव सूरतगढ़ बी.एड. कॉलेज सूरतगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 3 दिवसीय विज्ञान कला प्रदर्शनी तरंग के दूसरे दिन का शुभारम्भ अशोक नागपाल (पूर्व विधायक सूरतगढ़) अनिल धानुका ( लोकपाल सूरतगढ ) सूरतगढ़ थर्मल डिप्टी चीफ इंजीनियर एम.आर.चाचाण, समाजसेवी अमित कड़वासरा, दीपक शर्मा (परामर्शदाता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ), योगेश, भूषण भटेजा सूरतगढ़ पब्लिक स्कूल निदेशक, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सूरतगढ़ पी.जी. कॉलेज करण थोरी व मोनिका कुमावत इत्यादि सभी अतिथियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित किया तथा प्रदर्शनी में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियो को नवाचार युक्त मॉडल बनाने हेतु बधाई दी। इस अवसर पर सूरतगढ़ पी.जी. कॉलेज, प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री प्रवीण जी अरोड़ा, सूरतगढ़ बी.एड. कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री राजकुमार जी गर्ग, सूरतगढ़ पी.जी. महाविधालय के सचिव श्री वरूण जी गर्ग, सूरतगढ़ बी.एड.कॉलेज सचिव जयकिशन अरोड़ा, प्राचार्य सूरतगढ़ पी.जी. कॉलेज, सूरतगढ़ डॉ. नारायण चन्द छींपा, सूरतगढ़ बी.एड. कॉलेज प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा, एकीकृत पाठ्यक्रम विभागाध्यक्षा डॉ. ममता गर्ग एंव महाविधालय के समस्त व्याख्यातागण उपस्थित रहे। आज स्थानीय व आस-पास के क्षेत्र के विधालयों के (लगभग 6500) विधार्थियो प्रदर्शनी का अवलोकन किया उपस्थित अतिथियों ने विधार्थियो द्वारा बनाये गये मॉडलो, चार्ट इत्यादि की उत्साह पूर्ण प्रंशसा की तथा विभिन्न विज्ञान मॉडलो सहित चार्ट की खूब सराहना की। सूरतगढ़ पी.जी.कॉलेज व सूरतगढ़ बी.एड. कॉलेज के 850 विधार्थियो ने प्रंबध समिति व स्टॉफ के सहयोग से इस कार्यक्रम का व्यवस्थित आयोजन किया। प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रवीण अरोड़ा मुख्य अतिथियों को सम्मान प्रतीक चिन्ह् देकर सम्मानित किया गया तथा उनका आभार प्रकट किया।

मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी टेकचन्द, भौतिक विज्ञान के व्याख्याता अमित रमन ने किया।

# अहिंसा, शाकाहार और सदाचार विश्व शांति का मूल मंत्र

## राष्ट्र संत आचार्य सुनील सागर जी से विशेष भेंटवार्ता



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** आज के आपाधापी और प्रतिस्पर्धा के समय में आनंदित और सुखी रहने का एक ही तरीका है तृष्णा को कम करें, जब तक निहित स्वार्थ की इच्छाएं और आशाएं बढ़ती रहेगी तब तक अशांति व संकलेश बना रहेगा। अहिंसा, शाकाहार और सदाचार जीवन में शांति लाने का अच्छा तरीका है, इसे अपनाया जाए तो यह विश्व शांति का मूल मंत्र बन सकता है। यह उद्गार प्राकृत ज्ञान केसरी, प्राकृत मार्तण्ड, राष्ट्र संत आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ने विशेष भेंट वार्ता के दौरान व्यक्त किये। आचार्य श्री चित्तौड़गढ़ में नव निर्मित श्री आदिनाथ जिनालय के भव्यतम श्रीमद् आदिनाथ जिनबिम्ब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ आयोजन के पश्चात यहां से ससंघ मंगल विहार कर निम्बाहेड़ा होकर प्रतापगढ़ की ओर विहार करेंगे।

आचार्य सुनील सागर जी ने कहा कि जितनी ज्यादा काम इच्छाएं बढ़ती है, उतनी ही ज्यादा भाग दौड़ बढ़ती है, उतना ही ज्यादा लोभ बढ़ता है, और उससे अशांति के अलावा कुछ नहीं मिलता। मन को वश में करने से शांति को प्राप्त किया जा सकता है। आचार्य सुनील सागर जी ने कहा कि जीवन में स्वार्थ और पैसे से ज्यादा कीमती है ज्ञान और आत्मा का कल्याण। साधन मिल जायेंगे, पद प्रतिष्ठा मिल जायेगी तो सुखी हो जाओंगे। लेकिन जब वैराग्य की ठोकर लगती है तो पता चलता है कि सुख तो हमारे अपने भीतर ही है। हम पहचान ही नही पा रहे है कि सुख का स्त्रोत कहा है। हिंसा और आतंक करने वाले तो बहुत दुखी रहते है। इसलिए धर्म अपने भीतर ही है।

### वर्तमान समय की महति आवश्यकता संयुक्त परिवार ,संस्कृति और संस्कार

आधुनिकता और अर्थ की दौड़ में युवा पीढ़ी के भ्रमित होने के सवाल पर आचार्य श्री ने कहा कि सभ्यता व संस्कार धर्म , समाज और व्यवहारिक जीवन में डिजिटल लाइफ और मोबाइल को ही सब कुछ समझा जा रहा है। लेकिन संस्कारों से जुड़े रहना जरूरी है, संस्कृति और संस्कारों के अनुरूप चलने से ही जीवन की सफलता है। संयुक्त परिवार वर्तमान समय की महति आवश्यकता है।

क्योंकि उसमें माता-पिता और पूरा परिवार होता है, एक दूसरे का साथ, सुख दुख का बटवारा होता है, सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा कि सम्मान और विनम्रता जीवन को ऊंचाइयों तक ले जाती है। मुनि ने कहा कि अच्छी सोच एवं अच्छी सोच का सम्मान करने वालों की आज भी कोई कमी नही है। आप समाज में रूचि लेते है, धर्म ध्यान करते है तो कही ना कही आपको अधिकार भी मिलते है। सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़े, आम जनता में जाइये, सामाजिक संस्थाओं से जुड़ों लेकिन संस्कारों की पूंजी अगर आपके पास नही है तो आप एक समय के बाद धूल मे मिल जाओंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्र संत आचार्य सुनील सागर जी के सानिध्य में वर्ष 2025 में पांच पंच कल्याणक होंगे, आगामी जनवरी माह में गुजरात के दाहोद में पंचकल्याणक के लिए आचार्य श्री का सत्संग प्रतापगढ़ से गुजरात की ओर विहार होगा।

# जन चेतना मंच ने मनाया संविधान दिवस

## चुनाव सुधार की मांग को लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**चितौड़गढ़ ( नि.स. )।** देशभर में मनाये जा रहे संविधान दिवस की कड़ी में जन चेतना मंच, राजस्थान की चितौड़गढ़ शाखा ने भी स्वस्थ लोकतन्त्र, स्वस्थ हिन्दुस्तान की कल्पना को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम संसद के चल रहे शीतकालीन सत्र में एक देश एक चुनाव के लिए कानून बनाने के साथ ही शत प्रतिशत मतदान के लिए अनिवार्य मतदान कानून भी बनाये जाने की मांग की। चुनाव सुधारों के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग को लेकर ज्ञापन जिला प्रशासन को मंच संरक्षक डॉ. आई.एम. सेठिया, प्रान्तीय अध्यक्ष हेमन्त शर्मा, पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष ऋषभ सुराणा, जिलाध्यक्ष श्रीकान्त शर्मा, नगर अध्यक्ष राधेश्याम लढ़ा, प्रान्तीय महिला महामत्री कल्याणी दीक्षित के सानिध्य में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामचन्द्र खटीक को ज्ञापन दिया। मंच ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम दिये ज्ञापन में भी एक राज्य एक चुनाव कानून के साथ ही राज्य में भी अनिवार्य मतदान कानून लागू करने, नगर निकाय चुनाव में अध्यक्ष का निर्वाचन सीधी पद्धति से कराने तथा चुनाव सुधारों को लेकर विशेष चर्चा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाये जाने की मांग की। मंच के जिला महामंत्री बालकिशन सोमानी एवं उपाध्यक्ष जयप्रकाश भटनागर के अनुसार मंच के आजीवन सदस्य रणजीत सिंह नाहर, राधेश्याम आमेरिया, विमला सेठिया, वन्दना वजीरानी, रतनलाल बोहरा, जोगिन्दर सिंह होडा, जयप्रकाश सिंघल, सत्यनारायण चेचाणी, मोहन वजीरानी, डी.एल. कुमावत, दयाशंकर त्रिपाठी, मुकेश सुथार, कैलाश कौशल, मुकेश लढ़ा, लोकेश सालवी, संत लाल यादव फैजल मोहम्मद, घनश्याम शर्मा पूर्व पार्षद आदि के सानिध्य में जिला प्रशासन को प्रदत्त ज्ञापन में मंच ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर के सपनों के भारत का निर्माण करने के लिए एवं विकसित भारत की कल्पना को मूर्त रूप देने के लिए स्वस्थ लोकतन्त्र ही सशक्त हिन्दुस्तान का एक सशक्त माध्यम है। नगर अध्यक्ष राधेश्याम लढ़ा ने ज्ञापन का वाचन किया एवं कार्यालय मंत्री रतन लाल बोहरा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**26/11 के शहीदों को श्रंद्धाजली :** संविधान दिवस के अवसर पर जन चेतना मंच ने 26.11.2008 को होटल ताज मुम्बई में हुए आतंकवादी हमले के दौरान दिवंगत शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित करते हुए 2 मिनिट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया। मंच का विश्वास है कि संविधान पर विश्वास रखने वाले भारत में आंतकवादी घटनाएं स्वीकार योग्य नहीं है एवं भारत सरकार को आतंकवादियों के खात्में के लिए कठोर कदम उठाना चाहिए।

## संविधान दिवस पर जिला स्तरीय प्रदर्शनी, संगोष्ठी एवं प्रश्नोतरी

# भावी पीढ़ी को संविधान के बारे में जागरूक करना जरूरी : गौरव

बढ़ता राजस्थान



**गंगापुर सिटी ( निसं ) ।** संविधान दिवस पर मंगलवार को पंचायत समिति के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय स्तरीय प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी एवं विशिष्ठ अतिथि मंजू गुर्जर ने फीता काटकर विधिवत शुभारम्भ किया। इस मौके पर जिला कलक्टर ने कहा कि आज के परिवेश में प्रत्येक युवा व विद्यार्थियों को संविधान के महत्व एवं इसमें दिए गए अधिकारों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है और यह जागरूकता उसे शिक्षा के दौरान ही मिलनी चाहिए! जिस व्यक्ति को संविधान के बारे में जानकारी नहीं है ऐसे लोगों को कई बार दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसलिए आवश्यक है कि हर व्यक्ति संविधान की महत्वता को समझे।

विशिष्ठ अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीना बताया कि हमारे संविधान में मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, नीति निर्देशक सिद्धांतों का वर्णन है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया के सबसे वृहद एवं युवा संविधान है और भारतीय होने के नाते हमारे लिए यह एक गर्व का विषय है।

पंचायत समिति प्रधान मंजू गुर्जर ने संविधान की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी दीपक चक्रवर्ती ने बताया कि सम्पूर्ण प्रदर्शनी में संविधान निर्माण सभा के गठन से संविधान लागू होने तक के छायाचित्रों को श्रृंखलावार प्रदर्शित किया गया है। संविधान दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों एवं कॉलेजों में संविधान दिवस से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी एवं अन्य रोचक प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी के प्रवक्ता सहायक आचार्य धर्मराज मीना एवं सहायक आचार्य डॉ. रोहित मीना सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी देवीलाल मीना, समाज कल्याण अधिकारी लक्ष्मण सिंह, विकास अधिकारी डॉ. जगदीश गुर्जर, सह आचार्य उर्मिला मीना, सहायक आचार्य पूजा मीना, सहायक आचार्य बिजेन्द्र मीना, सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, कार्मिक, एनसीसी के केडेट्स, एनएसएस के स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय एवं स्कूल्स के छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे ।

# शहर में मेगा ट्रेड फेयर (मेला) का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** शहर के मिशन ग्राउंड ब्यावर मेगा ट्रेड फेयर का शुभारंभ उपखंड अधिकारी महोदय गौरव बुडानिया द्वारा किया गया। ट्रेड फेयर में शहरवासी खरीददारी व खाने-पीने का जमकर लुत्फ उठा सकेंगे। मेले में लगी स्टॉलें लोगों को मस्ती, मनोरंजन और खरीदारी का जबरदस्त अनुभव प्रदान कर रहीं हैं। ट्रेड फेयर में हर प्रकार की स्टॉलें लगी हैं जिसमें लेडीज आइटम (चूड़ियां, बैंगल्स, आर्टिफिशियल ज्वैलरी व कॉस्मेटिक आइटम), पानीपत का हैंडलूम, कश्मीरी शॉल, सर्दी के कपड़े, ऊनी वस्त्र, स्वेटर-जैकेटस, कंबल-रजाइयां, सहारनपुर का फर्नीचर, कुरजां की क्रॉकरी, गिफ्ट आइटम, टेडी बीयर, की रिंग, फूड आइटम्स, प्लास्टिक आइटम्स, रेडिमेड शर्ट-पैंट्स, वाटर प्यूरीफायर, आचार, कंसलटेंसी, चश्मे, पर्स, बैल्ट, गलीचे, बैडशीट आदि अनेक स्टॉल्स शामिल हैं। लोगों का गनशूटिंग और बनारसी पान की स्टॉल पर रुझान देखने को मिल रहा है।

मेला प्रबंधक अरुण सिंह व पुनीत सिंह पंवार ने बताया कि शहर में काफी समय बाद इस तरह के शानदार मेले का आयोजन होने के कारण शहरवासियों को भरपूर खरीददारी व मनोरंजन का अवसर मिल सकेगा। मेले में सुरक्षा के लिहाज से भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं । चारों ओर से बंद होने के कारण असमाजिक तत्व मेले में प्रवेश नहीं कर सकते। बच्चों के साथ-साथ बुजुर्ग भी मेले का आनंद ले सकेंगे क्योंकि इस मेले में सबके लिए कुछ न कुछ है।

# ब्यावर बस स्टेंड के पास तिलपट्टी की दुकान पर लगी आग लाखों का हुआ नुकसान, शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णुदत्त धीमान)।** ब्यावर बस स्टेंड के पास एक तिलपट्टी की दुकान सहित पास की दुकान में आग लग गई। दुकानें में आग अल सुबह अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। दुकान के बंद रहने के कारण आग धीरे धीरे विकराल रूप धारण कर लिया। कुछ देर में अग्निशमन के आने के बाद आग पर काबू पाया गया। दुकान मालिक भगवान भाई ने बताया कि सुबह साढ़े तीन बजे आग लगने का फोन आया। दुकानदार तुरंत घर से भाग कर आए। तत्काल अपनी दुकान का एक हिस्सा खोला तब तक आग ने अपना विकराल रूप ले लिया। अग्निशमन को इतला देकर उसे बुलाया। जब तक अग्निशमन आई तब तक लाखों रुपयों की रखो तिलपट्टी, गजक व चक्कियां आदि जल चुकी थी, फर्नीचर भी लगभग जल चुका था। आग दो गाड़ी के फेरो के बाद ही काबू पाया गया है। इस मामले में सिटी थाने के जवान भी मौके पर पहुंच गए थे। तमाशबीनों की भीड़ लगी थी जिन्हें पुलिस ने हटाया। अभी आग पर काबू पा लिया गया हैं। शीघ्र ही जले सामान का जायजा लिया जायेगा।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में हुआ साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन

### - डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को जनसुनवाई के प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जिला कलक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये।

साथ ही जिला कलक्टर ने अधिकारियों को कुर्रेजात, सीमाज्ञान, नामांतरण, पत्थरगढ़ी एवं भू-रूपांतरण सहित समस्त प्रकार के लंबित राजस्व वादों में भी कमी लाने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभांवित करने एवं खोले गए रास्तों पर जल्द से जल्द ग्रेवल सड़कों के निमार्ण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने बैठक में जिले में संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी उपखण्ड अधिकारियों को युवा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए समस्त तैयारियां दुरुस्त रखने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे सभी स्तर पर आयोजित होने वाले इस युवा महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाशाली युवा अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं इसके लिए अधिकारी कार्ययोजना का बेहतर रूप से क्रियान्वयन करें। डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने, नियमित जनसुनवाई करने, राजकीय कार्यालयों, विद्यालयों, छात्रावासों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं अधिक से अधिक रात्रि चौपाल कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिये।

# हिन्दुस्तान जिंक द्वारा जिले में संचालित शिक्षा संबल कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**चितौड़गढ़ ( नि.स. )।** हिंदुस्तान जिंक द्वारा सीएसआर के तहत् संचालित शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत् जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं 17 प्रोजेक्ट स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन कर वर्तमान में किये जा रहे प्रयासों और भविष्य के सहयोग पर मंथन किया गया। मीटिंग में मुख्य जिला अधिकारी कार्यालय से अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक लीला चतुर्वेदी,कार्यक्रम समन्वयक नफीज अहमद एवं 14 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सम्मिलित हुए। शिक्षा संबल कार्यक्रम से वर्तमान में जिले के 16 गांवों के 17 राजकीय विद्यालयों में विज्ञान, अंग्रेजी एवं गणित विषयों में सहयोग करते हुए कक्षा 6 से 12 के 1477 विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे है। उपस्थित अतिथियों को कार्यक्रम के तहत संचालित प्रयासों एवं उपलब्धियों से परिचित एवं बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए आगामी योजनाओं से भी अवगत करवाया। बैठक में हिंदुस्तान जिंक की सीएसआर टीम से सुन्दर राज नायडू, रुचिका चावला, मयंक दर्जी एवं तन्वी सचदेवा उपस्थित थे। कार्यक्रम की साझीदार संस्था विद्या भवन से अरुण कुमार, आशीष चैरड़िया, भवानी भट्ट एवं कार्यक्रम की फील्ड समन्वयक ज्योति जोशी ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने हिंदुस्तान जिंक एवं विद्या भवन के प्रयासों की सराहना की और साथ ही अपने-अपने विद्यालयों की वस्तुस्थिति एवं आवश्यकताओं से अवगत करवाया। लीला चतुर्वेदी ने उन विद्यालयों पर फोकस करने का सुझाव दिया जहाँ विषयाध्यापक नियुक्त नहीं है। माध्यमिक स्कूल कंथारिया से कनकमल जैन ने विद्यार्थियों के ड्रॉप-आउट होने के मुद्दे पर ध्यान दिलाते हुए करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित करने का सुझाव दिया। हिंदुस्तान जिंक द्वारा शिक्षा संभल कार्यक्रम शिक्षा पर केंद्रित सीएसआर पहल है, जो 2008 से संचालित है जो कि विद्या भवन सोसाइटी के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण छात्रों के बीच वैचारिक ज्ञान को मजबूत करना है, जिससे उनके सीखने के स्तर में सुधार हो सके।

# पूर्व उपसभापति स्व.जयसिंह राजपुरोहित की पुण्यतिथी पर दीप प्रज्वलित कर दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** मंगलवार दिनांक 26 नवम्बर को ब्यावर नगर परिषद के पूर्व उपसभापति जयसिंह राजपुरोहित की चतुर्थ पुण्यतिथी रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित जयसिंह राजपुरोहित सर्किल पर 101 दीप प्रज्वलित कर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नम आंखो से भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उनके पिता गोविंद सिंह राजपुरोहित, भाई मूलसिंह राजपुरोहित, पुत्र रविंद्र सिंह राजपुरोहित ने सर्किल पर पहुंचे सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रसून शुक्ला, ज्ञानदेव झांवर, अनिल गुप्ता, मंगतसिंह मोनू, देवेंद्र शर्मा, प्रमोद शर्मा, हनुमान चौधरी, देवकीनंद शर्मा, वीरेंद्र सिंह राठौड़, रविन्द्र जाय, विनोद खटवा, राजू टाईगर, नरेंद्र चौहान, दिलीप जाजू, मनीष व्यास, अनिल जांगिड़, मनोज शर्मा, ओम महावर, सतीश गर्ग, आशीष मंगल, विनोद डागर, राहुल सिंह, करणपाल सिंह, मनीष राजपुरोहित, अचल सिंह, राजेश सिंह, नोरत खटीक, भावेश गंगवानी, गुड्डु शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# 68 लाख रुपये कीमत की स्मैक और गांजा सहित एक तस्कर गिरफ्तार

### टोंक जिले से लाकर जयपुर में करता था सप्लाई, 136 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक और 789 ग्राम गांजा जब्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ थाना जवाहर सर्किल थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक और गांजे की तस्करी करने वाले एक तस्कर हनुमान उर्फ रोहित को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 136 ग्राम, गांजा 789 ग्राम एवं बिक्री राशि 2 हजार 500 रुपये बरामद किये गए है। पुलिस के अनुसार तस्कर से जब्त की गई अवैध मादक पदार्थ स्मैक की अनुमानित कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 68 लाख रुपये है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने जवाहर सर्किल थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक और गांजे की तस्करी करने वाले तस्कर हनुमान उर्फ रोहित (22) निवासी मेहन्दवास जिला टोंक हाल जवाहर सर्किल जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 136 ग्राम, गांजा 789 ग्राम एवं बिक्री राशि 2 हजार 500 रुपये जब्त किए गए है। गिरफ्तार आरोपित हनुमान उर्फ रोहित अवैध मादक पदार्थ तस्करी का काम करता है। आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि अवैध मादक पदार्थ गांजा व स्मैक नासिरदा जिला टोंक से खरीदकर लाता है और आसपास इलाकों में सप्लाई करता है। पुलिस ने आरोपित से अवैध मादक पदार्थ स्मैक के प्राप्ति स्त्रोत एवं सप्लायर के संबंध में पूछताछ करने में जुटी है।

# कबाड़ से जुगाड़ का अनोखा शौख



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** इंसान में अगर कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो वह कुछ भी कर सकता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है राजसमंद के आर के जिला चिकित्सालय में तैनात एक महिला नर्सिंग स्टाफ ने। अपने नर्सिंग कार्य को बखूबी निभा रही भारती शर्मा ने कबाड़ से जुगाड़ बनाने का अनोखा प्रयास किया है। इन्होंने अस्पताल के स्टोर रूम में लगाई गई अपनी टेबल को कुछ इस तरह से सजाया है कि वह अस्पताल काम और आकर्षक शोरूम ज्यादा नजर आती है। इस टेबल को सजाने के लिए उन्होंने अस्पताल में काम आने वाली दवाइयां के डब्बे, चाय के गिलास और अन्य वेस्टेज मटेरियल का सहारा लेकर टेबल के आसपास लाइटिंग की और अपने काउंटर को बहुत ही आकर्षक बना लिया है। भारती शर्मा का मानना है कि अगर वेस्टेज मटेरियल का सदुपयोग किया जाए तो उसे सजावटी सामान बनाने के साथ-साथ वेस्टेज मटेरियल के निस्तारण की समस्या से भी निजात पाया जा सकता है। स्वच्छ भारत मिशन में सहयोग कर रही भारतीय शर्मा ने पहले अपने घर को इसी तरह के सामान से सजाया और अब अस्पताल में अपने टेबल को भी सजा दिया है जो आमजन को भी प्रेरित करता है। भारती से प्रेरणा लेकर अन्य नर्सिंग स्टाफ भी अब वेस्टेज सामान का दोबारा उपयोग करने पर विचार कर रही है।

# पुष्पा 2 का गाना किसिक सुनकर भड़के फैंस

## हिंदी लिरिक्स सुनकर यूजर्स बोले- ऐसा गाना सुनकर लोग चप्पल मारेंगे, उम्मीद पर पानी फेर दिया

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2: द रूल का गाना किसिक हाल ही में रिलीज किया गया है। जहां पहली फिल्म पुष्पा: द राइज के गाने ऊ अंटावा ने देशभर में सुर्खियां बटौरी थीं, वहीं किसिक गाने के रिलीज होते ही फैंस भड़क गए हैं। गाने की लिरिक्स और आवाज से निराश होकर फैंस इसकी जमकर आलोचना कर रहे हैं।

अल्लू अर्जुन ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से पुष्पा 2: द रूल के गाने किसिक के रिलीज होने की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की थी। किसिक गाने के हिंदी लिरिक्स सुनने के बाद फैंस में काफी निराशा है, क्योंकि हर किसी की उम्मीद थी कि ये गाना ऊं अंटावा को टक्कर देगा।

एक यूजर ने गाने पर लिखा, ये सबसे घटिया गाना है, पूरी उम्मीद पर पानी फेर दिया। वहीं दूसरा यूजर लिखता है, ऊ अंटावा इससे लाख गुना अच्छा था। एक यूजर ने लिखा, निराशाजनक। एक यूजर ने तो ये तक लिख दिया कि थप्पड़ नहीं लोग चप्पल मारेंगे। एक यूजर ने फिल्म पर सवाल उठाते हुए लिखा है, एक गाने से पूरी मूवी खराब न हो जाए। कोई और गाना नहीं मिला था क्या जो इसे डाल दिया। एक यूजर ने लिखा, हे भगवान क्या हो गया है इन्हें, ये स्टुपिड गाना क्यों बनाया, इस बकवास के अलावा कोई नॉर्मल गाना नहीं मिला। वहीं दूसरे ने लिखा, आशा है फिल्म भी इस गाने जैसी न हो। 5 दिसंबर को तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़, बंगाली और मलयाली भाषा में रिलीज होगी। ये पहली पैन इंडिया फिल्म है, जिसे बंगाली भाषा में भी रिलीज होगी। शुरुआत में फिल्म को 15 अगस्त 2024 को रिलीज किया जाना था, हालांकि शूटिंग पूरी न हो पाने पर इसे पोस्टपोन कर दिसंबर के लिए शेड्यूल किया गया है। फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहाद फाजिल, प्रकाश राज अहम किरदारों में हैं। फिल्म को 500 करोड़ के मेगा बजट में बनाया गया है।




### यूट्यूब और गूगल पर लगातार ट्रेंड कर रहा है सॉन्ग किसिक

**ट्रोलिंग के बावजूद पुष्पा 2 के लिरिकल हिंदी गाने किरिक को टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल पर 1 करोड़ 11 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। ये गाना चौथे नंबर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं गूगल पर भी लगातार इस गाने को सर्च किया जा रहा है, जिससे ये गाना ट्रेंड पर आ चुका है।**

# मलाइका अरोड़ा ने बताया अपना रिलेशनशिप स्टेटस : सोशल मीडिया पर शेयर किया क्रिप्टिक पोस्ट

## कुछ समय पहले हुआ था अर्जुन कपूर के साथ ब्रेकअप

पिछले कुछ समय से अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा अपने ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। जहां एक तरफ अर्जुन कपूर अपने टूटे रिश्ते और मानसिक स्वास्थ्य (मेंटल हेल्थ) को लेकर बात कर रहे हैं, तो दूसरी ओर मलाइका ने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर करते हुए अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में बताया।

मलाइका ने की सोशल मीडिया पोस्ट मलाइका अरोड़ा ने सोशल मीडिया पर एक फनी पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपना रिलेशनशिप स्टेटस बताया। इस पोस्ट में तीन ऑप्शंस लिखे थे: रिलेशनशिप, सिंगल, हेहेहे। वहीं, मलाइका ने इस पोस्ट पर हेहेहे पर टिक किया। इसके बास से ही यूजर्स का कहना है कि इस पोस्ट के जरिए एक्ट्रेस ने अपना रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में बताया है।

इससे पहले भी मलाइका ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने हैप्पी नेस का असली मतलब बताया था। एक्ट्रेस ने लिखा था हैप्पी नेस का सीक्रेट यही है कि आप चाहें कितना भी अजीब बन जाओ, गलत लोग पार्टी छोड़ देंगे और सही लोग डांस में शामिल होंगे।

अर्जुन कपूर ने किया था ब्रेकअप अनाउंस अर्जुन कपूर ने कुछ समय पहले ही मलाइका अरोड़ा के साथ अपना ब्रेकअप ऑफिशियली अनाउंस किया था। मलाइका के साथ रिश्ता खत्म होने के बाद से अर्जुन सिंगल है।



हाल ही में एक्टर ने एक इंटरव्यू में ब्रेकअप, डिप्रेशन, फेलियर्स और ऑटोइम्यून डिसऑर्डर पर बात की। द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बातचीत के दौरान अर्जुन ने कहा था, 'मुझे ऐसा लगता है कि मुझे मेरा ध्यान रखने की जरूरत थी। सेल्फिश होने को गलत तरीके से देखा जाता है, लेकिन मैं सोचता हूं कि सेल्फिश होना गलत नहीं है। ऐसा नहीं है कि मैं सिर्फ अकेला था या कुछ, उस वक्त बस मेरी जिंदगी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा था। रिलेशनशिप और जिंदगी दोनों में उथल-पुथल मची हुई थी।' मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन कपूर को किया था अनफॉलो बता दें, दोनों के ब्रेकअप की खबरें तब सुर्खियों में आईं जब मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन और उनके रिलेटिव्स को इंस्टाग्राम से अनफॉलो कर दिया। दोनों 2016 से रिलेशनशिप में थे।

# आशिका भाटिया के पिता राकेश का निधन

## भावुक होकर लिखा- मुझे माफ कर दीजिए पापा, कभी कोर्ट तक गया था पारिवारिक मुद्दा

**सलमान खान की फिल्म प्रेम रतन धन पायो में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस आशिका भाटिया के पिता राकेश का निधन हो चुका है। 25 नवंबर को हुई पिता की मौत के बाद एक्ट्रेस ने उनकी तस्वीर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। पिता के लिए की गई पोस्ट में आशिका ने भावुक अंदाज में उनसे माफी मांगी है। आशिका ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में पिता की तस्वीर शेयर कर लिखा, मुझे माफ कर दीजिए, आपकी आत्मा को शांति मिले। फिलहाल राजेश भाटिया की मौत का सही कारण सामने नहीं आ सका है।**

### कोर्ट तक पहुंचा था पेरेंट्स का झगड़ा

आशिका के पिता राजेश गुजरात के सूरत शहर के एक लोकल बिजनेसमैन थे। जबकि उनकी मां मीनू भाटिया सैलून चलाती थीं। आशिका कम उम्र की ही थीं, जब उनके मां-बाप का तलाक हो गया था। पेरेंट्स के अलग होने के बाद आशिका और उनके छोटे भाई देव भाटिया की कस्टडी मां को मिली थी, लेकिन वो अक्सर अपने पिता से मिलती रहती थीं। तलाक के बाद आशिका की मां मीनू ने बच्चों के लिए गुजारा भत्ता की मांग करते हुए केस दर्ज किया था। एक सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा था कि राकेश उनका शोषण करते थे, जिसके चलते उन्होंने तलाक लिया है।

वहीं राकेश के आरोप थे कि मीनू लग्जरी जिंदगी के लिए भत्ते की मांग कर रही हैं, जबकि वो खुद सैलून चलाती हैं और उन्हें आर्थिक दिक्कतें नहीं हैं। कोर्ट ने ये कहते हुए राकेश के पक्ष में फैसला सुनाया कि आशिका खुद एक्टिंग से कमाई करती हैं, जबकि मीनू का अपना सैलून है।

बताते चलें कि आशिका भाटिया ने महज 10 साल की उम्र में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट टीवी शो मीरा से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वो कुछ रंग प्यार के ऐसे भी शो का हिस्सा रही हैं। साल 2015 में वो फिल्म प्रेम रतन धन पायो में नजर आई थीं। इस फिल्म में उन्होंने सलमान खान की बहन का रोल प्ले किया था। आशिका रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 2 में भी बतौर वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट हिस्सा ले चुकी हैं।





# सोनाक्षी सिन्हा ने सुनाया दबंग की कास्टिंग का किस्सा

## अमृता की शादी में अरबाज ने किया था नोटिस, फिल्म ऑफर की तो लगा वो मजाक कर रहे हैं

**सोनाक्षी सिन्हा ने सलमान खान की फिल्म दबंग से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। हाल ही में एक्ट्रेस ने बताया कि दबंग के लिए उनकी कास्टिंग कैसे हुई थी। ये फिल्म साल 2010 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, और उस साल की सुपरहिट फिल्मों में शामिल हुई थी। दबंग फिल्म के सभी सीक्वेंस में सोनाक्षी सिन्हा अहम भूमिका में नजर आई हैं।**

### दबंग के लिए कैसे हुई सोनाक्षी की कास्टिंग

सोनाक्षी ने करीना कपूर के पॉडकास्ट व्हाट वीमेन वांट सीजन 5 पर बात करते हुए कहा- 'दबंग बस हो गई। सलमान खान और अरबाज खान ने मुझे अमृता अरोड़ा की शादी में नोटिस किया। उस टाइम तक मैंने अपना सारा वजन कम कर लिया था। अरबाज ने मुझसे कहा कि वो कुछ लिख रहे हैं और उन्होंने बोला कि मैं उस रोल के लिए एकदम सही रहूंगी। तब मुझे लगा थी कि वो वैसे ही मजाक कर रहे हैं। लेकिन फिर एक दिन वो स्क्रिप्ट सुनाने के लिए मेरे घर आ गए। मेरा पूरा परिवार बैठकर स्क्रिप्ट सुनता रहा। स्क्रिप्ट सुनाने के बाद अरबाज ने और मेरी फैमिली ने सिर हिलाया, हाथ मिलाया और वो उठकर चले गए।

एक्ट्रेस ने कहा- उसके बाद मैंने देखा कि मैं दबंग के सेट पर थी। ऐसा लगा जैसे कोई अरेंज मैरिज कर रहा हो। लेकिन एक बार जब मैं सेट पर पहुंची, तो मुझे फील हुआ कि मैं यह करना चाहती हूं, और तब से मैं यही कर रही हूं।'

### जहीर से पहले हफ्ते में कर दिया प्यार का इजहार- सोनाक्षी

इस दौरान सोनाक्षी ने करीना से अपने और जहीर इकबाल के रिश्ते को लेकर भी बात की। एक्ट्रेस ने अपनी लव स्टोरी शेयर करते हुए कहा- 'मैंने जहीर को एक हफ्ते में ही आई लव यू बोल दिया था। मैं बहुत एक्साइटेड थी। हम दोनों में थोड़ी पहचान हुई, मुझे कुछ क्लिक हुआ, होता है ना जब आप जानते हो कि ये आपका ही इंसान है। मेरे साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ था, और इससे पहले मेरे साथ ऐसा कभी नहीं हुआ था। मैं हमेशा अपना पूरा टाइम लेती थी, लेकिन जहीर के साथ रिलेशनशिप में आने के लिए मैंने कुछ नहीं सोचा।'



### सात साल डेट करने के बाद की शादी

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी को 5 महीने पूरे हो चुके हैं। 7 सालों तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने इसी साल 23 जून को शादी की थी। दोनों ने स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी की थी।

### हीरामंड़ी के दूसरे सीजन में भी दिखेंगी सोनाक्षी

सोनाक्षी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह अपनी आगामी फिल्म निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस में नजर आएंगी। इस फिल्म में सोनाक्षी के साथ अर्जुन रामपाल, परेश रावल, और सुहैल नय्यर भी हैं। साथ ही सोनाक्षी संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंड़ी के दूसरे सीजन में भी दिखेंगी।

# कांतारा : चैप्टर-1 के क्रू मेंबर्स से भरी बस का एक्सीडेंट : शूटिंग रोकी जाने की खबर पर मेकर्स बोले- ये अफवाह, छोटी सी दुर्घटना हुई थी, कोई घायल नहीं



ऋषभ शेट्टी की फिल्म कांतारा:चैप्टर-1 की शूटिंग सेट से बड़ी खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स हैं कि शूटिंग लोकेशन के पास एक बस का एक्सीडेंट हो गया, जो क्रू मेंबर्स से भरी थी। हादसे में 20 क्रू मेंबर्स तरह घायल हो गए। खबर ये भी है कि हादसे के बाद शूटिंग रोकनी पड़ी थी, हालांकि अब मेकर्स ने एक ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर इसे मामूली हादसा बताया है।

हादसे के समय पहुंचे एक पुलिस ऑफिसर ने पीटीआई से बातचीत में बताया है कि जडकल के मदूर में शूटिंग खत्म कर क्रू मेंबर्स से भरी बस कोल्लूर लौट रही थी। जिस समय हादसा हुआ उस समय मिनी बस में 20 जूनियर आर्टिस्ट मौजूद थे। घायलों को जडकल और कुंदारपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं न्यूज 18 की रिपोर्ट के अनुसार, 6 क्रू मेंबर्स को हादसे में गंभीर चोट आई है, जिन्हें जडकल महालक्ष्मी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है।

### मेकर्स ने दी सफाई कहा- मामूली हादसा हुआ है

जहां एक तरफ खबरें हैं कि कांतारा: चैप्टर- 1 की शूटिंग रोकी गई है। वहीं दूसरी तरफ फिल्म से जुड़े लोगों ने एक ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर इसे मामूली हादसा कहा है। स्टेटमेंट में लिखा गया है, जो खबर सुर्खियों में है वो गलत है। कांतारा: चैप्टर 1 टीम ने आज सुबह 6 बजे शूटिंग शुरू की है और सब कुछ सामान्य रूप से चल रहा है। एक माइनर एक्सीडेंट शूटिंग लोकेशन से 20 किलोमीटर की दूरी पर हुआ था, जिसमें एक लोकल बस में कांतारा टीम के कुछ मेंबर्स मौजूद थे, लेकिन हादसे में किसी को भी चोट नहीं आई है।

बताते चलें कि फिल्म कांतारा: चैप्टर 1 साल 2022 में रिलीज हुई जबरदस्त हिट कांतारा का प्रीक्वल होने वाली है। इस फिल्म की शूटिंग बीते साल नवंबर में शुरू की गई थी। कुछ समय पहले ही फिल्म के एक्टर और डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी ने बताया है कि फिल्म कांतारा: चैप्टर 1 को अगले साल 2 अक्टूबर को रिलीज किया जाएगा। फिल्म का फर्स्ट लुक भी जारी हो चुका है।

# कपिल के शो में गोविंदा ने सुनाया मजेदार किस्सा

## गोली लगने पर शिल्पा ने उठाया था पत्नी पर सवाल, कहा था- सुनीता नहीं थी तो गोली किसने मारी

गोविंदा ने हाल ही में शिल्पा शेट्टी से जुड़ा एक मजेदार किस्सा शेयर किया है। उन्होंने बताया कि जब उन्हें गोली लगी थी तब शिल्पा उनसे मिलने हॉस्पिटल गई थीं। तब एक्ट्रेस ने गोविंदा से मजाकिया अंदाज में गोली लगने को लेकर सवाल किए। एक्ट्रेस ने कहा जब सुनीता घर पर नहीं थीं तो गोली किसने चलाई?

शिल्पा ने पूछा मजेदार सवाल- गोविंदा नेटफ्लिक्स के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा के आगामी एपिसोड का प्रोमो रिलीज हो गया है। इस एपिसोड में गोविंदा, शक्ति कपूर और चंकी पांडे नजर आने वाले हैं। इसमें गोविंदा ने शिल्पा शेट्टी से जुड़ा एक मजेदार किस्सा शेयर किया, उन्होंने कहा- कपिल, जब शिल्पा मुझसे मिलने हॉस्पिटल आईं तो उन्होंने पूछा, 'ची-ची तुम्हें चोट कैसे लग गई? सुनीता कहां थी?' तो मैंने जवाब देते हुए कहा- सुनीता उस टाइम मंदिर गई हुई थी। जवाब सुनकर शिल्पा ने मजाकिया अंदाज में बोला जब सुनीता नहीं थीं तो गोली किसने मारी? ये किस्सा सुनकर शो के सेट पर मौजूद सभी लोग हंसने लगे। बता दें, द ग्रेट इंडियन कपिल शो के इस एपिसोड का प्रीमियर 30 नवंबर शनिवार को होगा। कैसे लगी थी गोविंदा को गोली दरअसल, 1 अक्टूबर की सुबह गोविंदा अपने घर में अकेले थे, तभी रिवॉल्वर रखते हुए मिसफायरिंग हो गई और गोली उनके पैर पर लग गई थी। इसके बाद उन्हें मुंबई के क्रिटी केयर हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था, जहां सर्जरी के बाद एक्टर के पैर से गोली निकाली गई थी। जिस समय ये हादसा हुआ था, तब उनकी पत्नी सुनीता आहूजा जयपुर में थीं।

गोविंदा-शिल्पा ने कई फिल्मों में साथ काम किया गोविंदा और शिल्पा शेट्टी ने कई हिंदी फिल्मों में साथ में काम किया है। दोनों की पहली फिल्म आग साल 1994 में आई थी, उसके बाद 1995 में उनकी दो फिल्में हथकड़ी और गैम्बलर रिलीज हुई थी। फिर 1996 में फिल्म छोटे सरकार आई। और इस जोड़ी की आखिरी फिल्म परदेसी बाबू थी।



21 सितंबर से शुरु हुआ दूसरा सीजन द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो का दूसरा सीजन नेटफ्लिक्स पर 21 सितंबर से शुरु हुआ था। शो में कपिल के साथ अर्चना पूरन सिंह, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, सुनील ग्रोवर और राजीव ठाकुर हैं।

# पहली फिल्म से कार्तिक को निकलवाना चाहती थीं उनकी मां : बोलीं- एक्टिंग की बात सुन हैरान थी, मैंने शर्त रखी कि पहले पढ़ाई पूरी करो

कार्तिक आर्यन ने 2011 में फिल्म प्यार का पंचनामा से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इससे पहले उन्होंने फिल्मी दुनिया में ब्रेक पाने के लिए बहुत स्ट्रगल किया था। हालांकि ये बात कार्तिक की फैमिली को पता नहीं थी। पहली फिल्म का ऑफर मिलने के बाद कार्तिक ने कॉल करके मां को यह गुड न्यूज दी थी।

एक तरफ जहां वो खुशी से रो रहे थे, तो दूसरी तरफ उनकी मां फिल्मों में आने के बारे में सुनकर घबरा गईं। यहां तक कि उन्होंने फिल्म के डायरेक्टर लव रंजन से कार्तिक को फिल्म से निकाल दिए जाने के लिए भी रिक्वेस्ट किया था। ताकि वो अपनी पढ़ाई पर फोकस कर सकें। गैलाटा इंडिया के साथ बातचीत में कार्तिक की मां माला तिवारी ने कहा, 'उसने (कार्तिक) अपने सिलेक्शन के बाद मुझे फोन किया। वो खुशी से रो रहा था। उसने कहा- मम्मी, मैंने आपसे झूठ बोला था। मैं फिल्मों में आने के लिए मुंबई आया था। इस पर मैंने कहा- मैंने तुम्हें अपनी डिग्री पूरी करने और लाइफ में सेटल होने के लिए भेजा था, तुम फिल्मों में क्यों आओगे? मैं भी रोने लगी थी। फिर उसने कहा- तुम क्यों रो रही हो। इस पर मैंने कहा कि मैं इसलिए रो रही हूं कि उस डायरेक्टर ने तुममें क्या देखा?' कार्तिक को फिल्म से बाहर कर देने के लिए कहा था माला तिवारी ने कहा, 'इस खबर के दो दिन बाद मैं डायरेक्टर लव रंजन से मिलने चली गई। मैंने उनसे सिर्फ एक सवाल पूछा था- बेटा, दुनिया के सभी लोगों में से आपने मेरे बेटे को क्यों चुना? इस बात को अपने बीच रखते हैं और प्लीज मेरे बेटे को फिल्म से हटा दीजिए। लेकिन उन्होंने मेरी इस शर्त को मानने से इनकार कर दिया। कार्तिक की मां ने उन्हें सिर्फ इस शर्त पर फिल्मों में काम करने की परमीशन दी थी कि वो इंजीनियरिंग की डिग्री पूरी करेंगे और अपना वादा निभाएंगे।



दैनिक
बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060



आसानी से मिलने वाली हर वो चीज हमेशा तक नहीं रहती, जो हमेशा तक रहती है वो आसानी से नहीं मिलती।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# संविधान की मूल भावना के तहत प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए कार्य कर रही राज्य सरकार


## संविधान हमें अधिकार देने के साथ ही देता है कर्तव्यों की भी सीख : मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार संविधान में निहित लोक कल्याण की मूल भावना को सर्वोपरि मानते हुए प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने विभिन्न योजनाओं और नीतियों के माध्यम से संविधान की मूल भावना को साकार किया है। जनकल्याणकारी योजनाओं, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में उठाए गए कदमों से राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि हर नागरिक को समान अवसर प्राप्त हों जिससे समावेशी समाज का निर्माण हो सके। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित 'संविधान दिवस कार्यक्रम' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का दिन संविधान की महिमा का उत्सव और उन महान व्यक्तित्वों को याद करने का दिन है, जिन्होंने इस अद्भुत दस्तावेज का निर्माण किया। शर्मा ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे प्रभावी संविधान है। यह हमारे लोकतंत्र का आधार होने के साथ ही सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय का मार्गदर्शक भी है। इसमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि संविधान हमें अधिकार देने के साथ ही कर्तव्यों की भी सीख देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश सैंकड़ों सालों की गुलामी सहने के बावजूद मजबूती से खड़ा रहा क्योंकि हमारे पूर्वजों ने अपने कर्तव्यों का निष्ठा के साथ पालन किया। हम सब भी अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा से पालन करें।

### संविधान दिवस के संदेश को प्रदेशवासियों तक पहुंचा रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संविधान दिवस के संदेश को प्रदेशवासियों तक पहुंचाने के लिए अनेक पहल की जा रही हैं। हम संविधान में निहित मौलिक कर्तव्यों की पालना के बेहतर प्रयासों को सम्मानित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस पर अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए अभियान चलाने जैसे प्रयास राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। साथ ही, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में विद्यालयों एवं सरकारी कार्यालयों में संविधान की प्रस्तावना के पठन सहित विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं।




### प्रधानमंत्री ने की संविधान दिवस मनाने की अभिनव पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 नवंबर, 1949 को हमारा संविधान अपनाया गया था और 26 जनवरी, 1950 को ये लागू हुआ, लेकिन संविधान दिवस मनाने की शुरुआत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। यह संविधान के मूल्यों, आदर्शों और हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास था। प्रधानमंत्री जी ने इस दिन को चुनकर हमें यह स्मरण कराया कि संविधान हमारे देश की आत्मा है और इसकी सुरक्षा और सम्मान हमारा प्रथम कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माण में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान के अन्य महान शिल्पियों का अतुलनीय योगदान है जिनकी कड़ी मेहनत और दूरदृष्टि की वजह से ही हमें ऐसा महान संविधान प्राप्त हुआ है।

# वैष्णो देवी रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ प्रदर्शन रुका

## गवर्नर से चर्चा के बाद काम पर लौटे प्रदर्शनकारी; 15 दिसंबर तक विरोध नहीं होगा

बढ़ता राजस्थान

**रियासी (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कटरा में वैष्णो देवी रोपवे प्रोजेक्ट का विरोध सरकार से बातचीत और गवर्नर के आश्वासन के बाद थम गया है। लोकल गवर्नमेंट ने विरोध कर रहे खच्चर और पालकीवालों से मंगलवार को बातचीत की। उन्हें राज्यपाल मनोज सिन्हा की तरफ से आश्वासन दिया। रियासी के डिप्टी कमिश्नर विनेश महाजन ने विरोध कर रहे लोगों से कहा कि उनकी चिंताओं का समाधान निकाला जाएगा। इसके बाद खच्चर और पालकीवालों ने 15 दिसंबर तक अपना प्रोटेस्ट रोक दिया। बातचीत के दौरान माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इससे पहले 22 नवंबर से चल रहे दुकानदारों, खच्चर और पालकीवालों की हड़ताल और विरोध ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की तो भीड़ ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। हिंसक प्रदर्शन में कुछ लोग घायल भी हुए थे।

### रोपवे से खच्चर और पालकीवालों की कमाई पर असर

वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड श्रद्धालुओं के मंदिर जाने के लिए कटरा में ताराकोट मार्ग और सांझी छत के बीच 12 किलोमीटर के मार्ग पर 250 करोड़ रुपए की लागत से रोपवे का निर्माण करवा रहा है। अभी तक वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालुओं को खच्चर और पालकीवाले ही मंदिर दर्शन कराने ले जाते हैं। ये उनके कमाई का जरिया है। इसलिए वे रोपवे प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे हैं। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने निर्माणाधीन जम्मू तवी रिवरफ्रंट परियोजना के स्थल का दौरा किया था। उन्होंने कहा था- 90% काम पूरा हो चुका है। उम्मीद है कि यह जनवरी तक पूरा हो जाएगा। कटरा में चल रहे विरोध प्रदर्शन पर उन्होंने कहा था कि माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा घोषित रोपवे परियोजना का उद्देश्य तीर्थयात्रियों के लिए तेज और सुरक्षित यात्रा प्रदान करना है।

# फेमस होने के लिए लॉरेंस गैंग से जुड़ रहे युवक

## पहले छोटे-छोटे काम देकर टेस्ट करती है गैंग; बोले- पत्थर के नीचे पड़े मिलते थे हथियार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। जयपुर में हत्या के लिए हथियार डिलीवर करने आए लॉरेंस और रोहित गोदारा की गैंग से जुड़े चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चारों बदमाशों से पूछताछ में पुलिस को गैंग से जुड़ी अहम जानकारी मिली है। पूछताछ में बदमाशों ने बताया- वे फेमस होने के लिए गैंग से जुड़े थे। गैंग से जुड़ने पर पहले लोगों छोटे-छोटे टेस्ट लेकर टेस्ट किया जाता है। फोन के जरिए ही सभी ऑर्डर मिलते हैं। हथियार पिकअप और डिलीवर करते थे, लेकिन सिस्टम ऐसा है कि कभी किसी का चेहरा नहीं देखा।

डीसीपी नॉर्थ राशि डोगरा डूडी ने बताया- गिरफ्तार चारों बदमाश डिलीवरी का काम किया करते थे। इन लोगों के पास लॉरेंस गैंग की तरफ से फोन आता था। एमपी से हथियार लाते और जयपुर में डिलीवरी देते थे। ये लोग नहीं जानते थे की किस से हथियार लाए हैं, किसे हथियार देने हैं।

पूछताछ में सामने आया कि इनके पास फोन आता है। फोन करने वाला बताता था कि हथियार एक जगह पर पत्थर के नीचे रखे हुए हैं। बदमाश बताई जगह पर जाते। वहां से हथियार उठा लेते। फिर इन्हें बताया जाता कि जयपुर में किस जगह पर हथियार छोड़ने हैं। ये लो उसी जगह हथियार छोड़ देते थे। चारों बदमाश किसी भी व्यक्ति के साथ डायरेक्ट सम्पर्क में नहीं थे।

# राजस्थान में दिन में सर्दी के तेवर नरम

## बाड़मेर में दिन का तापमान 32 डिग्री पार; अगले एक-दो दिन में फिर से बढ़ सकती है सर्दी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में पिछले दो-तीन दिन चल रहा तापमान बढ़ने का दौर सोमवार को भी जारी रहा। अलवर, जोधपुर, बाड़मेर, बीकानेर में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। बाड़मेर में कल दिन का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। जयपुर समेत कई शहरों में दिन सूरज की तपिश तेज होने से सर्दी कम हो गई। मौसम विशेषज्ञों ने राज्य में दो-तीन दिन बाद उत्तरी राजस्थान में फिर से तापमान गिरने और सर्दी बढ़ने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर में 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर, जोधपुर, चित्तौड़गढ़, बीकानेर, जालोर में अधिकतम तापमान 30 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। इन शहरों में तापमान बढ़ने से यहां दिन में सर्दी बहुत कम हो गई। अजमेर, भीलवाड़ा, जयपुर, पिलानी, चूरू, गंगानगर, धौलपुर में भी अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ।

# महाराष्ट्र में अडानी का बहुत बड़ा हाथ था, खड़गे बोले- हमें नहीं चाहिए ईवीएम, बैलेट पेपर पर होने चाहिए चुनाव

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को चुनावों में मतपत्रों की वापसी को चिह्नित करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा जैसे अभियान का आह्वान किया। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में पार्टी के संविधान दिवस कार्यक्रम में उन्होंने कहा, हमें ईवीएम नहीं चाहिए, हमें मतपत्र चाहिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 288 में से 230 सीटों पर जीत हासिल की, जिसके बाद कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने चुनाव के संचालन में गड़बड़ी का आरोप लगाया। कांग्रेस के महाराष्ट्र पर्यवेक्षक और कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने राज्य में ईवीएम हैकिंग का भी आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर वार करते हुए खड़गे ने कहा कि आप (सत्ता में) आए और लूट रहे हैं और इसे अडानी, अंबानी और उनके जैसे अन्य लोगों को दे रहे हैं। इन लोगों ने कभी देश के लिए नहीं सोचा। मोदी और ये एक-दूसरे के लिए सोचते हैं।% मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि महाराष्ट्र के चुनाव में अडानी की बड़ी भूमिका थी। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने उन्हें बहुत सारी संपत्तियां दीं और वह इसे संभाल नहीं पा रहे हैं।

वह इसे बीजेपी की तरफ से चुनाव में बांट रहे हैं। उनके पास कोई संवैधानिक मूल्य नहीं है। उनमें संस्थागत अखंडता का अभाव है। उनका संघीय चरित्र नहीं है। खड़गे ने कहा कि संविधान में स्वतंत्रता, समानता, न्याय, मानवीय गरिमा को शामिल किया गया है और ये सभी लोकतंत्र के मूल्य हैं। आज जो लोग संविधान को कमजोर कर रहे हैं, इनके पुरखे अंग्रेजों के मुखबिर थे। आजादी की लड़ाई में इनका कोई योगदान नहीं है। इनके पूर्वज अंग्रेजों की नौकरी कर रहे थे और उनकी मदद करते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग आजादी के लिए लड़े और आजादी हासिल की। आज सब जानते हैं कि जिस व्यक्ति ने आजादी के लिए लड़ाई लड़ी, उसे गोली मारने वाले कौन थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग अगर सच में देश में एकता चाहते हैं, तो उन्हें नफरत छोड़नी होगा। मोदी जी हमेशा नफरत फैलाने की बात करते हैं और आरोप हम पर लगाते हैं। जबकि सच ये है कि कांग्रेस ने देश को एक रखने और समान अधिकार देने के लिए संविधान बनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में न तो बोलने की आजादी है और न ही धार्मिक स्वतंत्रता है। ये केवल काटो-बांटों की बात करते हैं। इनके राज में महिलाओं के साथ रेप होता है, आदिवासियों पर पेशाब किया जाता है और दलितों को शादी में घोड़े से उतारकर मारपीट करते हैं। ये खुद को संविधान का रक्षक कहते हैं, जबकि ये भक्षक हैं।

# किसान नेता भूख हड़ताल शुरू करने से पहले हिरासत में

## शंभू बॉर्डर का एक हिस्सा खोला जाएगा, बिना ट्रैक्टर-ट्रॉली के दिल्ली जा सकेंगे किसान

पटियाला/लुधियाना/जींद।

हरियाणा-पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर मरणव्रत (भूख हड़ताल) शुरू करने से पहले संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पंजाब पुलिस उन्हें लुधियाना स्थित डीएमसी अस्पताल ले गई है। कोई व्यक्ति उन तक न पहुंचे, इसके लिए अस्पताल के आसपास के एरिया को सील कर दिया गया है। अस्पताल में डल्लेवाल कुछ नहीं खा रहे हैं। उनको हिरासत में लिए जाने के बाद अब किसान नेता और पूर्व फौजी सुखजीत सिंह हरदो झंडे खनौरी बॉर्डर पर मरणव्रत पर बैठेंगे। उन्होंने कहा कि अगर वे इस अनशन के दौरान मर जाते हैं तो उनका शव यहीं रहेगा और दूसरा किसान मरणव्रत पर बैठ जाएगा। एक अन्य नेता ने बताया कि डल्लेवाल ठीक हैं। जैसा उन्होंने (डल्लेवाल) कहा था कि वह 26 से मरणव्रत पर बैठेंगे, उन्होंने लुधियाना में कुछ खाया नहीं है।

# भगवान के दर्शन को लेकर उदयपुर के पूर्व-राजघराने में हिंसा

## विश्वराज बोले- झगड़ा नहीं चाहता, इसलिए नहीं जाता हूं

बढ़ता राजस्थान



उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर के पूर्व राजघराने के विवाद के बाद हालात तनावपूर्ण रहे। हालांकि कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई। पुलिस ने बेरिकेड्स लगाने के साथ ही भीड़ को रोकने के लिए उसमें लोहे की ऊंची-ऊंची जाली लगाई है। प्रशासन ने विवादित जगह को कुर्क कर रिसीवर की नियुक्ति कर दी, लेकिन अभी तक अपने कब्जे में नहीं लिया।

इधर, सोमवार को हुई हिंसा के बाद मंगलवार को विश्वराज सिंह मेवाड़ ने कहा मैं लड़ाई-झगड़ा नहीं चाहता। इसलिए सिटी पैलेस में नहीं जाता हूं। उन्होंने कहा कि एकलिंगनाथ जी मंदिर धूणी से पुराना नाता है, इसलिए कल वे उनके दर्शन करने जाएंगे। इससे पहले सोमवार देर रात उदयपुर के सिटी पैलेस, परिवार के अन्य सदस्यों और विश्वराज समर्थकों के बीच जमकर पत्थरबाजी हुई।

# दिल्ली में 2 दिन बाद एक्यूआई फिर 400 पार

## हाइब्रिड मोड में चलेंगी क्लासेस; केदारनाथ घाटी पर नीली धुंध छाई, नैनीताल की हवा भी खराब

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु प्रदूषण 2 दिन बाद फिर गंभीर कैटेगरी के करीब पहुंच गया है। मंगलवार सुबह दिल्ली के 18 इलाकों में एक्यूआई 400 के पार रिकॉर्ड किया गया। आनंद विहार में हवा सबसे ज्यादा जहरीली है। यहां एक्यूआई 436 रिकॉर्ड किया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 18 नवंबर से 12वीं तक के स्कूलों की ऑनलाइन क्लासेस कर दी गई थीं। अब एक हफ्ते बाद स्कूल खोलने का फैसला किया गया है। 12वीं तक के सभी स्कूल अब हाइब्रिड मोड में चल सकेंगे। दिल्ली में प्रदूषण का असर उत्तराखंड तक पहुंच चुका है। नैनीताल में एक्यूआई 200 के करीब पहुंच गया है। यह खराब श्रेणी में माना जाता है। केदारनाथ घाटी पर भी नीली धुंध दिखने लगी है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह दिल्ली की प्रदूषित हवा का असर है। दिल्ली का दम घोंटू वायु प्रदूषण अब हिमालय की साफ-सुथरी हवा भी खराब करने लगा है। उत्तराखंड के नैनीताल और मसूरी जैसे पर्यटक स्थलों की हवा में पिछले एक हफ्ते के दौरान पीएम 2.5 का स्तर 130 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर तक पहुंच चुका है। नैनीताल स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह के अनुसार, दोपहर के समय गर्म हवा के साथ दिल्ली और आसपास के इलाकों का प्रदूषण पहाड़ों की ओर बढ़ता है। जो पहाड़ों पर दोपहर में नीले रंग की धुंध के रूप में नजर आ रहा है। डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि हवा में मौजूद नमी इन कणों के साथ मिलकर धुंध की एक परत बना रही है। जिसे इन दिनों शिवालिक श्रेणियों में आसानी से देखा जा सकता है। इस प्रदूषण के कारण नैनीताल, अल्मोड़ा, देहरादून और मसूरी में इन दिनों धुंध नजर आ रही है। बारिश ही समाधान विशेषज्ञ वैज्ञानिकों के मुताबिक इस समस्या का तात्कालिक समाधान बारिश है। बारिश होने पर हवा में मौजूद प्रदूषक कण जमीन पर गिर जाते हैं, जिससे हवा की गुणवत्ता सुधरती है। हालांकि, लंबे समय में मैदानी इलाकों में प्रदूषण पर नियंत्रण के बिना इस समस्या का समाधान मुश्किल है। फिल्हाल आने वाले कुछ दिनों तक बारिश होने की भी उम्मीद नहीं है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com